वर्ष 72 अंक 141 पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 18 फरवरी, 2025
फाल्गुन कृष्ण पक्ष 06, विक्रम संवत् 2081
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"जब तक जीना, तब तक सीखना, अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।
-स्वामी विवेकानंद

## खुद एयरपोर्ट पहुंचे प्रधानमंत्री, कतर के अमीर को गले लगाकर की अगवानी





अमीर शेख तमीम बिन हमद

नई दिल्ली, जेएनएन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार शाम कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी को रिसीव करने इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे। इस दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी मौजूद थे। कतर के अमीर 17 फरवरी से दो दिन की भारत यात्रा पर हैं। कतर के अमीर के साथ हाई लेवल डेलीगेशन भी है। इसमें कई मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, बिजनेस डेलीगेशन हैं। विदेश मंत्रालय के मुताबिक अमीर अल-थानी पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेंगे। 18 फरवरी को राष्ट्रपति भवन में शेख तमीम बिन हमद अल थानी का औपचारिक स्वागत किया जाएगा। राष्ट्रपति मुर्मू उनके सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन करेंगी।

**दोनों देशों में होगी द्विपक्षीय बातचीत**

### 62 अरब डॉलर से न्यूक्लियर पावर प्लांट लगाएगी एनटीपीसी

# मप्र सहित 8 राज्यों में 7 लाख करोड़ रुपए निवेश की योजना

### एनटीपीसी को पावर प्लांट लगाने राज्यों में जमीन की तलाश

नई दिल्ली, जेएनएन। देश की सरकारी पावर कंपनी नेशनल थर्मल पॉवर कॉर्पोरेशन (एनटीपीसी) न्यूक्लियर एनर्जी के मैदान में बड़ा दांव खेलने की तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक, कंपनी आने वाले 20 सालों में 30 गीगावॉट (जीडब्ल्यू) न्यूक्लियर पॉवर विकसित करने की तैयारी में जुटी है। पहले सिर्फ 10 जीडब्ल्यू का प्लान था, लेकिन केंद्र सरकार ने जैसे ही निजी और विदेशी निवेश का रास्ता खोला, एनटीपीसी ने अपना लक्ष्य तीन गुना बढ़ा दिया है। अब इस महाप्रोजेक्ट पर 62 अरब डॉलर (करीब 5.15 लाख करोड़ रुपए) खर्च होंगे। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इस प्लान के लिए मध्यप्रदेश सहित देश के 8 राज्यों में जमीन की तलाश में जुटी है। हालांकि, न्यूक्लियर प्रोजेक्ट्स को लेकर स्थानीय लोगों का विरोध भी देखने को मिलता है।



### 2047 तक 100 जीडब्ल्यू का लक्ष्य

भारत ने 2047 तक 100 जीडब्ल्यू न्यूक्लियर पावर का लक्ष्य रखा है। अभी देश में न्यूक्लियर पावर का संचालन सिर्फ न्यूक्लियर पॉवर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआईएल) करता है, जिसकी कुल 8 जीडब्ल्यू क्षमता है। एनपीसीआईएल इसे 2032 तक 20 जीडब्ल्यू तक बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। एनटीपीसी पहले ही मध्यप्रदेश और राजस्थान में 2.6 जीडब्ल्यू के दो न्यूक्लियर प्लांट बना रही है।

### निजी कंपनियों ने दिखाई दिलचस्पी

रिपोर्ट के मुताबिक, अब न्यूक्लियर सेक्टर में टाटा पावर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, वेदांता और अडानी पावर जैसी बड़ी कंपनियों ने भी दिलचस्पी दिखाई है। एनटीपीसी ने इसके लिए 'एनटीपीसी परमाणु ऊर्जा निगम' नाम से एक नई कंपनी बनाई है, जो इस सेक्टर में निवेश और साझेदारी करेगी।

### अमेरिका, रूस और फ्रांस की कंपनियां भी

अमेरिका, रूस की कंपनियों के साथ स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर्स बनाने को लेकर एनटीपीसी चर्चा कर रही है। इसमें जनरल इलेक्ट्रिक, हॉलटेक इंटरनेशनल और फ्रांस की ईडीएफ जैसी कंपनियां शामिल हैं। फ्रांस की ईडीएफ ने कहा कि वह भारत में एसएमआर प्रोजेक्ट्स में पार्टनरशिप के लिए पूरी तरह तैयार है।

### इन राज्यों में लगेंगे न्यूक्लियर प्लांट

सूत्रों के मुताबिक, एनटीपीसी ने देश के 8 राज्यों में 27 लोकेशंस को शॉर्टलिस्ट किया है, जहां 50 जीडब्ल्यू तक न्यूक्लियर क्षमता विकसित करने की संभावना है। इनमें मध्यप्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु शामिल हैं।

### न्यूक्लियर कानून में होगा बदलाव

देश में मौजूदा कानूनों के तहत निजी कंपनियां अभी न्यूक्लियर प्लांट्स में निवेश नहीं कर सकतीं। साथ ही 2010 के न्यूक्लियर डैमेज लॉ के कारण जनरल इलेक्ट्रिक और वेस्टिंगहाउस जैसी विदेशी कंपनियां भारत में निवेश करने से बचती हैं, लेकिन अब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने न्यूक्लियर सेक्टर को खोलने और 200 अरब रुपए (2.30 अरब डॉलर) की फंडिंग देने का ऐलान किया है। केंद्र सरकार चाहती है कि 2033 तक कम से कम पांच एसएमआर प्लांट चालू हो जाएं, ताकि देश में पावर सेक्टर में बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### सीबीएसईः बोर्ड परीक्षा का पेपर लीक नहीं

नई दिल्ली, जेएनएन। सेंट्रल बोर्ड बोर्ड सेकंडरी एजुकेशन सीबीएसई देशभर में कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन कर रहा है। 10वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू होकर 18 मार्च तक होंगी। वहीं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी से 4 अप्रैल तक होंगी। बोर्ड एग्जाम का आयोजन देश के साथ ही विदेशी सेंटर्स पर भी हो रहा है। दोनों ही कक्षाओं को मिलाकर 44 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं एग्जाम में भाग ले रहे हैं। दोनों ही कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने के बाद से ही सोशल मीडिया पर पेपर लीक की अफवाहें फैलाई जा रही हैं। इसके बाद सोमवार को बोर्ड की ओर से ऐसी किसी भी घटना से इंकार कर दिया गया है। बोर्ड की ओर से कहा गया है कि पेपर लीक जैसी कोई घटना नहीं हुई है। जो भी लोग इन अफवाहों को फैला रहे हैं उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### पीथमपुर में कचरा जलाने पर केंद्र, मप्र को नोटिस

नई दिल्ली, जेएनएन। मप्र के पीथमपुर में यूनियन कार्बाईड का कचरा नष्ट करने के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। याचिका में कहा गया है कि मामले में पीथमपुर के लोगों से सलाह नहीं ली गई है। कचरे को नष्ट करने से पीथमपुर में रेडिएशन का खतरा हो सकता है। अगर रेडिएशन फैलता है, तो प्रभावित लोगों की चिकित्सा की सुविधा भी इलाके में नहीं है। इंदौर के रहने वाले चिन्मय मिश्रा ने यूनियन कार्बाइड के कचरे को भोपाल से लाकर पीथमपुर में जलाने पर रोक की मांग की है। एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड सर्वम रीतम खरे के जरिए दाखिल याचिका की पैरवी वरिष्ठ वकील देवदत्त कामत ने की। कामत की बात सुनने के बाद जस्टिस भूषण रामाकृष्ण ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### बीजेपी को 4340.47 करोड़ रुपए मिला चंदा

नई दिल्ली। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने राष्ट्रीय दलों को मिले चंदे को लेकर रिपोर्ट जारी की है। वित्त वर्ष 2023-24 में भाजपा को सबसे ज्यादा 4340.47 करोड़ का चंदा मिला है। दूसरे नंबर पर कांग्रेस को 1225.12 करोड़ रुपए मिले। रिपोर्ट में बताया कि पार्टियों को चंदे का बड़ा हिस्सा चुनावी बॉन्ड से मिला है। भाजपा ने कमाई का 50.96 फीसदी यानी 2211.69 करोड़, कांग्रेस ने 83.69 फीसदी यानी 1025.25 करोड़ खर्च किया। आप को चंदे में 22.68 करोड़ रुपए मिले, जबकि पार्टी ने उससे ज्यादा 34.09 करोड़ रुपए खर्च किए। सभी दलों को मिले चंदे का 74.57 फीसदी हिस्सा भाजपा को मिला है। बाकी 5 दलों को 25.43 फीसदी चंदा मिला है। चुनावी बॉन्ड से भाजपा को 1685.63 करोड़ रुपए, कांग्रेस को 828.36 करोड़ और आप को 10.15 करोड़ रुपए मिले हैं।

## ईडब्ल्यूएस को यूपीएससी में पांच साल की छूट, 9 मौके भी मिलेंगे

### मप्र हाईकोर्ट का अंतरिम आदेश, यूपीएससी आज पेश कर सकता है जवाब

जागरण, जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के उम्मीदवारों को सोमवार को बड़ी अंतरिम राहत दी है। इसमें सिविल सेवा परीक्षा-2025 (यूपीएससी) में ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों को अन्य आरक्षित वर्गों की तरह आयुसीमा में 5 साल की छूट, 9 बार परीक्षा देने का मौका मिलेगा। यूपीएससी मंगलवार को हाईकोर्ट में जवाब पेश कर सकता है। यह अंतिम फैसला नहीं है, इस मामले में सुनवाई होना बाकी है। मालूम हो कि मप्र के मैहर के आदित्य नारायण पांडेय ने हाईकोर्ट में ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### हाईकोर्ट ने कहा, कैंडिडेट के आवेदन स्वीकार करें

हाईकोर्ट ने यूपीएससी से कहा है कि याचिकाकर्ता सहित सभी समान स्थिति वाले उम्मीदवारों के आवेदन स्वीकार करे, भले ही वे वर्तमान योग्यता या आयु मानदंडों को पूरा न करते हों। यह फैसला सामाजिक न्याय, समानता के सिद्धांतों पर आधारित है, जिससे ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों को अन्य आरक्षित वर्गों के समान अवसर मिलेंगे। हालांकि, कोर्ट ने कहा, अंतिम नियुक्ति आदेश बिना उसकी अनुमति के जारी नहीं किए जाएंगे।

### आज आवेदन का अंतिम दिन

संघ लोक सेवा आयोग 979 पदों के लिए 25 मई को प्रारंभिक, 22 अगस्त को मुख्य परीक्षा लेगा। 22 जनवरी से फार्म भरे जा रहे हैं, जो 18 फरवरी तक जमा किए जा सकेंगे। एप्लीकेशन फॉर्म में त्रुटि होने पर अभ्यर्थी 19 से 25 फरवरी तक संशोधन कर सकेंगे।

## केरल कैडर के ज्ञानेश कुमार नए मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त

नई दिल्ली। सीनियर आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार को मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है। वह निवर्तमान सीईसी राजीव कुमार का स्थान लेंगे। 1988 बैच के केरल कैडर के आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार मार्च 2024 से चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यरत थे। इससे पहले दिन में चयन समिति ने नए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर बैठक की थी। ज्ञानेश कुमार नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले पहले मुख्य चुनाव आयुक्त हैं। इस नए कानून में चुनाव आयोग के प्रमुख की नियुक्ति प्रक्रिया में मुख्य न्यायाधीश की जगह गृह मंत्री को चयन समिति में शामिल किया गया है। उनके नाम को चयन समिति द्वारा अंतिम रूप दिया गया ■ शेष पृष्ठ 7 पर



### कांग्रेस ने नई नियुक्ति टालने की मांग की थी

इससे पहले सोमवार शाम कांग्रेस ने सरकार से मांग की थी कि चीफ इलेक्शन कमिश्नर के चयन की बैठक तब तक के लिए टाल दी जानी चाहिए थी, जब तक कि सुप्रीम कोर्ट में इस मुद्दे पर सुनवाई न हो जाए। रोचक बात यह है कि कांग्रेस के बयान से पहले हुई चयन समिति की बैठक में नेता प्रतिपक्ष के तौर पर राहुल गांधी ने भी बैठक में हिस्सा लिया था।

### दिल्ली एनसीआर और बिहार में भूकंप के झटके

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में सुबह आए भूकंप के बाद बिहार में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। बिहार के सिवान में सोमवार सुबह 08.02 बजे पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.0 रही। बिहार के सिवान से पहले दिल्ली में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र धौला कुआं के पास झील पार्क क्षेत्र में था। भूकंप के झटकों के साथ ही लोगों को सुबह तेज आवाज भी सुनने को मिली। लोग घरों से बाहर निकल आए। दिल्ली में भूकंप के झटके महसूस किए जाने के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करके लिखा कि दिल्ली और आसपास के इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए।

## सीएम की सुरक्षा में चूक, मंच तक पहुंचा फर्जी प्रोटोकॉल अफसर

जागरण, उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया है। सीएम के कार्यक्रम के दौरान एक युवक प्रोटोकॉल अफसर बनकर मंच के पास तक पहुंच गया था। पुलिस ने तत्काल संदेह के आधार पर युवक को पकड़कर हिरासत में लिया था। तलाशी लेने पर युवक के पास से सीएम प्रोटोकॉल अधिकारी का आईडी कार्ड और एक वॉकी-टॉकी बरामद हुआ। पुलिस युवक से पूछताछ कर इस बात की जांच कर रही है कि वह आखिर किस मकसद से कार्यक्रम में घुसा था। दरअसल, मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को उज्जैन में कई कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। शाम को वे महाकाल मंदिर में रुद्रसागर पर बने सम्राट अशोक सेतु के लोकार्पण समारोह में पहुंचे। यहां बड़ी संख्या में लोग सीएम को सुनने के लिए मौजूद थे। सुरक्षा में बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात था। इसी बीच कोट पैंट पहने एक युवक को पुलिस अधिकारियों के बीच घूमते देख एएसपी नितेश भार्गव को संदेह हुआ। युवक के गले में सीएम प्रोटोकॉल अधिकारी का आईडी कार्ड था और हाथ में ■ शेष पृष्ठ 7 पर



### हिरासत में सिद्धार्थ

युवक से तलाशी में पुलिस को मप्र शासन, सीएम कार्यालय, वल्लभ भवन का आईडी कार्ड बरामद हुआ, जिस पर सिद्धार्थ जैन, पद प्रोटोकॉल ऑफिसर, आईडी नंबर 2908527 दर्ज था। वॉकी-टॉकी भी मिला, जिस पर मप्र शासन का स्टिकर लगा था। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें पुलिस युवक को थाने ले जाती दिख रही है। युवक खुद को सीएम का सुरक्षा अधिकारी बताता हुआ भी सुनाई दे रहा है। हालांकि, पुलिस यह स्पष्ट नहीं कर पाई कि युवक किसलिए मंच तक पहुंचा। पुलिस जांच में जुटी है कि क्या वह किसी साजिश या बड़े नेटवर्क का हिस्सा तो नहीं है। उसे आईडी और वॉकी-टॉकी कहां से मिली, इसकी जांच की जा रही है।

## 60 बड़े स्टेशनों पर बनेगा होल्डिंग एरिया


नई दिल्ली, जेएनएन। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 लोगों की मौत के मामले में रेल मंत्रालय की उच्च स्तरीय टीम जांच में जुटी है। इधर, जांच के बीच रेल मंत्रालय ने ऐसी घटनाओं को रोकने तीन महत्वपूर्ण कदम उठाने का फैसला किया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा कि है कि देश के 60 सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया स्थापित किए जाएंगे। यह होल्डिंग एरिया यात्रियों को उनकी ट्रेन के आगमन तक प्रतीक्षा करने के लिए एक सुरक्षित, व्यवस्थित स्थान प्रदान करेगा। इसके तहत, यात्रियों को पहले होल्डिंग एरिया में बैठाया जाएगा और जब उनकी ट्रेन आएगी, तभी उन्हें प्लेटफार्म पर जाने की अनुमति दी जाएगी। यह व्यवस्था प्लेटफार्म पर भीड़ को कम करने और दुर्घटनाओं को रोकने में मदद करेगी।

### इन स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया

रेलवे ने कुछ स्टेशन के नाम बताए हैं, जहां ये होल्डिंग एरिया बनाया जाएगा। इनमें नई दिल्ली,आनंद विहार, लखनऊ, वाराणसी, मुगलसराय, कानपुर, झांसी, पटना, दरभंगा, आरा, मुंबई, सूरत, सोनपुर, बंगलौर, हावड़ा, मालदा और अन्य। रेल मंत्री ने बताया कि छट पूजा के दौरान दिल्ली में बनाए गए होल्डिंग एरिया सफल रहा। ऐसा ही होल्डिंग एरिया महाकुंभ के किए प्रयागराज में बनाया भी है। इसी तरह देश के 60 स्टेशनों पर बनाया जाएगा। रेलवे जल्द ही जागरूकता अभियान चलाएगा, जिसमें स्टेशन की सीढ़ियों पर न बैठने के लिए कहा जाएगा। अक्सर यात्री सीढ़ियों पर बैठते हैं। सीढ़ियों पर भीड़ को कम करने से भगदड़ जैसी घटनाओं से बचा जा सकता है। वैष्णव ने घोषणा की है कि 6 महीने के लिए विशेष अभियान चलाएगा, जिसमें यात्रियों, कर्मचारियों, स्टॉल दुकानदारों, अन्य लोगों से सुझाव लिए जाएंगे। इस दौरान फीडबैक लेकर इसके आधार पर बड़े स्तर पर बदलाव किए जाएंगे।

### भीड़ नियंत्रित करने देंगे ट्रेनिंग

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए घटना के बाद रेलवे सूत्रों ने बताया की रेलवे में बड़े स्तर पर भीड़ नियंत्रण की ट्रेनिंग दी जाएगी। सूत्र बताते हैं कि रेलवे में भीड़ को कैसे नियंत्रित किया जाए? इसको लेकर रेलवे के मैन्युअल बनाया जाएगा। रेलवे अपने ऑपरेटिंग मैन्युअल में बदलाव करेगा।



मालेवार-शौरी के अर्धशतकों की बदौलत विदर्भ गत चैंपियन मुंबई के खिलाफ अच्छी स्थिति में (पेज 11)



# कलाकार सिर्फ अपनी साधना को देखें, संसाधनों की व्यवस्था करना हमारा काम है

## एमसीयू सभागार में अमरवाणी राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का शुभारंभ



**जागरण, रीवा।** जिस व्यक्ति में संस्कृति, साहित्य, कला और संगीत के प्रति आकर्षण और आदर भाव नहीं है, वो मनुष्य पूर्ण नहीं है। दो दिवसीय अमरवाणी राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि रीवा में अब कई बहुत अच्छे आयोजन हो रहे हैं और अब हमारा नगर भी महानगरों की तरह समर्थ हो रहा है। अमरवाणी राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव के आयोजक अमर द्विवेदी को उनके प्रयास की बधाई देते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कलाकार सिर्फ अपनी साधना को देखें, संसाधनों की व्यवस्था करना हमारा काम है। उन्होंने मंच पर होने वाली प्रस्तुतियों के लिए दयाप्रकाश सिन्हा द्वारा लिखित नाटक 'बिन घरनी घर भूत का डेरा' के निदेशक आनंद मिश्रा, बघेली लोक संगीत की प्रमुख गायिका मणिमला सिंह और दुलदुल घोड़ी नृत्य के निर्देशक राजमणि तिवारी भोला का सम्मान भी किया। इस अवसर पर माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के प्रशासनिक प्रमुख डॉक्टर बृजेंद्र शुक्ला, राजेश पांडे, प्रोफेसर सेवाराम त्रिपाठी, विद्या प्रकाश तिवारी, हनुमंत किशोर शर्मा, एंकर सत्येंद्र सिंह सेंगर के साथ प्रस्तुत नाटक के सदस्य रंगकर्मी, लोक संगीत और नृत्य के सभी कलाकार मंच पर उपस्थित रहे।

### रचनाकारों ने किया काव्यपाठ

उद्घाटन सत्र का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन के बाद कवि सम्मेलन से हुआ जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ कवि जगजीवन लाल तिवारी ने की। मंच पर काव्यपाठ हेतु नगर के सक्रिय रचनाकार शामिल हुए जिसमें आरती तिवारी, रामकृष्ण द्विवेदी, सत्येन्द्र सेंगर, भृगुनाथ पाण्डेय, शिवानन्द तिवारी, चन्द्रकान्त तिवारी, अमित द्विवेदी, अरूणा पाठक, सीमा रानी झा, मृत्युंजय मिश्रा रहे। सभी सत्रों का संचालन कवि सत्येंद्र सेंगर ने किया। दूसरे सत्र में विंध्य कोकिला मणिमाला सिंह और उनके साथियों की प्रस्तुति को श्रोताओं ने खूब सराहा। राजवीर तिवारी और अंशिका तिवारी के दुलदुल घोड़ी नृत्य ने खूब तालियां बटोरीं।

## भव्य रूप से मनाया गया विश्व आवाज दिवस, 40 गायकों ने बांधा समा



रीवा। म्यूजिकल लवर्स ग्रुप रीवा द्वारा विश्व आवाज दिवस पर सफल कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम बालकृष्ण मैरिज गार्डन जोरी में आयोजित किया गया। ग्रैंड म्यूजिक सेलिब्रेशन 2025 भव्य तरीके से मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ संजय मिश्रा शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में आयुर्वेद कॉलेज के डीन डॉ दीपक कुलश्रेष्ठ, डॉ राजनारायण तिवारी, सुधाकर शर्मा, संगीतगुरु याकूब खान, रोहित बाजपेयी, डॉ धीरेन्द्र मिश्रा मौजूद रहे। 40 से अधिक गायकों ने प्रस्तुतियां दीं। इसमें डॉ राजनयन द्विवेदी, सुधाकर शर्मा, नीरज तिवारी, रश्मि द्विवेदी, नीलेश श्रीवास्तव, नवीन मिश्रा, आशीष, पूजा विजय, रवि, अखिलेश, डॉ रिचा, कमलेश शुक्ला, अर्चना श्रीवास्तव, देवांशु, सीमा-सौम्य, ने प्रस्तुतियां दीं। नीलेश श्रीवास्तव, रश्मि द्विवेदी और अमित द्विवेदी ने एंकरिंग की। कार्यक्रम 1 बजे से शाम 7 बजे तक आयोजित किया गया।

## प्रदेश के सभी नगरीय निकायों की जांच में बिल्कुल देरी न करें : महापौर



### ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स की बैठक में शामिल हुए रीवा महापौर

**रीवा।** इंदौर में ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स की मध्यप्रदेश इकाई का सम्मेलन ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ग्वालियर से और नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जयपुर से वर्चुअली जुड़े। रीवा के महापौर अजय मिश्रा बाबा भी इस बैठक में शामिल हुए और उन्होंने निकाय की समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बयान की जांच कराएंगे तो निगम कटघरे में होंगे। इस बात का महापौर अजय मिश्रा बाबा ने समर्थन किया और कहा कि प्रदेश के सभी नगरीय निकायों की जांच होनी चाहिए, क्योंकि अधिकांश जगह भाजपा की ही स्थानीय सरकार है और भ्रष्टाचार हो सकता है। इस बात में नगरीय प्रशासन मंत्री को बिल्कुल देरी नहीं करनी चाहिए। रीवा महापौर ने बैठक में नगरीय प्रशासन मंत्री द्वारा टैक्स बढ़ाए जाने का विरोध किया और कहा कि पहले से ही जनता पर जरूरत से ज्यादा टैक्स का बोझ है और ऐसे में टैक्स बढ़ाना जनहित में कतई नहीं है। बता दें कि बैठक में 16 नगर निगमों के महापौर शामिल हुए।

# डिप्टी सीएम अचानक पहुंचे सुपर स्पेशलिटी, मरीज से मिले और निर्माण कार्यों का निरीक्षण किए

### निर्माणाधीन एमआरआई सेंटर, एक्सटेंशन वर्क भी देखा



**जागरण, रीवा**

डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला सोमवार को अचानक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पहुंच गए। एमआरआई सेंटर का निरीक्षण करने के बाद कार्डियोलॉजी आईसीयू पहुंचे। मरीज से मुलाकात की। इसके बाद सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का एक्सटेंशन वर्क की प्रगति भी देखी।

मिली जानकारी के अनुसार डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला सुबह अचानक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पहुंच गए। अस्पताल पहुंचते ही परिसर में हड़कंप मच गया। डिप्टी सीएम के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पहुंचते ही प्रवेश द्वार पर ही एक महिला ने उन्हें रोक लिया। इलाज में आ रही दिक्कतों के बारे में जानकारी दी। डिप्टी सीएम ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के अधीक्षक को महिला की हर संभव मदद के लिए निर्देशित किया। इसके बाद डिप्टी सीएम सीधे सीटी स्कैन के पास तैयार हो रहे एमआईआई सेंटर के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। निर्माण कार्य देखने के बाद वह सीधे चौथी मंजिल पर पहुंचे। कार्डियोलॉजी विभाग के आईसीयू में पहुंचे। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में हृदय रोग से पीड़ित अंकिश सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अंकिश से कुशल क्षेम पूछी तथा चिकित्सकों को समुचित उपचार के निर्देश दिये। मरीज से मिलने के बाद उन्होंने चौथी मंजिल पर ही चल रहे निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। इसके बाद वह सीधे सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के पीछे पहुंचे। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के एक्सटेंशन का काम चल रहा है। एक्सटेंशन कार्य की प्रगति का भी उन्होंने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुपर स्पेशलिटी अधीक्षक डॉ अक्षय श्रीवास्तव के अलावा डॉ रामाभिलाष दुबे, सीएमओ डॉ अतुल सिंह, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ वीडी त्रिपाठी, एजाइल के कार्यकारी प्रबंधक पीयूष शुक्ला, प्रशांत पाण्डेय, मुख्य सुरक्षा अधिकारी देवेन्द्र शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### उप मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन कैंसर यूनिट का किया निरीक्षण

रीवा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मेडिकल कॉलेज परिसर में निर्माणाधीन कैंसर यूनिट का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्वरित गति से पूर्व गुणवत्ता के साथ कार्य को संपादित करायें। इस दौरान डीन मेडिकल कॉलेज डॉ. सुनील अग्रवाल सहित चिकित्सक व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# खाद्य विभाग द्वारा प्रतिष्ठानों का किया गया निरीक्षण



**रीवा।** महाकुंभ में सम्मिलित हो रहे यात्रियों के यात्रा के दौरान रेस्टोरेंट/ढाबा संचालक /होटल द्वारा अधिक कीमत पर खाद्य सामग्री विक्रय की शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर रीवा द्वारा खाद्य सुरक्षा प्रशासन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, नापतौल विभाग की संयुक्त टीम का गठन किया है। टीम द्वारा एनएच-7 स्थित होटल द हेरीटेज की जाँच की गई। कार्यवाही के दौरान अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य पदार्थों का निर्माण करने तथा वेज नॉनवेज खाद्य पदार्थ एक साथ संग्रहित पाए जाने से प्रकरण पंजीबद्ध किया गया । टीम द्वारा पनीर व दालचीनी की लीगल नमूना कार्रवाई की गई। टीम द्वारा होटल लैंडमार्क की जाँच की गई जिसमें कलर, हींग, दाल व मक्का आटा के नमूने लिए गए। टीम द्वारा होटल स्वयंवर मैरिज गार्डन के पीछे से मानक स्तर की जाँच हेतु रंगीन सौंफ एवं दालचीनी के नमूने लिए गए। वेज नॉनवेज खाद्य पदार्थ एक साथ संग्रहित पाए जाने पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। नापतौल विभाग द्वारा अप्रमाणित तौल काँटा भी जब्त किया गया। इसके पश्चात टीम द्वारा होटल सेलिब्रेशन में कार्यवाही की गई । दही व पनीर के नमूने लिए गए व वेज नॉनवेज खाद्य पदार्थ एक साथ संग्रहित पाए जाने से प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। नापतौल विभाग द्वारा अप्रमाणित तौल काँटा पाए जाने पर जब्त किया गया। कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमरीश दुबे, साबिर अली, नापतौल से सहायक नियंत्रक विजय खातरकर, खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग से गौरी मिश्रा सम्मिलित रहे।

## सैन्य कॉलेज देहरादून में प्रवेश हेतु आवेदन 31 मार्च तक

**रीवा।** राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज देहरादून में जनवरी 2026 सत्र हेतु आठवीं कक्षा में प्रवेश के लिये छात्र-छात्राओं के आवेदन 31 मार्च तक आमंत्रित किये गये हैं। प्रवेश परीक्षा एक जून को आयोजित होगी। प्रवेश के लिये आयु सीमा साढ़े ग्यारह वर्ष से कम और 13 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। विद्यार्थी को किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से सातवीं कक्षा में अध्ययनरत अथवा सातवीं कक्षा पास होना अनिवार्य है।

## प्रभारी मंत्री आज भोपाल जायेंगे

**रीवा।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल 18 फरवरी को प्रयागराज से कार द्वारा प्रस्थान कर प्रातः 12 बजे रीवा सर्किट हाउस पहुंचेंगे तदुपरांत दोपहर एक बजे वायुयान द्वारा भोपाल रवाना होंगे।

# शहर के मुख्यमार्ग का अतिक्रमण हटाने मैदान में उतरे दोनों कार्यपालन यंत्री



**जागरण, रीवा।** प्रयागराज महाकुंभ मेले के कारण शहर की सड़कों में भी वाहनों का भारी दवाब चल रहा है। लिहाजा शहर में सुचारु यातायात के लिए दोनों कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह एवं एचके त्रिपाठी दल बल के साथ मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाने के लिए निकल पड़े। जहां भी सड़क पर सामग्री रखकर व्यापार करते हुए पाया गया वहां पर चालानी कार्यवाही की गई। कई जगह सामान जब्त करने की कार्यवाही भी की गई। निगमायुक्त के निर्देश पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। सोमवार को जोनल अधिकारी राजेश सिंह एवं एचके त्रिपाठी के नेतृत्व में शहर के मुख्य मार्ग से दुकानदारों द्वारा बाहर सामग्री रखकर अतिक्रमण करने एवं आवागमन बाधित करते हुये व्यापार करने पर चालानी एवं जब्ती की कार्यवाही की गई। चोरहटा से रतहरा तक सड़क के किनारे के आवागमन में बाधक सभी अवरोध हटाये गये। इसके अलावा शिल्पी प्लाजा मुख्य मार्ग में एवं गैलरी से अतिक्रमण एवं अवैध बैनर पोस्टर हटाने की कार्यवाही की गई। इसी प्रकार टीवीएस मोटर्स के पास अतिक्रमण हटाने, छोटी पुल से लेकर एजी कॉलेज मोड़ तक अवैध पोस्टर, बैनर हटाये जाने की कार्यवाही की गई। बजरंग नगर गेट के पास ठेला दुकानदारों द्वारा सड़क पटरी में किया गया अतिक्रमण हटवाया गया। सिरमौर चौराहा से विश्वविद्यालय रोड की सड़क पटरी खाली कराते हुये यातायात को सुगम बनाया गया। साथ ही सिरमौर चौराहा से नये बस स्टैण्ड तक ठेला, गुमटी द्वारा किये गये अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। उक्त कार्यवाही में सहायक यंत्री एसके गर्ग, अतिक्रमण प्रभारी एवं अतिक्रमण सहायक व अतिक्रमण दल मौजूद रहा।

## जेनाइटल डिसआर्डर से पीड़ित महिला का किया सफल उपचार

**रीवा।** मेडिकल कॉलेज और सुपर स्पेशलिटी के बाद जिले की तीसरी सर्वोच्च स्वास्थ्य संस्था कुशाभाऊ ठाकरे अस्पताल में लोगों की गंभीर बीमारियों का इलाज व ऑपरेशन हो रहा है। पहले भी जिला अस्पताल में जटिल ऑपरेशन कर लोगों को निःशुल्क उपचार मुहैया करवाया गया है। इसी तारतम्य में सोमवार को 30 वर्षीय महिला निवासी दलदल जिला सतना निवासी अस्पताल में पेट दर्द के इलाज के लिए पहुंची। जहां महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रतिभा मिश्रा द्वारा उसका स्वास्थ्य परीक्षण कर कुछ जांचें कराई गईं। जांच में पता चला कि महिला जेनाइटल डिसआर्डर से पीड़ित है, जिसे मेडिकल टर्म में जेनाइटल सेप्टम के नाम से जाना जाता है, इसमें महिला को समय से उपचार न मिले तो महिला की माहवारी अनियमित हो जाएगी और बांझपन से पीड़ित हो जाएगी, इस बीमारी में मरीज को असहनीय पेट दर्द बना रहता है।

**तीन घंटे लगातार चला ऑपरेशन :** जिला अस्पताल की विषय विशेषज्ञ के टीम ने एक साथ आपसी विचार विमर्श कर इस बीमारी का इलाज प्रारंभ हुआ। विशेषज्ञ डॉ. आलोक दुबे, प्लास्टिक सर्जन डॉ. सिद्धार्थ सिंह के संयुक्त नेतृत्व में महिला का इलाज प्रारंभ हुआ, जिसमें महिला नियो वैक्सीनोप्लास्टी सेप्टम एक्सिजन विधि अपनाई गयी। जिला अस्पताल के डॉक्टर्स के अथक प्रयासों से यह संभव हो पाया, तीन घंटे लगातार ऑपरेशन चला और ऑपरेशन पूरी तरह से सफल रहा। अब महिला की स्थिति सामान्य है और महिला अपने मातृत्व सुख को प्राप्त कर सकेगी, साथ ही असहनीय दर्द से मुक्ति भी मिलेगी।

## संगठन को नये सिरे से मजबूती प्रदान करेंगे: संजय शर्मा

### कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न



**रीवा।** उर्रहट स्थित कांग्रेस कार्यालय में रीवा जिले के संगठन प्रभारी संजय शर्मा पूर्व विधायक के मुख्य आतिथ्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में जिले की समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए संगठन प्रभारी श्री शर्मा ने कहा कि संगठन को नए सिरे से मजबूती प्रदान किये जाने का काम हम सब लोगों को मिलजुल कर करना है। बूथ कमेटी में ऐसे लोगों को जिम्मेदारी देना है जो निरंतर अपने बूथ को मजबूत करने का काम करें। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्णय अनुसार पंचायत स्तर पर कमेटियों का गठन अतिशीघ्र किया जाए, इन कमेटियों में पार्टी के लिए समर्पित हर जाति वर्ग के कार्यकर्ताओं को शामिल किया जाए। श्री शर्मा ने कहा कि बोगस मतदाताओं को चिन्हित कर उनका नाम मतदाता सूची से हटवाया जाए। अध्यक्षता कर रहे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने जिले के संगठन की विस्तार से जानकारी दी। संगठन को मजबूत करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। समन्वय समिति मे उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये जिनका क्रियान्वयन करने का सभी सदस्यों ने समर्थन किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद राजमणि पटेल, विधायक अभय मिश्रा, प्रदेश पदाधिकारी विद्यावती पटेल, गुरूमीत सिंह मंगू, कविता पाण्डेय, शीला त्यागी, लखनलाल खण्डेलवाल, विमलेन्द्र तिवारी, नीलम मिश्रा, गिरीश सिंह, कुवंर सिंह, रवि तिवारी, सज्जन पटेल, डॉ. अरुणा तिवारी, रमाशंकर सिंह पटेल, बबिता साकेत, सीमा सिंह, तारा त्रिपाठी, अब्दुल शहीद मिस्त्री, मानवेन्द्र सिंह नीरज, वसीम राजा, मुस्तहाक खान, अनिल तिवारी, अनूप सिंह चंदेल, पंकज उपाध्याय, अमित कोल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## पेंशन प्रकरणों की संभागीय समीक्षा बैठक आज

**रीवा।** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की अध्यक्षता में 18 फरवरी को संभागीय पेंशन प्रकरणों की समीक्षा की जायेगी। कमिश्नर ने निर्देश दिये हैं कि लंबित पेंशन प्रकरणों को पेंशन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुतकर निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि जिन विभागों के संभागीय व जिला अधिकारियों द्वारा उनके विभागीय पेंशन प्रकरण निराकरण नहीं होगे उन्हें जिम्मेदार मानकर कार्यवाही की जायेगी।

## परीक्षा पूर्व निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन 28 तक

**रीवा।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति कल्याण द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में बैंकिंग, रेलवे, एसएससी, बीमा, नर्सिंग एवं म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल में चयन के लिये अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों से आवेदन 28 फरवरी तक आमंत्रित किये गये हैं।




# सीसी रोड का किया घटिया निर्माण, बनने के बाद ही उखड़ी

### सड़क किनारे नाली निर्माण भी नहीं किया, किनारे भी नहीं भरे गए



**जागरण, रीवा।** मैदानी से ग्राम दुआरी व जेपी रोड को जोड़ने वाले मार्ग पर करीब चार माह पूर्व सीसी रोड का निर्माण किया गया है। रोड की गुणवत्ता किए गए भ्रष्टाचार को स्वयं ही बयां कर रही है। सीसी रोड में सीमेंट की मात्रा कम होने से सड़क कई जगह से उखड़ चुकी है। सड़क के उपर धूल जमा हो गई है, जो वाहन के पहियों से उड़कर सड़क किनारे निवास करने वालों के लिए दुखदायी बनी हुई है। इस क्षेत्र के रहवासियों ने नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर बताया कि यहां सड़क पिछले दो वर्षों से निर्माणाधीन थी। करीब चार माह पूर्व सड़क बनकर तैयार हुई है, लेकिन इसमें गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया।

### जहां जरूरी वहां नहीं डाले पाइप

नियमानुसार सड़क के किनारे नाली का निर्माण किया जाना था, लेकिन नाली का निर्माण कहीं पर भी नहीं किया गया। जहां बरसात का पानी बहकर निकलता है वहां पाइप डाले जाना थे, लेकिन मैदानी की ओर जाने वाले रास्ते में पड़ने वाले मंदिर के पीछे पाइप नहीं डाला गया, जिससे रोड बनने के बाद भी पानी सड़क पर भर जाता है। जहां पाइप डाले भी गए हैं तो साइड वॉल सड़क से नीचे तक ही बनाई है। किनारों को पाटा नहीं गया, कई जगह तो सड़क के किनारे बहुत गहरे हैं, जिनमें आए दिन दोपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं। लोगों को सड़क के लिए भूमि देने का मुआवजा भी मिल चुका है, लेकिन इसके बाद भी सड़क काफी संकरी बनाई गई है। जबकि बताया गया था कि लगभग लगभग 16 से 20 फीट चौड़ी सड़क बनाने का प्रावधान था। ग्रामवासियों ने बताया कि सड़क का निर्माण विधायक मद से किया गया बताया जा रहा है। लेकिन घटिया निर्माण के चलते यह सड़क कितने दिनों तक वाहनों का दबाव झेल पाएगी, कहना मुश्किल है। जहां नाले वगैरह हैं वहां पर वॉल वगैरह का भी निर्माण नहीं किया गया, न ही किसी प्रकार के संकेतक लगाए गए हैं, जिससे रात-बिरात वाहन चालक नाले में भी जा गिरते हैं। लोगों को सड़क का लाभ तो मिला, लेकिन सड़क एकदम घटिया बनाई गई है, रहवासियों ने इसकी जांच करके निर्माण करने वालों पर कार्यवाही करने की मांग की है।







भूमि संसाधन विभाग
Department of Land Resources
Ministry of Rural Development
Government of India
सत्यमेव जयते
मध्यप्रदेश शासन
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
नक्शा
NAtional geospatial Knowledge-based land Survey of urban HAbitations
शहरी भूमि की सही पहचान
सिटी सर्वे प्रोग्राम का राष्ट्रीय शुभारंभ
विशेषताएं
डिजिटल भूमि रिकॉर्ड
हवाई सर्वेक्षण और नई तकनीक
वेब जीआईएस प्लेटफॉर्म
भू-स्थानिक डेटा
ट्रांसपेरेंट सिस्टम
लाभ
मालिकाना हक की स्पष्टता
शहरी विकास में तेजी
क्रेडिट और लोन की आसानी
संपत्ति कर वसूली में सुधार
आपदा प्रबंधन में सहायक
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
मुख्य अतिथि
शिवराज सिंह चौहान
केन्द्रीय मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण
तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय
विशिष्ट अतिथि
डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी
केन्द्रीय राज्य मंत्री, ग्रामीण विकास तथा संचार मंत्रालय
18 फरवरी, 2025 | पूर्वाह्न - 11:00 बजे | रायसेन, मध्यप्रदेश
D-11184/24
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11184/24
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

# पंद्रह दिनों से फूटी पाइपलाइन, बह रहा व्यर्थ पेयजल

## लोगों के घरों में घुस रहा पानी, वाहन भी फंसने लगे



**जागरण, रीवा।** जेपी रोड पर स्थित ग्राम खैरी वार्ड क्रमांक 5 में शासकीय विद्यालय दुआरी के समीप पिछले लगभग दो सप्ताह से पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से लोगों के नलों में पहुंचने वाला पेयजल सड़क पर व्यर्थ बह रहा है। क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को दुरुस्त करने यहां के रहवासी कई बार शिकायत भी दर्ज करवा चुके हैं, लेकिन उनकी सुनवाई आज तक नहीं हुई। क्षतिग्रस्त पाइपलाइन से बहने वाला जहां लोगों के घरों में घुस रहा वहा है वहीं सड़क किनारे जमा होने से यहां से निकलने वाले वाहन भी फंस रहे हैं। जिसे बचाने के चक्कर में वाहन एक दूसरे के उपर चढ़ने से दुर्घटना का भी अंदेशा बना रहता है।

**सिवरेज लाइन डालने के दौरान फूटा पाइप :** ग्राम खैरी निवासी रविकरण मिश्रा व केडी द्विवेदी ने बताया कि यहां पर सिवरेज लाइन डालने के दौरान पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिससे जल प्रदाय के दौरान बड़ी मात्रा में यहां से पेयजल बर्बाद हो रहा है। हमने सिवरेज लाइन डालने वालों को भी इसे सुधरवाने को कहा, लेकिन उन्होंने उनकी बात अनसुनी कर दी। हमारा ग्राम नगर निगम रीवा के अंतर्गत आता है, इसकी शिकायत पीएचई व निगम में भी की, लेकिन पाइपलाइन सुधारने कोई नहीं आए। मैन पाइप होने से जल प्रदाय के दौरान बड़ी मात्रा में पानी बहता है, जो सड़क पर भरने के साथ ही रविकरण मिश्रा के घर के अंदर तक भर जाता है। जबकि केडी द्विवेदी के घर के सामने पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई है, जल प्रदाय के दौरान उनके घर के सामने तालाब भर जाता है। सड़क संकरी होने से सड़क से नीचे उतरने वाले वाहन फंस जाते हैं, जिससे सड़क से नीचे वाहन उतारने में चालक कतराते हैं, कई बार दोनों ओर से आने वाले वाहन एक-दूसरे के आमने-सामने चढ़ आते हैं, जिससे विवाद की स्थिति निर्मित होने के साथ ही दुर्घटना का भी भय बना रहता है।

**नलों में आ रहा काला व बदबूदार पानी :** यहां के रहवासियों ने बताया कि यहां जो पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। वह पीने लायक नहीं है। नलों में आने वाला पानी एकदम काला और बदबूदार होता है। जिसे पीना तो दूर अन्य उपयोग करने का मन भी नहीं करता। कई बार इसकी भी शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई करने को ही तैयार नहीं है। जिम्मेदार एक ओर तो जल ही जीवन जैसे नारे लगाकर जल बचाने की बात कर रहे हैं, वहीं कई दिनों से बेकार बह रहे पानी को रोकने के प्रयास तक नहीं कर रहे।

# निपनिया रावतपुरा गेट के बगल की बस्ती में चेम्बर खुलवाकर की गई सफाई



**जागरण, रीवा।** नगर निगम के नाला गैंग द्वारा उन क्षेत्रों की नाली सफाई पर फोकस किया जा रहा है जहां बंद नालियों की सफाई लंबे समय से नहीं की गई है। सोमवार को नाला गैंग द्वारा वार्ड 01 निपनिया रावतपुरा गेट के बगल की बस्ती में चेम्बर खुलवाकर नालियों की सफाई कराई गई। यहां की सफाई में भारी मलवा नालियों से निकला है। ऐसा लगता है कि इस नाली की सफाई सालों बाद की गई है। इसके बाद नाला गैंग द्वारा वार्ड 16 न्यू बस स्टैण्ड के पीछे बड़ा नाला साफ कराया गया। निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत नाला एवं नालियों की साफ-सफाई का कार्य निरंतर कराया जा रहा है। लाडली लक्ष्मी पथ की सफाई के साथ-साथ छोटी पुल से लेकर एजी कॉलेज चौराहा तक, सुभाष तिराहा से जनता कॉलेज तक, समान नाका से जेएनसीटी तक डिवाइडर एवं पटरी की सफाई कराई गई। सिविल लाइन, कलेक्ट्रेट परिसर की रोड एवं फ्लाई ओवर की सफाई कराई गई। सभी स्थानों से कचरे का उठाव टैक्टर एवं टैम्पो द्वारा कराया गया। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी बालगोविन्द चतुर्वेदी द्वारा शहर में भ्रमण कर सफाई कार्य एवं कचरा उठाव का निरीक्षण किया गया।

# 10वीं का छात्र हुआ लापता, एसपी कार्यालय पंहुचे परिजन

## 5 दिन से बेटे की कर रहे तलाश, घर से स्कूल जाने निकला था छात्र



**जागरण,रीवा।** जिले में एक और छात्र के रहस्यमय ढंग से लापता हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। यह छात्र 10वीं का छात्र है, जो घर से स्कूल जाने के लिए तो निकाला लेकिन वापस घर नहीं लौटा। परिजनों द्वारा काफी पता तलाश करने के बाद भी जब छात्र का कहीं पता नहीं चला तो उसके गुमशुदगी की शिकायत बिछिया थाने में दर्ज कराई, लेकिन 4 दिन बीत जाने के बाद भी छात्र का अब तक कोई सुराग नहीं लगा। ऐसे में परिजन सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और बच्चे को तलाश कराने की मांग की। दरअसल मामला शहर के बिछिया थाना क्षेत्र ग्राम खम्हा का है, जहां खाम्हा निवासी प्रेमलाल साकेत का 15 वर्षीय पुत्र नरेंद्र साकेत 13 फरवरी को रोजाना की तरह घर से स्कूल जाने के लिए निकला था लेकिन देर शाम तक वापस घर नहीं लौटा। छात्र के लापता हो जाने पर परिजनों ने इसकी शिकायत बिछिया थाने में दर्ज कराई, बावजूद इसके चार दिन बीत जाने के बाद भी छात्र का अब तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा। परिजनों ने इस मामले में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर लापता छात्रा के तलाश करने की मांग की है।

**डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, बाल-बाल बचे सवार : रीवा।** मऊगंज जिले के शाहपुर थाना अन्तर्गत बिछरहटा मोड़ के समीप तेज रफ्तार कार डिवाइडर से जा टकराई। कार सवार महिला एवं पुरुष कर्नाटक से काशी विश्वनाथ मंदिर बनारस जा रहे थे। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार क्रमांक पीवाई 05 एल 7833 में सवार दो महिला एवं दो पुरुष शाहपुर के बिछरहा मोड़ पहुंचे। तभी तेज रफ्तार कार का चालक नियंत्रण खो बैठा,जिससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुये पलट गयी। गनीमत रही कि कार के अंदर सवार श्रद्धालु बाल-बाल बच गये। घटना के बाद मौके पर पहुंची एमपीआरडीसी की एम्बुलेंस के कर्मचारियों ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। यह हादसा सोमवार की दोपहर 3 बजे का बताया जा रहा है।

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री राम प्रकाश गुप्ता पुत्र श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता निवासी ग्राम गोविन्दगढ़ वार्ड क्रमांक 10, तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) के नाम की अनुबन्धित आराजी मौजा ग्राम पटवारी हल्का बाँसा तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) में स्थित भूमि आराजी खसरा नं. 1485/2/1 रकवा 0.989 हे., है। जो कि मेरे पक्षकार को विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 08.02.2022 को अनुबन्धित की गई हैं, जिसमें अनुबंधकर्तागण में से योगेन्द्र सिंह द्वारा अपने हिस्से की भूमि की रजिस्टर्ड रजिस्ट्री करवा दी गई है, लेकिन अनुबंधकर्ता रणजीत सिंह द्वारा उक्त विक्रय अनुबंध का पालन न करते हुए आराजी का अंश भाग जिसका अब खसरा क्र. 1485/2/1/2/1 रकवा 0.491 हे., को श्रीमती अरुणा भोजराज पत्नी आशीष गुप्ता, श्रीमती नीतू गुप्ता, श्री पवन गुप्ता, श्री संदीप कुमार गुप्ता, श्री अरुण कुमार गुप्ता को रजिस्टर्ड रजिस्ट्री करवा दिया है। जिसमें मेरे पक्षकार राम प्रकाश गुप्ता द्वारा विक्रय अनुबंध का पालन कराने हेतु न्यायालय श्रीमान षष्टम अपर जिला न्यायाधीश महोदय रीवा जिला रीवा पीठासीन अधिकारी श्रीमती प्रीतिशिखा अग्निहोत्री जी के न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है जिसमें उक्त खरीदने वाले व्यक्ति प्रतिवादी क्रमांक 3 ता 7 है। और उपरोक्त व्यक्ति उक्त भूमि का अपने-अपने प्लाट की प्लाटिंग करके अन्य व्यक्तियों को विक्रय करने की फिराक में हैं, यदि किसी के द्वारा उक्त अनुबन्धित/वादग्रस्त आराजी रकवा को क्रय, गहन, दान अथवा अन्य प्रकार से अन्तरण करने, कराने का प्रयास किया जाता है। तो भविष्य में होने वाले क्षतिपूर्ति के लिए वह स्वयं जबावदार होगा नोटिस प्रकाशन अधिवक्ता की ओर से जारी की जाती है ताकि सनद रहे उक्त जरुरत काम आवे। क्योंकि उक्त भूमि का विवाद उक्त न्यायालय में राम प्रकाश गुप्ता बनाम रणजीत सिंह वगैरह के नाम से लंबित है जिसकी अगली पेशी 28.03.2025 है।

दिनांक– 17/02/2025

भवदीय
संजय कुमार तिवारी
जिला एवं सत्र न्यायालय रीवा (म.प्र.)
मो.नं.– 9301328068

RN- 80887

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, रतलाम (म.प्र.)

क्रमांक/82/ज.प्र./2025 रतलाम, दिनांक 14.02.2025

**:: ई-निविदा आमंत्रण ::**

नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रण की जाती है जिसकी विस्तृत जानकारी ऑनलाईन वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है:-

| क्र | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 403025 | Mechanized Cleaning of Flocculated and 45 Nos water Tank and Sump well at Ratlam City as per Estimate (प्रथम आमंत्रण) | 1- 90 Days<br>2- 35,84,000/- | 1- 5,000/-<br>2- 50,000/- | 1- 18/03/2025<br>15:30 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जलप्रदाय
नगर पालिक निगम, रतलाम

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यॉत्रिकी खण्ड, मऊगंज जिला मऊगंज (म0प्र0)

**निविदा सूचना क्रमांक 07/2024–25 दिनांक 13.02.2025**

ऑन लाइन ई–टेण्डरिंग के माध्यम से एपेन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर निविदा मऊगंज जिले के लोक स्वास्थ्य यॉत्रिकी खण्ड मऊगंज अन्तर्गत विभिन्न विकासखण्ड़ों में स्थापित हैण्डपंपों के निरीक्षण कार्य एवं अन्य विभागीय कार्यों हेतु निम्नानुसार वाहनों हेतु वाहन मालिकों से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

ऑन लाइन निविदा पब्लिशिंग का दिनांक 14.02.2025 डाक्यूमेन्ट डाउन लोड/टेण्डर फार्म क्रय प्रारम्भ तिथि 14.02.2025 टेण्डर फार्म क्रय की अंतिम तिथि 28.02.2025 बिड सबमिशन प्रारम्भ का दिनांक 14.02.2025 एवं बिड सबमिशन का अंतिम तिथि 28.02.2025 को सायं 5.30 बजे तक निर्धारित हैं। Manadatory 'A' Open का दिनांक 03.03.2025 को अपरान्ह 3.30 बजे निर्धारित है। बिड ओपनिंग दिनांक 03.03.2025 है।

(2) उक्त निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय बेवसाइट (http//www.mptenders.gov.in) पर प्रदर्शित है।

(3) निविदाएँ, निर्धारित तिथि दिनांक 03.03.2025 को खोली जावेंगी।

(4) कार्य का विवरण :–
मऊगंज जिले के खण्ड मऊगंज अन्तर्गत विभिन्न विकासखण्डों में स्थापित हैण्डपंपों एवं अन्य कार्यो के निरीक्षण कार्य हेतु किराये से वाहनों की आवश्यकता।

| ई–टेण्डर नं0 | वाहन का नाम (2021) | कार्य की अनु0 लागत (रू. लाख में) | प्रतिभूति राशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 2025_PHED_401348_1 | बेलेरो टॉप मॉडल | 14.40 | 28800.00 | 2000.00 |

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर (On line System) क्रेडिट कार्ड या ऑन लाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्र
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,
मऊगंज, जिला मऊगंज (म.प्र.)

जी–23154/24

## *Notice Inviting Tender Government of Madhya Pradesh Office of the Executive Engineer Public Health Engineering DivisionMauganj (M.P.)*

NIT No 08/EE/PHED/2024-25 Mauganj, Dated 13/02/2025

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractorsand firms of repute fulfilling registration criteria:

| Tender No. | Name of Work | District(s) | Probable Amount of Contract (Rs. in lakh) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rupees) | Cost of Bid Document (In Rupees) | Criteria for Contractor | Period of Completion (in Months) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PHED_402428_1 | Providing Photocopy Xerox Machine with Photocopier for conducting photocopy workwith all size of Papers, Spiral Binding for Office of Executive Engineer, PHE Division Mauganj | Mauganj | 2.87 Lakhs | 5750.00 | 2000.00 | Ownership of Photocopy Machine | 12 Months |

Note:-
1. Tender live on line departmental Vebsite (http//www.mptenders.gov.in)
2. On line tender Purchase date 14.02.2025 to 28.02.2025
3. On line bid submission date 14.02.2025 to 28.02.2025
4. Manadatory 'A' & Financial bid opening date 03.03.2025

Executive Engineer,
P.H.E. Division, Mauganj
Mauganj (M.P.)

G-23158 /24

## नाम सुधार सूचना

मैं पप्पू लाल विश्वकर्मा पिता श्री रामपती निवासी–ऑगनबाडी के पास ग्राम भोलगढ़ पोस्ट–भोलगढ़ तहसील–हुजूर जिला रीवा म.प्र. का निवासी हूँ व शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे नाम से पंजाब नेशनल बैंक शाखा सैनिक स्कूल रीवा म.प्र. मे संचालित है, जिसका मै खाताधारी हूँ, जिसका खाता नं.–6293000100025451 है, जिसमें मेरा नाम–पप्पू दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम पप्पू लाल विश्वकर्मा दर्ज है। पप्पू लाल विश्वकर्मा एवं पप्पू ये दोनो नाम स्वयं शपथकर्ता खाताधारी का है। जो स्वयं शपथकर्ता है। अतः मेरा नाम जारी आधार कार्ड के अनुसार उक्त संचालित खाता में पप्पू की जगह पप्पू लाल विश्वकर्मा दर्ज किया जाए एवं लिखा, पढ़ा व जाना जाए।

RN- 80888 पप्पू लाल विश्वकर्मा

## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना संख्याः झॉसी-इन्जी0-सी-2025-26 दिनांकः 13.02.2025

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक / कार्य / झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नामः** बीना वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी सेक्शन : रॉक फॉल प्रोटेक्शन स्लोप स्टेबिलाइजेशन एंड अदर एंसीलरी वर्क्स इन कटिंग एरिया इन बिटवीन मोहासा - धौरा स्टेशन एडीईएन / ललितपुर जूरिडिक्शन।

**अनुमानित लागत (रू):** ₹ 6000449.00 **अमानत राशिः** ₹ 120000.00

**निविदा बन्द होने की तिथि: 12.03.2025 at 15:00 hrs.**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 06 माह

- निविदा **दिनांक 12.03.2025** को **15.00 बजे** तक आनलाईन जमा कर सकेगें।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। 311/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

# सहखातेदार छूरा दिखा दे रहे जान से मारने की धमकी

## पीड़ित पक्ष ने तहसीलदार से शिकायत कर की दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग



**जागरण, रीवा।** तहसील हुजूर के ग्राम अनन्तपुर निवासी मणिराज रामखेलावन मिश्रा, मुद्रिका प्रसाद स्व. चन्द्रभान राम मिश्रा, सुरेन्द्र प्रसाद स्व. चन्द्रभान राम मिश्रा, सुनील कृष्णमणि मिश्रा, उदय केशव प्रसाद मिश्रा, अशोक केशव प्रसाद मिश्रा, इंजेश स्व. राधिका प्रसाद मिश्रा ने तहसील हुजूर में तहसीलदार को शिकायत दर्ज कराई कि मूल आराजी नं. 227 में रास्ते से लगे पश्चिम दिशा में आराजी नंबर 228 में स्थित रास्ते से लगे रकबा में आरोपी राघव प्रसाद मिश्रा, हर्षनारायण मिश्रा, हरिनारायण मिश्रा द्वारा एकराय होकर जबरन बलपूर्वक रास्ते से लगे रकबा में विवाद कर प्रार्थीगण को अश्लील गालियां देते हुए छूरा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। शिकायत में बताया कि 227 आराजी भूमि प्रार्थी व आरोपीगणों की पैतृक भूमि है।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

## उप मुख्यमंत्री ने आमजनों से किया संवाद

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने जनसंवाद कार्यक्रम में सर्किट हाउस राजनिवास रीवा में आमजनों से संवाद करते हुए उनकी समस्यायें सुनीं तथा अधिकारियों को यथोचित निराकरण करने के निर्देश दिये।

## प्रोत्साहन राशि स्वीकृत

**रीवा।** अनुसूचित जाति वर्ग के प्रतिभावान बालक, बालिकाओं को प्रोत्साहन राशि के तौर पर 50 हजार रुपये स्वीकृत किये गये हैं। जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जितेन्द्र कुमार प्रजापति निवासी बीड़ा एवं साहिल वर्मा निवासी तिलक नगर रीवा को नीट के माध्यम से मेडिकल कॉलेज में प्रवेश प्राप्त होने पर पच्चीस-पच्चीस हजार रुपये की सहायता राशि मंजूर की गई है।

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)**
**3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)**
**(GST No. 23AAATM9054A3ZX)**

**NOTICE INVITING TENDER No. 332/MTN/2025**

**No./2255/22/D-12/NIT-Maint./2025** **Bhopal, Dated : 17.02.2025**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :-

- **SSR Applicable :-** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority effective from 01.01.2024 and amendments upto issue date of NIT.
- **Table No. 1 :- Name of Work -** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Agar Malwa | 2 | 3729435.00 |
| 2. | Ashoknagar | 2 | 7491402.00 |
| 3. | Betul | 2 | 68892062.00 |
| 4. | Bhind | 1 | 758011.00 |
| 5. | Chhatarpur | 1 | 6189817.00 |
| 6. | Chhindwara | 1 | 9588547.00 |
| 7. | Damoh | 3 | 115852495.00 |
| 8. | Dewas | 7 | 90171298.00 |
| 9. | Guna | 2 | 20858031.00 |
| 10. | Harda | 1 | 21008334.00 |
| 11. | Mandsaur | 3 | 23468457.00 |
| 12. | Narmadapuram | 2 | 29113757.00 |
| 13. | Panna | 2 | 3043202.00 |
| 14. | Raisen | 9 | 98695255.00 |
| 15. | Rajgarh | 3 | 93349950.00 |
| 16. | Ratlam | 3 | 118653342.00 |
| 17. | Rewa | 3 | 6373100.00 |
| 18. | Satna | 2 | 25861068.00 |
| 19. | Sehore | 2 | 15983592.00 |
| 20. | Seoni | 5 | 50369256.00 |
| 21. | Shahdol | 2 | 27857651.00 |
| 22. | Shajapur | 1 | 17224474.00 |
| 23. | Shivpuri | 4 | 134780718.00 |
| 24. | Singrauli | 1 | 11029406.00 |
| 25. | Ujjain | 2 | 18977143.00 |
| 26. | Umaria | 1 | 1584253.00 |
| 27. | Vidisha | 2 | 3657851.00 |

- **Table No. 2 :- Name of Work-** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 Year)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Balaghat | 1 | 13620580.00 |
| 2. | Betul | 2 | 27780404.00 |
| 3. | Chhatarpur | 1 | 9339423.00 |
| 4. | Chhindwara | 2 | 8123609.00 |
| 5. | Damoh | 2 | 17308083.00 |
| 6. | Datia | 1 | 19030212.00 |
| 7. | Dewas | 1 | 14919268.00 |
| 8. | Guna | 2 | 21034268.00 |
| 9. | Gwalior | 1 | 11086854.00 |
| 10. | Harda | 1 | 9066262.00 |
| 11. | Mandla | 1 | 15299400.00 |
| 12. | Mandsaur | 3 | 27530176.00 |
| 13. | Narsinghpur | 1 | 7311034.00 |
| 14. | Neemuch | 1 | 5100179.00 |
| 15. | Ratlam | 2 | 36138565.00 |
| 16. | Rewa | 1 | 3899817.00 |
| 17. | Sagar | 4 | 53945742.00 |
| 18. | Satna | 2 | 26592294.00 |
| 19. | Sehore | 2 | 5781072.00 |
| 20. | Seoni | 1 | 6946172.00 |
| 21. | Shajapur | 3 | 35608749.00 |
| 22. | Sheopur | 1 | 7238837.00 |
| 23. | Shivpuri | 4 | 48134957.00 |
| 24. | Sidhi | 1 | 15909114.00 |
| 25. | Singrauli | 3 | 21853072.00 |
| 26. | Ujjain | 1 | 14034613.00 |

- **Table No. 3 :- Name of Work -** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 15 Year)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Ashoknagar | 1 | 12348882.00 |
| 2. | Bhind | 1 | 11122635.00 |
| 3. | Chhatarpur | 2 | 69956597.00 |
| 4. | Chhindwara | 2 | 24081759.00 |
| 5. | Damoh | 3 | 57016001.00 |
| 6. | Guna | 3 | 27286145.00 |
| 7. | Panna | 3 | 59860443.00 |
| 8. | Raisen | 1 | 31204886.00 |
| 9. | Rajgarh | 2 | 34690772.00 |
| 10. | Ratlam | 1 | 6496378.00 |
| 11. | Rewa | 1 | 5241190.00 |
| 12. | Satna | 5 | 71084015.00 |
| 13. | Sehore | 3 | 43607573.00 |
| 14. | Seoni | 9 | 103910668.00 |
| 15. | Shivpuri | 2 | 12629293.00 |
| 16. | Sidhi | 2 | 12877267.00 |
| 17. | Tikamgarh | 1 | 17067206.00 |
| 18. | Singrauli | 1 | 4566182.00 |
| 19. | Ujjain | 2 | 19169429.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **21.02.2025 from 17:30 hrs.** and last date for online bid submission is **18.03.2025 (17:00 hrs.)**.
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

M.P. Madhyam/118836/2025

'मेरी सड़क' ऐप डाउनलोड कर, फीडबेक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)**
**3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)**
**(GST No. 23AAATM9054A3ZX)**

**No./2261/22/D-12/MPRRDA/2025** **Bhopal, Dated : 17.02.2025**

**NOTICE INVITING TENDER No. 1215 (PM-JANMAN)**

**(Batch-I, II, III & IV, Year-2024-25)**

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in** as detailed below:-

- **Name of Work –** Construction/Up-gradation of Rural Roads under PMGSY including maintenance for Five year after construction.
- **SSR Applicable :-** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority, effective from 01.01.2024 and amended upto issue date of NIT.
- **Table-1, PMAJANMAN-Batch-I**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | No. of Road | Total Length (in kms.) | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Shahdol | 1 | 1 | 0.64 | 3349068/- |

- **Table-2, PMAJANMAN-Batch-II**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | No. of Road | Total Length (in kms.) | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Vidisha | 1 | 1 | 0.59 | 4306000/- |

- **Table-3, PMAJANMAN-Batch-III**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | No. of Road | Total Length (in kms.) | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Shivpuri | 1 | 1 | 4.75 | 38402000/- |
| 2. | Sidhi | 1 | 3 | 10.45 | 71504000/- |
| 3. | Singrauli | 2 | 2 | 5.00 | 32664549/- |

- **Table-4, PMAJANMAN-Batch-IV**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | No. of Road | Total Length (in kms.) | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Chhindwara | 1 | 2 | 5.10 | 35093000/- |
| 2. | Singrauli | 2 | 2 | 3.51 | 21181227/- |

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission:** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in**. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online from 19.02.2025 (17:30 hrs.) and last date for online bid submission is **10.03.2025 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

M.P. Madhyam/118834/2025

## थाना से प्रश्नपत्र निकालने और वितरित करने तक की समय सीमा तय

# रिटायर्ड अधिकारी, प्राचार्य भी करेंगे बोर्ड की ड्यूटी, प्रेक्षक बनाए जाएंगे

### विकासखंडों में उड़नदस्ता बनाएं जाएंगे, डिप्टी कलेक्टर या समकक्ष अधिकारी नकल रोकेंगे

### संवेदनशील और अति संवेदशनशील परीक्षा केन्द्र के आसपास रहेगी धारा 144

जागरण, रीवा

बोर्ड परीक्षा में इस बार चुनाव जैसी सख्ती और व्यवस्थाएं देखने को मिलेंगी। चुनाव में जिस तरह से प्रेक्षक नियुक्त होते हैं। उसी तरह इस मर्तबा बोर्ड परीक्षा में भी प्रेक्षक नियुक्त किए जाएंगे। प्रेक्षक का काम रिटायर्ड अधिकारी और प्राचार्य करेंगे। इतना ही नहीं, परीक्षा कक्षों में निरीक्षण के लिए डिप्टी कलेक्टर या उनके समकक्ष अधिकारियों का उड़नदस्ता बनाया जाएगा। इसमें भी रिटायर्ड एसडीएम या फिर उनके समक्षक अधिकारियों को शामिल किया जाएगा। ज्ञात हो कि बोर्ड परीक्षाएं 25 फरवरी और 27 फरवरी से शुरू हो रही हैं। इसके पहले केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्षों को ट्रेंड करने का काम चालू हैं। 21 और 22 फरवरी को समन्वयक संस्था से परीक्षा केन्द्रों के लिए प्रश्न पत्रों का वितरण किया जाएगा। प्रश्न पत्र का वितरण कलेक्टर प्रतिनिधि, जिला शिक्षा अधिकारी की मौजूदगी में सुरक्षा व्यवस्था के बीच किया जाएगा। प्रश्न पत्रों के बाक्स का वितरण करने के बाद इन्हें पेटी में बंद कर केन्द्रों के समीपस्थ थानों में रखा जाएगा। इस मर्तबा प्रश्न पत्रों की डबल पैकिंग की गई है। जिला समन्वयक संस्था को प्रश्न पत्रों के केन्द्रवार बाक्स प्राप्त हुए हैं। इसमें भी तिथिवार बाक्स रखे गए हैं। केन्द्राध्यक्षों को तिथिवार शील्ड बाक्स वितरित किया जाएगा। परीक्षा के दिन प्रश्न पत्रों के पैकेट्स केन्द्राध्यक्ष के कक्ष में नहीं खुलेंगे। इस बार थानों से लाने के बाद सीधे कक्ष में लिफाफा खोला जाएगा।

**दो घंटे पहले से ही 100 गज तक का एरिया रहेगा प्रतिबंधित** : परीक्षा शुरू होने के दो घंटे पहले से ही परीक्षा केन्द्र से 100 गज की दूरी तक का क्षेत्र पूरी तरह से प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर दिया जाएगा। 100 गज की दूरी के अंदर किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इतना ही नहीं, संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर सक्षम अधिकारी दंड प्रक्रिया संहित 1973 की धारा 144 के अनुसार कार्रवाई कर सकेंगे।

संवेदनशील, अतिसंवेदनशील केन्द्रों के लिए अधिकतम 10 दिन के लिए हायर सेकेण्डरी की मुख्य परीक्षा और हाई स्कूल की मुख्य परीक्षा के लिए प्रेक्षकों का चयन और नियुक्ति कलेक्टर कर सकेंगे। इसके लिए रीवा में निवासरत और पांच वर्ष के अंदर रिटायर्ड प्रथम श्रेणी और द्वितीय श्रेणी अधिकारी एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य को प्रेक्षक नियुक्त किया जा सकेगा। प्रेक्षकों की ड्यूटी निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारंभ होने से आधे धंटे पूर्व से लेकर उत्तर पुस्तिका को निर्धारित स्थान पर जमा करने तक रहेगी। प्रेक्षक केन्द्रों पर प्रश्न पत्रों का बाक्स खुलवाएंगे। यह भी सुनिश्चित करेंगे कि प्रश्न पत्र किसी भी दशा में केन्द्र से बाहर न जाएं। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों में 1/4 की गार्ड की ड्यूटी लगाई जाएगी।



## केन्द्राध्यक्षों और सहायक केन्द्राध्यक्षों की हुई कलेक्ट्रेट में ट्रेनिंग

**जागरण, रीवा।** बोर्ड परीक्षा को लेकर इस मर्तबा ज्यादा सख्ती बरती जा रही है। परीक्षा में शामिल होने वाले केन्द्राध्यक्षों से लेकर सहायक केन्द्राध्यक्षों को भी ट्रेंड किया जा रहा है। नियमों का घुट्टी पिलाई जा रही है। इसके पहले कलेक्टर प्रतिनिधियों की ट्रेनिंग पूरी हो गई है। अब रीवा और मऊगंज के परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्षों और सहायक केन्द्राध्यक्षों को ट्रेंनिंग दी जा रही है। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में रीवा जिला के परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्षों और सहायक केन्द्राध्यक्षों को सुबह 11 बजे बुलाया गया था। सभी को परीक्षा से जुड़ी हुई जानकारियां उपलब्ध कराई गई हैं। परीक्षा के दौरान किसकी क्या जिम्मेदारी होगी, यह भी बताया गया है।

**आज मऊगंज में होगी ट्रेनिंग :** बोर्ड परीक्षा में कुल 94 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इसमें मऊगंज में 23 परीक्षा केन्द्र शामिल हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हाई और हायर सेकेण्डरी परीक्षा के ऊगंज जिलके सभी केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्षों का प्रशिक्षण 18 फरवरी को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय मऊगंज में आयोजित किया जाएगा। सभी केन्द्राध्यक्षों और सहायक केन्द्राध्यक्षों को नियम समय पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।

### हर दिन बॉक्स को सील करना होगा

सभी थाना और चौकी में गोपनीय सामग्री निकालने के लिए केन्द्राध्यक्ष,या फिर सहायक केन्द्राध्यक्ष, थाना प्रभारी, कलेक्टर के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। कलेक्टर के प्रतिनिधि की अनुपस्थिति में कलेक्टर या फिर सीईओ जिला पंचायत से मार्गदर्शन लेना होगा। इसके बाद ही प्रश्न पत्र के बाक्स निकाल सकेंगे। प्रत्येक परीक्षा के दिन प्रश्न पत्र निकालने और ले जाने के पहले सहायक केन्द्राध्यक्ष, थाना प्रभारी और कलेक्टर प्रतिनिधि को अभिरक्षा पंजी में हस्ताक्षर करना होगा। जिस पेटी में प्रश्न पत्र रखे जाएंगे। उसमें दो ताले लगाए जाएंगे। ताला की एक चाबी केन्द्राध्यक्ष के पास रहेगी तो दूसरे की चाबी सहायक केन्द्राध्यक्ष के पास रहेगी। प्रश्न पत्र निकालने के बाद हर दिन पेटी को सील किया जाएगा।

### प्रश्न पत्रों के लिए समय सीमा की गई है तय

बोर्ड परीक्षा में थाना ने प्रश्न पत्र उठाने से लेकर वितरण तक के लिए समय का निर्धारण किया गया है। तय समय में ही सारे काम करने होंगे। केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, कलेक्टर प्रतिनिधि को थाना में परीक्षा तिथि के दिन सुबह 6 से 7 बजे तक उपस्थित होना होगा। 7 बजे के बाद प्रश्न पत्र बाक्स निकालना होगा। 8.30 बजे तक प्रश्न पत्र का बाक्स लेकर परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना होगा। प्रश्न पत्रों के बाक्स खालने के पहले 6 तरह के वीडियो बनाकर माशिमं को वाट्सएप की कार्रवाई और प्रश्न पत्र बाक्स को खोलने की कार्रवाई 8.30 बजे तक पूरी करनी होगी। परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राध्यक्ष द्वारा पर्यवेक्षकों को प्रश्न पत्र का वितरण 8.45 बजे तक करना होगा। पर्यवेक्षकों द्वारा परीक्षा कक्ष में छात्रों को उत्तर पुस्तिकाएं 8.50 पर वितरित करनी पड़ेगी। 8.55 बजे पर्यवेक्षकों को प्रश्न पत्र के पैकेट खोलना और छात्रों को वितरित करना होगा।

# बिलाबांग के छात्रों ने पीटीएस का किया भ्रमण



**जागरण, रीवा।** सोमवार को बिलाबांग स्कूल रीवा के करीब 40 विद्यार्थियों को पुलिस प्रशिक्षण शाला की टीम ने प्रशिक्षित किया। बिलाबांग के छात्र शैक्षणिक भ्रमण पर पीटीएस पहुंचे थे। छात्रों को पीटीएस टीम ने पुलिस प्रशिक्षण शाला का भ्रमण कराया। किस तरह से ट्रेनिंग दी जाती हैं। सुविधाओं से भी अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन भी छात्रों से रूबरू हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रोत्साहित किया। उन्हें समझाइश भी दी। साथ ही निरीक्षक चित्रांगदा सिंह ने विद्यार्थियों को साइबर सेफ्टी के संबंध में जागरूक किया। उनके बेहतर भविष्य के लिए उन्हें करियर संबंधी जानकारी दी गई। शिक्षकों और विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को भी शांत किया गया। छात्रों ने पीटीएस टीम से कई तरह के सवाल किए। उनके जवाब भी दिए गए। छात्रों ने टीम को स्कूल में विजिट पर आने के लिए भी आमंत्रित किया।

## युवा संगम कार्यक्रम:118 युवाओं को मिले रोजगार के अवसर

**जागरण, रीवा।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत शिक्षण संस्थाओं में रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन में शासकीय आईटीआई रीवा में एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया गया। इसमें 323 आवेदकों ने पंजीयन कराया। मेले में शामिल 11 निजी कंपनियों ने 118 युवाओं का चयन किया। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में टाटा मोटर ऑटो मोबाइल कंपनी अहमदाबाद गुजरात ने 12 युवाओं का चयन किया। इसी तरह ख्याति शील्ड वैन्टुरेज प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़ ने 15, प्राकृतशील बॉयोटेक प्रा. लि. सतना ने 4, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा ने 12, प्रगतिशील बायोटेक रीवा ने 10, फूड प्रोड्क्टस उद्योग विहार चोरहटा ने 14, डीएमसी फिनिशिंग स्कूल प्राइवेट लिमिटेड पुणे ने 10, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा ने 14 तथा डी एण्ड एच सेचरोन इंदौर ने 27 युवाओं का चयन किया। रोजगार मेले के सफल आयोजन में जिला रोजगार कार्यालय तथा आईटीआई के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर संपन्न

**जागरण, रीवा।** शहर के सुन्दर नगर में आयुष्मान हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर के तत्वावधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 400 लोगों की नि:शुल्क जांच अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा कर नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गई। शिविर में सुन्दर नगर के लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसमें भूतपूर्व पार्षद सतीश सिंह, सुशील सेन, नीलम सेन, लालता त्रिपाठी, रोहित सेन, माया सेन, दीपू, रजनीश आदि ने सहयोग प्रदान किया।

# परीक्षा परिणाम में सुधार लाने छात्रों को करेंगे प्रोत्साहित

### विद्यार्थी का शैक्षिक स्तर बढ़ाने लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किया पत्र

**जागरण, रीवा।** सरकारी विद्यालयों के शिक्षक विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम में सुधार लाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। पिछली कक्षा में कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी पर मानसिक दबाब नहीं डाला जायेगा। वरन् ठीक से समझाकर शिक्षक संबंधित विद्यार्थी का शैक्षिक स्तर बढ़ाने में मदद करेंगे। लोक शिक्षण संचालनालय ने इस बाबत विगत माह निर्देश जारी किए हैं। शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए संचालनालय ने लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कहा है। विद्यालय में सभी के लिए अलग-अलग लक्ष्य संचालनालय ने तय किए हैं। इन लक्ष्यों की पूर्ति के लिए संबंधित जिम्मेदारों को दस्तावेजीकरण भी करना होगा। विद्यार्थी व कक्षा के रिजल्ट में सुधार होने पर शिक्षकों को सम्मानित भी किया जायेगा। जारी पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि यदि कक्षा या विद्यार्थी के परिणाम में गिरावट आती है, तो उसके लिए भी जिम्मेदारी तय की जायेगी। पिछली कक्षा की अपेक्षा आगामी कक्षा में कम अंक यदि विद्यार्थी को प्राप्त हुए तो अनुशासनात्मक कार्यवाही हो सकती है।

### हर साल होती है ऐसी कसावट

गौरतलब है कि सत्र 2023-24 में बोर्ड परीक्षा 10वीं, 12वीं का परिणाम कुछ खास ठीक नहीं रहा। जिले के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले कुछ बच्चे तो अव्वल रहे, लेकिन अधिकांश विद्यार्थियों का रिजल्ट कमतर आका गया। यह स्थिति पिछले कुछ सालों में निरंतर बनी हुई। वह भी तब, जब सरकार विद्यार्थी को पास करने कोई न कोई व्यवस्था करती रहती है। साथ में विभाग भी प्रायः हर साल रिजल्ट में सुधार लाने के कई तरह की कसावट करता है, फिर भी जिले में बोर्ड परीक्षा का परिणाम अब तक उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। लिहाजा फिर से विभाग ने शिक्षकों को सुधारने उक्त हिदायत दी है।

# पुरातत्विक भ्रमण को वार्षिक कैलेण्डर में किया जायेगा सम्मलित

### महाविद्यालय के छात्रों को संग्रहालयों का कराना होगा शैक्षणिक भ्रमण




**जागरण, रीवा।** शासकीय महाविद्यालयों के छात्रों को पुरातत्व संग्रहालयों का शैक्षणिक भ्रमण कराया जायेगा। विद्यार्थियों को देश की विरासत और सांस्कृतिक चेतना से अवगत कराने हेतु संग्रहालयों का भ्रमण कराने का निर्णय लिया गया है। इस बाबत उच्च शिक्षा विभाग ने सभी महाविद्यालयों को विगत माह निर्देश जारी किए हैं और कार्यवाही करने के लिए कहा है। ताकि समय पर छात्रों को इसका लाभ मिल सके।

गौरतलब है कि रीवा जिले में ही जिला स्तरीय पुरातत्व संग्रहालय है। इसके अलावा, रीवा विश्वविद्यालय में भी एक म्यूजियम हैं। रीवा राजघराने के महल में एक संग्रहालय बनाया गया है। इन संग्रहालयों में विंध्य की विरासत की झलक देखने को मिलती है। इसके अतिरिक्त नजदीकी जिले सतना के रामवन में राज्य स्तरीय तुलसी संग्रहालय स्थापित है। ऐसे ही, शहडोल पन्ना, खजुराहो, टीकमगढ़, सांची, चंदेरी भी रीवा के समीपी जिले हैं, जहां वृहद स्तर पर संग्रहालयों में सांस्कृतिक विरासत सहेज कर रखी गई है। इन विरासतों से छात्रों को परिचित कराने के उद्देश्य से विभाग ने उक्त निर्देश जारी किए हैं। विभाग के अवर सचिव ने जारी पत्र में उल्लेखित किया है कि संग्रहालयों के शैक्षणिक भ्रमण संबंधी कार्ययोजना को महाविद्यालय के वार्षिक कैलेण्डर में सम्मलित किया जाए, जिसे जिले के पुरातत्व विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर तैयार किया जाए। यह कार्यवाही मुख्यमंत्री के आदेशानुसार की जानी है। इस शैक्षणिक भ्रमण का व्यय महाविद्यालयों को जनभागीदारी मद से करना होगा। निर्देश पत्र के साथ प्रदेश के संग्रहालयों की सूची भी संलग्न की गई है, जहां छात्रों को भ्रमण कराया जाना है।

# शहर की मलिन बस्तियों में शिक्षा की जागरुकता है पर संसाधन नहीं

### शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के शोध सर्वे में सामने आई जानकारी



**जागरण, रीवा।** शहर की मलिन बस्तियों में अभिभावक अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने की चाह तो रखते हैं और अपने बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला भी दिलवा रखा है, लेकिन संसाधन के अभाव में जागरुकता के बाद भी शिक्षा का स्तर बेहद न्यूनतम है। यह जानकारी मलिन बस्तियों में जीवन-यापन कर रहे बच्चों को प्राप्त सुविधाएं एवं उनके शैक्षिक स्तर का अध्ययन विषय पर शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय रीवा के एम एड द्वितीय वर्ष के शोधार्थी विजय शर्मा स्वामी द्वारा कराये गये शोध सर्वे में सामने आई है। शोध टीम में उनके अलावा पन्नालाल नामदेव, जयप्रकाश मिश्र, धीरेन्द्र चौधरी शामिल थे। नगर निगम रीवा के वार्ड क्रमांक 10 में स्थित मलिन बस्ती सामुदायिक केन्द्र नेहरू नगर से शिवनगर मोड़ तक रिहायशी इलाके का सर्वे कार्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामरनरेश पटेल एवं वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. पंकजनाथ मिश्र के निर्देशन में 10 से 15 फरवरी तक किया गया। पांच दिवसीय सर्वे में पचास से ज्यादा बच्चों से संपर्क कर साक्षात्कार एवं प्रश्नावली शोध टूल्स के माध्यम से बच्चों को प्रदाय सुविधाएं एवं शैक्षिक स्तर की जानकारी संकलित की गई। जिसमे यह जानकारी सामने आई है कि उक्त बस्ती में भले ही आबादी गरीब, पिछड़े एवं वंचित वर्ग से है किन्तु शिक्षा के प्रति सभी की जागरुकता असाधारण है। बच्चों के माता-पिता या संरक्षक ज्यादातर पुश्तैनी पेशे से जुड़े कामों में संलग्न हैं। प्रतिदिन की कमाई अति न्यूनतम है फिर भी धन की कमी उनके बच्चों की पढ़ाई पर बाधक नहीं है। बस्ती के अस्सी फीसदी बच्चों का दाखिला अशासकीय शालाओं में है जबकि बीस फीसदी बच्चे शासकीय स्कूलों में पढ़ रहे हैं। पानी की टंकी के पास आदिवासी बस्ती में जो छात्र मिले, उनका शैक्षिक स्तर औसत से काफी कम पाया गया। टीम द्वारा पूछे गये प्रश्नों से बच्चे और उनके अभिवावक दोनों बचते नजर आये। लगभग तीस बच्चों का सर्वे करने पर ज्ञात हुआ कि कुछ बच्चे अभी भी स्कूल नहीं जा रहे हैं इन छात्रों ने ड्रेस न मिलने की शिकायत की। शासन की इतनी पैनी नजर के बावजूद अप्रवेशी व ड्रापआउट बच्चों का चिन्हित होना पूरी शिक्षा व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। इस मलिन बस्ती में एक समान वातावरण है। कम आय होने के बाद भी लोग बच्चों की शिक्षा के प्रति बेहद जागरूक हैं। इसी मलिन बस्ती में जहां आदिवासी वर्ग बहुतायत में है, शिक्षा के प्रति उदासी स्पष्टतः परिलक्षित होती है। बच्चों का शैक्षिक स्तर न्यूनतम है। अभिवावकों में शिक्षा के प्रति जागरुकता की कमी है।

**प्रख्यात कैंसर सर्जन डॉ विनीत तिवारी के द्वारा OPD प्रतिदिन रीवा में**



रीवा। विंध्य क्षेत्र के प्रथम मान्यता प्राप्त प्रख्यात कैंसर सर्जन एवं कैंसर रोग सुपर स्पेशलिस्ट डॉ विनीत कुमार तिवारी MBBS, MS (Surgery) मेडिकल कालेज जबलपुर, FALS, FIAGES, Dr NB सुपर स्पेशलिटी (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) नई दिल्ली, रोबोटिक एवं मिनिमल सर्जरी में फेलोशिप, इंडियन एसोशिएशन ऑफ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जन की फेलोशिप कंसल्टेंट सर्जन के द्वारा प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक एवं शाम 05 बजे साल से 07 बजे तक, कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/डाइग्नोस्टिक×विज़न हार्ट सेंटर, ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा (कामता मेडिकल) में , कैंसर से सम्बंधित सभी प्रकार की बीमारियां जैसे स्तन कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, मुँह का कैंसर, स्वांस की नली का कैंसर, खाने की नली का कैंसर,अग्नाशय का कैसर, पित्त की थैली (गालब्लैडर)का कैंसर,किडनी का कैंसर, पेशाब की थैली का कैंसर, छोटी बड़ी आँत का कैंसर, आमाशय का कैंसर, थायराइड कैंसर, मांसपेशियों का कैंसर, व अन्य सभी प्रकार के कैंसर का परामर्श देकर प्रतिदिन इलाज किया जाता है, अधिक जानकारी, पंजीयन व परामर्श हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -ADVT

# कृषकों को उद्यमी बनने हेतु प्रेरित किया

### कृषि विज्ञान केन्द्र में हुआ आयोजन




**जागरण, रीवा।** 28 वीं वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र रीवा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा रहे। अध्यक्षता डॉ एसके त्रिपाठी अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय ने की एवं विशिष्ट अतिथि डॉ एम ए आलम पूर्व प्राध्यापक कृषि महाविद्यालय रीवा थे। डॉ एके पांडेय केंद्र प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र रीवा ने वैज्ञानिक समिति बैठक में आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। कृषि विज्ञान केन्द्र रीवा के वैज्ञानिक डॉ बीके तिवारी ने केवीके द्वारा खरीफ-24 प्रगति प्रतिवेदन एवं रबी -2025 में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की कार्ययोजना पावर प्वाइंट द्वारा प्रस्तुत किया। कृषि महाविद्यालय रीवा के अधिष्ठाता डॉ. एस. के. त्रिपाठी ने बताया कि रीवा में सिंचाई की उपलब्धता के साथ-साथ कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा नई नई तकनीकों को गाँव स्तर पर पहुंचाया जिससे फसलों एवं फलों का रकबा व उत्पादन दोनों बढ़ा। मुख्य अतिथि डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा संचालक विस्तार सेवाएं ने अपने उद्बोधन में समन्वित कृषि प्रणाली पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खेती के साथ साथ मछली पालन, बकरी पालन, कुक्कुट पालन, पशुपालन को भी अपनाना होगा। डॉ शर्मा ने कहा पराली नहीं जलानी चाहिए उससे मिट्टी का स्वास्थ्य खराब होता है एवं संबंधित विभागों को एकीकृत योजना के आधार पर कृषकों को लाभकारी तकनीकी से जोड़ने का आग्रह किया। डॉ शर्मा ने कृषि विज्ञान केन्द्र रीवा के मार्गदर्शन में शासन द्वारा चयनित एग्री स्टार्टअप की सराहना करते हुए अन्य कृषकों को भी उद्यमी बनने हेतु प्रेरित किया। डॉ अखिलेश कुमार के मार्गदर्शन में प्रगतिशील कृषकों को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षित वर्मी कंपोस्ट उत्पादक कृषकों को डॉ. शर्मा द्वारा वर्मी बेड देकर सम्मनित किया गया। संचालक विस्तार सेवाएं द्वारा केंद्र के वैज्ञानिकों डॉ अखिलेश कुमार, संदीप शर्मा, एम के मिश्रा, मंजू शुक्ला द्वारा लिखित पुस्तक एवं फोल्डर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि डॉ आलम ने कहा कि फसलों में जैव कीटनाशकों का प्रयोग करना चाहिये। इस अवसर पर डॉ निशा पांडेय प्रधानाचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज रीवा ने कहा कि खेती जीवन का मूल आधार है। इसलिए मैं अपने छात्र छात्राओं को आगामी दिनों में कृषि विज्ञान केन्द्र पर ओरिएंटेशन के माध्यम से उन्हें नई तकनीकों से अवगत कराना चाहूँगी। डॉ अंजना सिंह उप संचालक / संयुक्त संचालक मत्स्य विभाग ने कृषकों का आह्वान किया कि किसान मछली पालन करके अपनी आय को दोगुना कर सकते हैं जिसके लिए आगामी खरीफ मौसम में मछली के बच्चे विभाग से ले सकते हैं साथ ही साथ नई नई योजनाओं से जुड़ सकते हैं। बैठक में आगामी कृषि कार्य योजना से संबंधित विस्तृत चर्चा में कृषि विभाग से उपसंचालक, पशु पालन एवं चिकित्सा विभाग से अनवर आलम, उद्यानिकी विभाग से डॉ रवि सिंह बघेल एवं डॉ वंदना द्विवेदी, कृषि उत्पादक संगठन, एन. जी. ओ., आदि के अधिकारियों के साथ प्रगतिशील कृषकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने अपने विषय में किसानों के हित के लिए सुझाव दिये। कार्यक्रम में केन्द्र के वैज्ञानिक अखिलेश पटेल, डा. सी. जे. सिंह, डॉ. किंजल्क सिंह डॉ बीके तिवारी, डॉ अखिलेश कुमार, डॉ संजय सिंह, डॉ. के. एस. बघेल, एम के मिश्रा, मंजू शुक्ला एवं निर्मला वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ब्रजेश तिवारी एवं आभार प्रदर्शन डॉ. किंजल्क सिंह ने किया।

# स्मार्ट क्लास के लिए महाविद्यालयों में नहीं लगी इंटीग्रेटेड मशीन

### प्रशिक्षण देने व प्रस्ताव मांगने के बाद ठंडी पड़ी योजना

**जागरण, रीवा।** जिले के सरकारी महाविद्यालयों के छात्रों को स्मार्ट क्लास के जरिये ज्ञान नहीं मिल पाया। और न ही जिले के सभी सरकारी महाविद्यालयों में इंटीग्रेटेड मशीन लग पाई। स्मार्ट क्लास योजना के तहत यह कार्यवाही होनी थी। योजना को अमलीजामा पहनाने उच्च शिक्षा विभाग ने मार्च 2019 में कार्यवाही शुरू की थी, जिसके तहत जिले के कुछ सरकारी महाविद्यालयों को भोपाल में प्रशिक्षण भी दिलाया गया। इसके उपरांत सरकारी महाविद्यालयों से उक्त तकनीकी सिस्टम स्थापित करने प्रस्ताव मांगे गए। अब प्रस्ताव प्राप्त करने के बाद से विभाग द्वारा इस दिशा में कोई कार्यवाही नहीं की गई। जबकि प्रस्ताव भेजने वाले महाविद्यालयों को उक्त मशीन क्रय करने की अनुमति विभाग को देनी थी। मशीन महाविद्यालयों को स्वयं के खर्च से डेढ़ लाख रूपये में खरीदनी थी। अब कह सकते हैं कि योजना के क्रियान्वयन में लगा पैसा और समय सब बेकार हो गया तथा छात्रों को नई तकनीक के माध्यम से ज्ञान का लाभ नहीं मिल पाया। बताते हैं कि यदि सभी सरकारी महाविद्यालयों में इंटीग्रेटेड मशीन लग जाती तो सभी शिक्षक कम्प्यूटर ऑपरेटेड इस मशीन का उपयोग अपने प्रेजेंटेशन डाटा के लिए कर पाते। इस तरह शिक्षक कक्षाओं में छात्रों को बेहतर तरीके से प्रायोगिक व मौलिक ज्ञान देने में सक्षम होते।



### इंटीग्रेटेड मशीन की दी थी जानकारी

गौरतलब है कि मार्च 2019 में हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों को नई इंटीग्रेटेड मशीन की जानकारी दी गई। साथ ही मशीन को चलाने व उसके नये फंक्शन से शिक्षकों को अवगत कराया गया। उक्त तकनीकी सिस्टम में शिक्षक पॉवर प्वाइंट, वीडियो या अन्य तरह की डाटा फाइल का उपयोग कर सकते हैं। बच्चों को पढ़ाने के लिए बनी ऐसी फाइल को इस मशीन में सीडी, पेन ड्राइव के जरिये दिया सकता है। यह मशीन अत्याधुनिक मशीन सफेद दीवार पर भी फोकस कर काम करती है। लेक्चर या प्रेजेंटेशन के समय शिक्षक को सुधार का विकल्प भी मिलता है, इसके लिए मशीन के साथ एक सेंसर पेन होता है। यह प्रोजेक्ट ऑनलाइन वर्चुअल क्लास से इतर ऑफलाइन काम करता है।

दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com
रीवा, 18 फरवरी 2025 फालगुन कृष्ण 06 संवत 2081
संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त




**गीता**

जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च।
तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि॥

**भावार्थ :** जन्मने वाले की मृत्यु निश्चित है और मरने वाले का जन्म निश्चित है इसलिए जो अटल है अपरिहार्य है उसके विषय में तुमको शोक नहीं करना चाहिये।

# लोगों की गाढ़ी कमाई को बैंक से ही खतरा

सहकारी बैंकों में अपनी गाढ़ी कमाई जमा करना अब लोगों के लिए जोखिम भरा हो गया है। निम्न और मध्यम आयवर्ग के लोग अपनी जरूरतों में कटौती कर बेटी की शादी या बच्चों की शिक्षा के लिए इस भरोसे से अपनी छोटी पूंजी जमा करते हैं ताकि समय आने पर उसका सदुपयोग करेंगे। मगर सहकारी बैंकों में जिस तरह आए दिन गबन और घोटाले सामने आ रहे हैं, उससे उनका विश्वास डगमगा गया है।

यह सच्चाई है कि इन बैंकों से कर्ज लेकर कुछ शातिर गायब हो जाते हैं और कभी-कभी तो प्रबंधक ही धांधली कर गरीबों की जमाराशि डकार जाते हैं। रिजर्व बैंक की सख्ती के बावजूद सहकारी बैंक अपने आय-व्यय ब्योरे में गड़बड़ियां करते हैं, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? मुंबई में न्यू इंडिया को-आपरेटिव बैंक में 122 करोड़ रुपए के गबन के बाद एक बार फिर यह साबित हुआ है कि सहकारी बैंकों में पैसा सुरक्षित नहीं है। हालांकि रिजर्व बैंक ने कड़े कदम उठा कर और कई पाबंदियां लगा कर संकेत दिया है कि वह ऐसे मामलों को बर्दाश्त नहीं करेगा और उसे बैंक ग्राहकों की चिंता है। कोई दो मत नहीं कि अब इन बैंकों में पारदर्शिता और विश्वसनीयता कायम करना आवश्यक है। चिंता की बात है कि सहकारी बैंकों में एक के बाद एक घोटाले हो रहे हैं। ये बैंक अपने बड़े कारोबार दर्शा कर आम नागरिकों को पैसे जमा करने और अधिक ब्याज का प्रलोभन देते हैं।

**मुंबई में न्यू इंडिया को-आपरेटिव बैंक में 122 करोड़ रुपए के गबन के बाद एक बार फिर यह साबित हुआ है कि सहकारी बैंकों में पैसा सुरक्षित नहीं है। कोई दो मत नहीं कि अब इन बैंकों में पारदर्शिता और विश्वसनीयता कायम करना आवश्यक हो गया है।**

हालांकि इन बैंकों के नियमन और निगरानी की व्यवस्था है, फिर भी इनके संचालन से जुड़े कर्मचारी और प्रबंधक अनियमितताएं तथा गबन कर सहकारी भावना को ठेस पहुंचाते हैं। यह पहली बार नहीं, जब रिजर्व बैंक ने इतनी बड़ी कार्रवाई की है। इससे पहले वर्ष 2019 में भी पंजाब एंड महाराष्ट्र कोआपरेटिव बैंक में घोटाले सामने आने पर कई पाबंदियां लगाई थीं। बाद में उस बैंक का अधिग्रहण कर लिया गया था। मगर सवाल यह है कि तमाम सख्तियों के बावजूद सहकारी बैंकों में अनियमितताएं क्यों बढ़ रही हैं। यह तो ग्राहकों के भरोसे के साथ बैंकों का विश्वासघात ही है।

**प्रसंगवश**

## संगठन में फेरबदल की कवायद को मिली गति

कांग्रेस संगठन में फेरबदल को लेकर काफी समय से चर्चा चल रही थी। हालांकि, अब इस कवायद को आगे बढ़ाया जा रहा। इसी के तहत महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल का नेता फाइनल हुआ। वहीं 13 राज्यों और 4 केंद्रशासित प्रदेशों के प्रभारियों की नियुक्ति की गई।

2022 में हुए पार्टी के उदयपुर अधिवेशन के बाद संगठन में बड़े बदलाव लाने वाले फैसलों का इंतजार हो रहा था, लेकिन एक के



**लंबे इंतजार के बाद आखिर कांग्रेस नेतृत्व ने संगठन में फेरबदल की कवायद को गति दी है। महाराष्ट्र में प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता के नामों का ऐलान हुआ, फिर दो महासचिवों सहित 13 राज्यों व चार केंद्र शासित क्षेत्रों के प्रभारियों की भी नियुक्ति की गई। इस पहल ने बेशक पार्टी में उम्मीद पैदा की है, हालांकि इससे कई सवाल भी जुड़े हुए हैं। फिर भी माना जा रहा है कि इस पहल को इसकी तार्किक परिणिति तक पहुंचाया जाएगा।**

**- रुचिर शुक्ला -**

बाद एक कई कारणों से यह कार्य टलता जा रहा था। आखिरकार तय किया गया कि साल 2025 में उदयपुर अधिवेशन में पारित प्रस्तावों पर अमल किया जाएगा। मल्लिकार्जुन खड़गे के बतौर अध्यक्ष कार्यभार संभालने के बाद इसकी भूमिका भी तैयार हो चुकी थी। इसलिए अब माना जा रहा है कि इस पहल को इसकी तार्किक परिणति तक पहुंचाया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने, द्दष्टि में जो बदलाव किए वो राहुल गांधी के सामाजिक न्याय के विचारों को दर्शाता है। राहुल गांधी लगातार एससी-एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों को मुख्य धारा में जोड़ने की बात करते हैं। वो देशभर में संविधान की कॉपी लेकर घूम रहे हैं। संगठन के फेरबदल में दो राज्यों के लिए नए महासचिव और नौ राज्यों के लिए नए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। इनमें से पांच ओबीसी, एक दलित, एक मुस्लिम, एक आदिवासी और तीन सवर्ण हैं।

**बदली प्राथमिकताओं का प्रभाव -** पिछले कुछ चुनावों में भले ही कांग्रेस को अपेक्षित चुनावी सफलता नहीं मिली, लेकिन राहुल गांधी की अगुआई में तय किए गए एजेंडे में एकरूपता रही है। खासकर, जाति जनगणना और दलितों-पिछड़ों व अनुसूचित जनजातियों की विभिन्न क्षेत्रों में कम नुमाइंदगी से जुड़े सवालों पर पार्टी का जोर लगातार बना रहा। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक था कि खुद कांग्रेस पार्टी इस मामले में क्यों पीछे खड़ी दिख रही है। इस लिहाज से यह महत्वपूर्ण है कि नए बदलावों के बाद अब पार्टी की सीनियर लीडरशिप का 70-75 फीसदी हिस्सा ओबीसी, एससी एसटी और माइनॉरिटी तबकों से आता है।

**परफॉरमेंस पर नजर-** जाहिर है, ताजा नियुक्तियों को भी व्यावहारिकता की कसौटी पर खरा उतरना होगा। जैसा कि महाराष्ट्र में प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर हर्षवर्धन सपकाल के रूप में अपेक्षाकृत नया नाम देखकर शुरू हुए विवाद से भी स्पष्ट होता है। वहां कई बड़े नेता इस चयन पर आश्चर्य जता रहे हैं। हालांकि इसी वजह से नए अध्यक्ष के परफॉरमेंस को लेकर कोई राय बना लेना ठीक नहीं होगा। उनके पास वक्त है और देखना होगा कि वह इसका कैसा इस्तेमाल करते हैं।

# प्रशासनिक त्रासदी है स्टेशन पर हुई रेल यात्रियों में भगदड़

**राष्ट्रीय**

**बीते शनिवार की रात को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वाले यात्रियों में भगदड़ मच गई, नतीजतन 18 मौतें हुईं। इसे सामान्य घटना नहीं माना जा सकता। दरअसल यह प्रशासनिक त्रासदी है। अब यह साबित हो गया है कि ऐसी भगदड़ को रोकने में हमारा प्रशासन अक्षम और लापरवाह है। आस्था और अध्यात्म किसी को भी उत्तेजित उन्माद और हुड़दंगबाजी को विवश नहीं करते।**

**- योगेंद्र योगी -**

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वाले यात्रियों में भगदड़ मच गई, नतीजतन 13 महिलाएं, 3 बच्चे और 2 पुरुष थे, जो भगदड़ में कुचले गए। घायल भी 25 से अधिक बताए गए हैं। अस्पताल के सूत्रों और कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुमान हैं कि मौतों का आंकड़ा बहुत ज्यादा हो सकता है। बीती शनिवार रात को यह हादसा हुआ, जिसे सामान्य घटना नहीं माना जा सकता। दरअसल यह प्रशासनिक त्रासदी है। अब यह साबित हो गया है कि ऐसी भगदड़ को रोकने में हमारा प्रशासन अक्षम और लापरवाह है। आस्था और अध्यात्म किसी को भी उत्तेजित उन्माद और हुड़दंगबाजी को विवश नहीं करते। रेलवे के मिसमैनेजमेंट को नई दिल्ली स्टेशन पर हुए हादसे की सबसे बड़ी वजह माना जा रहा है। कुंभ में पिछले एक महीने से लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है और दिल्ली से बड़ी संख्या में लोग ट्रेन से ही प्रयागराज पहुंच रहे हैं। इसके लिए बड़ी संख्या में स्पेशल ट्रेनें भी चलाई जा रही हैं। पिछले दिनों पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से चलने वाली ट्रेनों को भी नई दिल्ली से होते हुए प्रयागराज भेजने की घोषणा की गई थी। जाहिर है कि ऐसे में नई दिल्ली स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ ओर बढ़नी ही थी, लेकिन क्राउड मैनेजमेंट के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए, जिसकी वजह से 18 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। अगर समय रहते छठ पूजा की तरह कुंभ जाने वाली ट्रेनों का भी संचालन किया गया होता, तो शायद इस तरह की घटना नहीं होती।

घटना के पीछे 5 मुख्य कारण माने जा रहे हैं–

**पहली वजह– न बैरिकेडिंग, न सुरक्षा, न जानकारी देने वाला**

यूं तो रेलवे स्टेशन पर भारी चौकसी रहती है, लेकिन कुंभ जैसे आयोजन के बावजूद रेलवे प्रशासन इस बात को लेकर गंभीर नहीं दिखा। भीड़ कंट्रोल के लिए कोई तेयारी नहीं थी। न तो बाहर कोई बैरिकेडिंग की गई थी, न कोई सूचना देने वाला था और न ही सुरक्षा व्यवस्था थी। जब शनिवार को



इतने लोगों की एंट्री हो रही थी तब प्रशासन को यह क्यों नहीं समझ आया कि इतनी संख्या में पहुंचे लोगों को कैसे कंट्रोल किया जाएगा।

**दूसरी वजह – पहले भी हुई भगदड़, सबक क्यों नहीं लिया**

13 नवंबर 2004 को छठ पूजा के दौरान प्लैटफॉर्म नंबर 3 पर ओवरब्रिज पर भगदड़ मची थी, जिसमें 5 लोगों की जान चली गई थी और 11 लोग घायल हो गए थे। इसी तरह 2010 में 16 मई को हुई भगदड़ में दो लोगों की मौत हो गई थी और 30 लोग घायल हुए थे। इस बार कुंभ की योजना को लेकर ट्रेनों के परिचालन की संख्या तो बढ़ा दी, लेकिन भीड़ मैनेजमेंट के लिए व्यवस्था नहीं की। जबकि छठ पूजा के लिए रेलवे ने भीड़ को कंट्रोल करने के लिए बैरिकेडिंग की थी, लेकिन कुंभ में कुछ नहीं किया, सब ऐसे ही राम भरोसे चल रहा था।

**तीसरी वजह – कंट्रोल रूम नहीं बनाया**

वीकेंड पर हजारों की संख्या प्रयागराज के लिए टिकट लोग ले रहे थे तो रेलवे को भीड़ का अंदाजा कैसे नहीं हुआ। तकनीक का कोई इस्तेमाल नहीं किया गया। भीड़ के लिए न तो कोई कंट्रोल रूम बनाया गया और न ही इन्हें कंट्रोल करने के लिए कोई प्रोटोकॉल तय किया था। हालत यह हुई कि जितने लोग अंदर थे, उतनी ही संख्या में बाहर लोग थे। भीड़ ने ऐसे हालात बना दिए कि लोग एक दूसरे पर चढ़ते गिरते आगे बढ़ने लगे।

**चौथी वजह– ऐन टाइम पर प्लेटफॉर्म चेंज करना हुआ खतरनाक**

अक्सर स्टेशनों पर भगदड़ की वजह अंतिम समय में प्लेटफॉर्म का चेंज होना रहता है। हालांकि, रेलवे प्रशासन का कहना है कि नई दिल्ली में हुई घटना प्लैटफॉर्म चेंज करने की वजह से नहीं, बल्कि घोषणा में नामों को लेकर संशय की वजह से हुई है, लेकिन अगर मैनेजमेंट बेहतर होता तो शायद इस तरह की घटना के खतरे को टाला जा सकता था।

**पांचवी वजह– करते रहे डैमेज कंट्रेल**

रेलवे प्रशासन बार बार इसे नकारता रहा, यहां तक बयान दिए गए कि यह अफवाह है, इस तरह की कोई घटना नहीं हुई है। जनसंपर्क विभाग और डीआरएम ऑफिस की तरफ से भी घटना को नकार दिया गया था। असमंजस की स्थिति बनी रही, जबकि घटना पर देश के सभी बड़े नेता मंत्री तक अफसोस जता चुके थे, लेकिन रेलवे इसे खारिज करता रहा।

**भीड़ का हिंसक चेहरा**

रेलवे स्टेशन की भगदड़ ही अकेली दुर्भाग्यपूर्ण घटना नहीं है। बीते दिनों बिहार के पटना और अन्य रेलवे स्टेशनों पर भीड़ के हिंसक चेहरे भी दिखाई दिए। वह भीड़ भी महाकुंभ जाने को आमादा थी। यह संस्कृति ही अराजकता और भगदड़ को जन्म देती है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव अक्सर गिनाते रहते हैं कि कितनी हजार रेलगाड़ियां महाकुंभ के लिए चलाई जा रही हैं। लेकिन हम भीड़-नियंत्रण में अज्ञानी, लापरवाह और अक्षम हैं, नतीजतन बार-बार और वह भी धार्मिक आयोजनों के संदर्भ में ज्यादा भगदड़ें होती रही हैं। महाकुंभ को लेकर शुरुआत में भीड़-नियंत्रण के खूब दावे किए जा रहे थे, लेकिन मेला-क्षेत्र में ही जो भगदड़ मची थी, उसमें अंतिम तौर पर मृतकों की संख्या कितनी रही, उसका डाटा उप्र सरकार ने आज तक साझा नहीं किया है।

# हमेशा सकारात्मक या स्वस्थ नहीं होते इन्फ्लुएंसर्स

**सामाजिक सरोकार**

**इन्फ्लुएंसर्स को अक्सर रोल मॉडल और ट्रेंडसेटर के रूप में देखा जाता है, खासकर युवा लोगों के बीच। उन्हें अक्सर सफलता, लोकप्रियता के अवतार के रूप में देखा जाता है। इन्फ्लुएंसर्स ऐसे उत्पादों का प्रचार करते हैं जो उनके अनुयायियों को उनके जैसा बनाने का वादा करते हैं। हालांकि, प्रभावशाली लोग जिस सामग्री को बढ़ावा देते हैं, वह हमेशा सकारात्मक या स्वस्थ नहीं होती।**

**- कर्मपाल -**

सोशल मीडिया ने हमारे एक-दूसरे से जुडऩे और बातचीत करने के तरीके में क्रांति ला दी है। इसने एक नई घटना को भी जन्म दिया है- सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर। इन्फ्लुएंसर वे व्यक्ति होते हैं जिन्होंने इंस्टाग्राम, टिकटॉक और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बड़ी संख्या में फॉलोअर जुटाए हैं और अपने फॉलोअर्स की राय और व्यवहार को प्रभावित करने में सक्षम हैं। जबकि इन्फ्लुएंसर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं, युवा दिमाग पर उनके प्रभाव के बारे में चिंता बढ़ रही है। इन्फ्लुएंसर्स को अक्सर रोल मॉडल और ट्रेंडसेटर के रूप में देखा जाता है, खासकर युवा लोगों के बीच। उन्हें अक्सर सफलता, लोकप्रियता और सुंदरता के अवतार के रूप में देखा जाता है। इससे 'आकांक्षी' सामग्री के चलन में वृद्धि हुई है, जहां इन्फ्लुएंसर्स अपनी शानदार जीवनशैली का प्रदर्शन करते हैं और ऐसे उत्पादों का प्रचार करते हैं जो उनके अनुयायियों को उनके जैसा बनाने का वादा करते हैं। हालांकि, प्रभावशाली लोग जिस सामग्री को बढ़ावा देते हैं, वह हमेशा सकारात्मक या स्वस्थ नहीं होती। कई प्रभावशाली लोग अवास्तविक शारीरिक मानकों को बढ़ावा देते हैं, जो उनके अनुयायियों के बीच शरीर के असंतोष और खाने के विकारों में योगदान कर सकते हैं। वे भौतिकवाद और उपभोक्तावाद को भी बढ़ावा देते हैं, अपने अनुयायियों को ऐसे उत्पाद खरीदने के लिए प्रोत्साहित करते हैं जिनकी उन्हें जरूरत नहीं है या वे खरीद नहीं सकते हैं।

अस्वस्थ व्यवहार को बढ़ावा देने के अलावा, प्रभावशाली लोग युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को नशे की लत के लिए डिजाइन किया गया है, और कई युवा लोग अपने फीड को स्क्रॉल करने में घंटों बिताते हैं, खुद की तुलना दूसरों से करते हैं और अपर्याप्त महसूस करते हैं।



प्रभावशाली लोगों की क्यूरेट और संपादित सामग्री वास्तविकता का एक विकृत दृश्य बना सकती है, जिससे युवा लोगों को लगता है कि वे अपने साथियों या खुद के आदर्श संस्करण के बराबर नहीं हैं जो वे ऑनलाइन देखते हैं। यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि प्रभावशाली लोग स्वाभाविक रूप से बुरे या हानिकारक नहीं होते हैं। कई लोग अपने प्लेटफॉर्म का उपयोग सकारात्मक संदेशों को बढ़ावा देने के लिए करते हैं, जैसे कि शरीर की सकारात्मकता, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक न्याय। हालांकि, हम जो सामग्री देखते हैं, उसके बारे में आलोचनात्मक होना और उसके पीछे के उद्देश्यों पर सवाल उठाना महत्वपूर्ण है। हमें इस तथ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए कि प्रभावशाली लोगों को अक्सर उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए भुगतान किया जाता है, और हो सकता है कि उनकी सामग्री पूरी तरह से वास्तविक न हो।

निष्कर्ष में, सोशल मीडिया के प्रभावशाली लोग युवा दिमाग पर सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह से शक्तिशाली प्रभाव डाल सकते हैं, जबकि हमें संभावित जोखिमों के बारे में सावधान रहना चाहिए। हमें यह भी पहचानना चाहिए कि प्रभावशाली लोग प्रेरणा और सकारात्मक रोल मॉडल का स्रोत हो सकते हैं। मीडिया साक्षरता और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देकर, हम युवाओं को स्वस्थ और उत्पादक तरीके से सोशल मीडिया की दुनिया में नेविगेट करने में मदद कर सकते हैं।

भारत के सभी नागरिकों को विचार करने, भाषण देने और अपने व अन्य व्यक्तियों के विचारों के प्रचार की स्वतंत्रता प्राप्त है। मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा के अनुच्छेद 19 में प्रयुक्त 'अभिव्यक्ति' शब्द इसके क्षेत्र को बहुत विस्तृत कर देता है। स्वतंत्र प्रसारण ही इस स्वतंत्रता का मुख्य उद्देश्य है। एक नए सर्वेक्षण में इस बात का पता चला है। एक सर्वेक्षण में यह आंकड़ा सामने आया है। ऑनलाइन दुर्व्यवहार और उत्पीडऩ के कारण लड़कियां सोशल मीडिया छोडऩे को मजबूर हो रही हैं। सोशल मीडिया को लेकर किए गए अध्ययन में कहा गया कि 58 प्रतिशत से अधिक लड़कियों ने किसी न किसी प्रकार के दुर्व्यवहार का सामना किया है। प्लान इंटरनेशनल ने इस सर्वेक्षण में ब्राजील, भारत, नाइजीरिया, स्पेन, थाईलैंड और अमेरिका सहित 22 देशों में 15 से 25 वर्ष की 14000 लड़कियों और युवतियों को चुना गया। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में किसी व्यक्ति के विचारों को किसी ऐसे माध्यम से अभिव्यक्त करना सम्मिलित है जिससे वह दूसरों तक उन्हें संप्रेषित कर सके। सर्वे में 58 फीसदी से ज्यादा लड़कियों ने माना है कि उन्हें ऑनलाइन दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ता है।

सोशल मीडिया पर अभिव्यक्ति की आजादी का गलत ढंग से प्रयोग किया जा रहा है। इसे रोकने के लिए सरकार व पूरे समाज को काम करना होगा।

## SUDOKU 47

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | 8 | 3 | | | | 2 |
| | | | | | 4 | | | 6 |
| | 6 | | 7 | 9 | | 1 | | 4 |
| 8 | 9 | | | | | 7 | | |
| | 4 | | | | | | 5 | |
| | | 2 | | | | | 4 | 3 |
| 6 | | 9 | | 5 | 8 | | 1 | |
| 2 | | | 3 | | | | | |
| 4 | | | | 2 | 7 | | | 8 |

## SOLUTIONS 46

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 4 | 3 | 8 | 2 | 6 | 5 | 7 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 1 | 5 | 9 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 5 | 7 | 9 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 1 | 6 |
| 3 | 8 | 2 | 1 | 6 | 7 | 5 | 4 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 |
| 4 | 5 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 | 1 |
| 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 7 | 6 | 5 | 1 | 4 | 8 | 3 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है और अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिलने की संभावना है।

**वृषभ :** मन में प्रेम और सहयोग की भावना रहेगी। वाहनों के प्रयोग से सावधान रहना होगा। कारोबार में यदि कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी।

**मिथुन :** आय के सोर्स बढ़ेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। संतान के मन में चल रही उलझनों को दूर करने की कोशिश करें। इनकम के सोर्स बढ़ेंगे।

**कर्क :** राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। कुछ नए व्यक्तियों से मेलजोल बढ़ाने का मौका मिलेगा।

**सिंह :** कामों में लापरवाही नहीं करनी है। नौकरी में भी कामों में कुछ गड़बड़ी हो सकती है। कुछ गुप्त शत्रुओं परेशान करने की कोशिश करेंगे।

**कन्या :** आज का दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बौझ से छुटकारा मिलेगा। घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**तुला :** नई संपत्ति की खरीदारी के लिए रहेगा। कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो वह मिल सकती हैं। अपने बिजनेस में कुछ बदलाव करने के कारण यात्राएं होंगी।

**वृश्चिक :** कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। जीवनसाथी के लिए कोई ज्वेलरी लेकर आ सकते हैं। घर मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है।

**धनु :** संतान पक्ष की ओर से खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। मान-सम्मान बढ़ेगा। नई नौकरी का ऑफर आ सकता है। नए वाहन की खरीदारी कर सकते है।

**मकर :** कामकाज में अच्छी सफलता मिलेगी। कोई फैसला जल्दबाजी में लेने से बचना होगा। कार्यक्षेत्र में दिए गए सुझावों का स्वागत होगा। बॉस कामों को लेकर कोई जिम्मेदारी दे सकते हैं।

**कुंभ :** किसी वाद-विवाद की स्थिति में भी संयम रखें। स्वभाव में कुछ चिड़चिड़ापन रहेगा। अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखना बेहतर रहेगा। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा।

**मीन :** शारीरिक समस्या होने से मन परेशान रहेगा, लेकिन परिवार के सदस्यों का पूरा सहयोग मिलेगा। कानूनी मामले में भी खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं।

## आज का पंचांग

**तिथि/संवत :** 18 फरवरी 2025 दिन मंगलवार फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष सस्ती तिथि विक्रम संवत 2081 शक संवत1946।

**सूर्य उदय कालीन ग्रह विचार**

सूर्य कुंभ राशि में चंद्र तुला राशि में मंगल मिथुन राशि में बुध कुंभ राशि में गुरु वृषभ राशि में शुक्र मीन राशि में शनि कुंभ राशि में राहु मीन राशि में और केतु कन्या में रहेगा।

**सूर्य उदय कालीन नक्षत्र विचार**

सुबह प्रातः कल तुला राशि का नक्षत्र चित्रा का चतुर्थ चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा प्रातः 10:30 बजे तुला राशि का नक्षत्र स्वाती का प्रथम चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा दोपहर 4:30 तुला राशि का नक्षत्र स्वाती का द्वितीय चरण प्रारंभ होगा उसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा रात्रि 10:30 बजे तुला राशि का नक्षत्र स्वाती का तृतीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा।

**योग :** गंड। **करण :** गर।

**चौघड़िया, मंगलवार**

सुबह 6.00 से 7.30..........अमृत
सुबह 7.30 से 9.00..........काल
सुबह 9.00 से 10.30..........शुभ
सुबह 10.30 से 12.00.......... रोग
दोपहर 12.00 से 1.30.......... उद्वेग
दोपहर 1.30 से 3.00.......... चर

**आज जन्मे बच्चों की राशि और नाम**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | अक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रातः 6.00 से | चित्रा | चतुर्थ | रजत | कन्या | री |
| दोप. 11:30 | स्वाती | प्रथम | रजत | कन्या | रू |
| रात्रि 06.30 | स्वाती | द्वितीय | रजत | तुला | रे |
| रात्रि 06.30 | स्वाती | तृतीय | रजत | तुला | रो |

**राहुकाल :** दोपहर 3:00 से 4:30 तक रहेगा।
**दिशाशूल :** पूरब दिशा में रहेगा।
**खरीदारी का उचित समय :** दोपहर 12 से 1.30 तक ।
**आराधना का मंत्र :** ऊँ हौं जूं सः ऊँ भुर्भवः स्वः ऊँ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनः।

**पं. अरविंद तिवारी**

**जीवन दर्शन**

## भावों से होती है प्रभु की निस्वार्थ भक्ति

तेजी से भागती जिंदगी में भावनाएं और रिश्तों की अहमियत खो रहे हैं। श्रीकृष्ण चरित्र मानस में जगद्गुरु प्रियदर्शी महाराज ने विभिन्न भक्ति-भावों का उल्लेख किया है, जैसे शांत भाव, दास भाव, सख्य भाव, वात्सल्य भाव और माधुर्य भाव। इन भावों से ईश्वर की भक्ति से परम शांति, आनंद और राधा कृष्ण के गोलोक धाम की प्राप्ति संभव है।

**भावों से की गई ईश्वर की भक्ति से परम शांति, आनंद और राधा कृष्ण के गोलोक धाम की प्राप्ति संभव है।**

वर्तमान में हम हमारी दौड़ती-भागती जिंदगी में बहुत सारे भावों को खो बैठे है। हमारे रिश्तों को खो बैठे। हमारी भावनाए हमारे नियंत्रण से बाहर हो गई है। सुख की खोज मे दौड़ते-दौड़ते हमे पता ही नहीं चलता की हम कब बूढ़े हो गए। और वहा से फिर नए दुख का आरंभ होता है। अनंत श्री विभूषित जगद्गुरु श्री प्रियदर्शी जी महाराज द्वारा रचित, अभूतपूर्व ग्रन्थ श्रीकृष्ण चरित मानस (रसायन महाकाव्य)' मे भगवान श्री कृष्ण इस सुख और दुख, जन्म और मृत्यु की जंजाल से मुक्त होने के लिए और श्रीधाम प्राप्ति के लिए विविध भावों और भक्ति के हमे मार्ग बताते है।

### शांत भाव

इस भाव में साधक ईश्वर के सत्ता को मानता है। उसके ऐश्वर्य स्वरूप को, उसके बृहद स्वरूप को, उसके विशालता को, उसके शक्ति स्वरूप को मानता है और मंदिर जाता है, आदि जिस भाव से वो भगवान की नियमित पूजा करता है। इसमे भक्त छोटा और भगवान का स्वरूप बड़ा होता है।

### दास भाव

इस भाव मे भक्त अपने भगवंत के सेवक बन जाते है और भगवंत भक्त के स्वामी। इससे भगवंत बड़े और भक्त छोटे बन जाते है।

**-जगद्गुरु प्रियदर्शी महाराज**

# मेजबानी के लिए तैयार भोपाल, चौक-चौराहों पर बढ़ी रौनक



छाया : एचसी वर्मा

बड़े तालाब में राजाभोज की मूर्ति के पास खूबसूरत फाउंटेन।



रविंद्र भवन के पार्क में बनाई गई बारहसिंघा की कृति आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।



पॉलिटेक्नीक के पास पार्क में शेर की कृति देखने लायक है।



कलियासोत डैम किनारे बन रही स्पेशल टेंट सिटी ।

## संक्षिप्त खबरें

### वन्यजीव पर्यटन केन्द्र के रुप में उभर रहा प्रदेश

**विसं भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश वन्य जीव पर्यटन का एक वैश्विक केंद्र बनकर उभर रहा है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मुरैना क्षेत्र में पर्यटन को विकसित करने के लिए सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुरैना स्थित देवरी घड़ियाल केंद्र से चंबल नदी में 10 घड़ियालों (9 मादा और 1 नर) को उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ने के पश्चात मीडिया से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जल्द ही माधव राष्ट्रीय उद्यान को टाइगर रिजर्व का दर्जा दिलाया जाएगा। सीएम ने कहा कि हम मध्यप्रदेश के वनों में सभी प्रकार के वन्य जीवों के संरक्षण के लिए सक्षम हैं और इस दिशा में हमारे प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर उनके साथ बोट पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, खजुराहो सांसद वी.डी. शर्मा सहित वन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चंबल सफारी का भ्रमण किया गया एवं घड़ियाल संरक्षण के बारे में वन विभाग से जानकारी ली।

### पीएम के आने से पहले बागेश्वर धाम पहुंचे सीएम

**विसं भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सोमवार को छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि बुंदेलखंड को फीनिक्स के पक्षी की तरह राख से निकलकर जीवित होने वाला बताया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कार्यक्रम पूर्ण गरिमामय होना चाहिए इसमें किसी भी प्रकार की कोई कोर कसर नहीं रखी जायें। उन्होंने कहा कि यहां पर पहली नदी जोड़ो परियोजना, पहला अंतरर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा एवं पहला फाइव स्टार होटल इसी बुंदेलखंड की धरती पर स्थापित हुआ। प्रधानमंत्री मोदी स्वयं कैंसर हॉस्पिटल के भूमि पूजन हेतु आ रहे हैं। यह एक ऐतिहासिक पल होगा। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि यह पहला मौका होगा जहां मंदिर में अस्पताल होगा। इस मौके पर सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि बुंदेलखंड हरा भरा और समृद्ध शाली बनें। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री के त्वरित गवर्नेंस की प्रशंसा करते हुए कहा कि बुन्देलखण्ड पर तो राजनैतिक पर्यटन तो बहुत लोगों ने किया। बुंदेलखंड की तस्वीर बदलने की परिसंवाद करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव आगे आए और उनका सहयोग रहा।

इन्वेस्ट मध्य प्रदेश
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
24 25 फरवरी 2025, भोपाल

# फाइव स्टार सुविधाओं के साथ टेंट सिटी बनेगी विदेशी मेहमानों का ठिकाना

## प्रकृति के बीच गुजरेंगे सुकून के पल

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल में 24 और 25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट(जीआईएस) में भाग लेने के लिए आ रहे विदेशी पर्यटकों को एक अलग अनुभव होगा। राजधानी के कलियासोत डैम किनारे इन खास मेहमानों की मेजबानी के लिए स्पेशल टेंट सिटी बनाई जा रही है। इसमें वे सभी आधुनिकतम सुविधाएं मुहैया होंगी, जो आम तौर पर किसी फाइव स्टार होटल में ही मिलती है। 108 टेंट वाली इस सिटी में ठहरने वालों का खास ख्याल रखते हुए एसी, डबल बेड, स्पेशल लाइटिंग से लेकर मॉर्निंग और इवनिंग वॉक के लिए खास गार्डन भी बनाए गए हैं।

### जयपुर, मुंबई से आए कारीगरों ने की तैयार

जीआईएस के आयोजन की तारीख तय होने के बाद 11 फरवरी से इस टेंट सिटी का निर्माण शुरू हुआ। 20 फरवरी तक हर हाल में इस टेंट सिटी का निर्माण पूरा करने का टारगेट रखा गया है। इस टेंट सिटी को राजस्थान की एक फर्म तैयार कर रही है। फिलहाल टेंट सिटी का आउटर वर्क पूरा हो गया है और अब इंटीरियर पर काम किया जा रहा है। इसे बनाने के लिए 150 से च्यादा कारीगर और मजदूर काम दिन-रात काम में जुटे हुए हैं।

### टेंट के भीतर मौजूद रहेंगी ये सुविधाएं

टेंट सिटी को खास तौर से कलियासोत डैम के किनारे इसलिए बनाया गया, ताकि मेहमान अंदर से ही प्रकृति के नजारे भी देख सकें। मप्र राच्य पर्यटन विकास निगम इसस टेंट सिटी को अपनी देखरेख में तैयार करवा रहा है। सिटी के अंदर एसी, गीजर, टीवी, फोन जैसी सुविधाएं रहेंगी, वहीं बाहर सिक्योरिटी के कड़े इंतजाम होंगे। हर टेंट के अंदर पेंटिंग्स भी होंगी। इनकी खातिरदारी के लिए दोनों दिन हर समय लगभग 100 लोगों का स्टाफ मौजूद रहेगा। किसी भी मेहमान को स्वास्थ? संबंधी कोई समस्या न हो, इसके लिए डॉक्टरों की एक टीम 24 घंटे टेंट सिटी में मौजूद रहेगी। जीआईएस समिट के आयोजन स्थल से लेकर टेंट सिटी तक इस मेहमानों को लाने-ले जाने के लिए वाहनों की सुविधा रहेगी। गौरतलब है कि भोपाल में होने वाले इस आयोजन में देश-विदेश से 32 हजार मेहमान आ रहे हैं।

## पारदर्शिता से करें काम,जांच होगी तो कई होंगे कठघरे में

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** सरकार के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रदेश के सभी महापौरों से कहा है कि वे पूरी पारदर्शिता के साथ काम करें। खर्चे कम करें और आय के साधन बढ़ाए। उन्होंने कहा कि लीकेज दूर होने चाहिए,यदि हमने जांच कराई तो नगर निगम कठघरे में होंगे। दरअसल सोमवार को इंदौर में ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स की मध्यप्रदेश इकाई का सम्मेलन आहुत हुआ। जिसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर से और नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जयपुर से वचुर्अली संबोधित किया।

### दोबारा मेयर बनना नहीं, टैक्स लगाइए

कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि संविधान के 73 एवं 74वें संशोधन के बाद सबसे ज्यादा अधिकार मध्यप्रदेश के स्थानीय निकायों को दिए गए हैं। हमारा प्रयास है कि स्थानीय शासन व्यवस्था और अधिक विकेंद्रीकृत हो। उनको ज्यादा से ज्यादा अधिकार मिले। स्थानीय निकाय आत्मनिर्भर बनने के प्रयास करें। आरक्षण के कारण आपको दूसरी बार महापौर बनने का मौका नहीं मिलेगा,तो डरते क्यों हो। टैक्स लगाकर थोड़ा साहस दिखाइए। विजयवर्गीय ने कहा कि जब वो मेयर थे, तब उन्होंने अपने पांच साल के कार्यकाल में दो बार टैक्स बढ़ाए? यदि आपने अच्छा काम किया तो जनता आपको कम से कम 25 साल तो याद रखेगी।

**कांग्रेस-आप मेयर बोले जांच कराए:** मंत्री विजयवर्गीय के बयान पर रीवा नगर निगम के कांग्रेसी महापौर अजय मिश्रा बाबा और सिंगरौली नगर निगम की आम आदमी पार्टी की मेयर रानी अग्रवाल ने कहा कि मंत्री जी जांच की बात कर रहे है,तो उन्हें कौन रोक रहा है। रीवा मेयर बाबा ने कहा कि प्रदेश की सभी नगरीय निकायों की जांच होना चाहिए। अधिकांश जगह भाजपा ही स्थानीय सरकार में है। यदि जांच होती है, तो भ्रष्टाचार जरुर मिलेगा। इसी तरह रानी अग्रवाल ने कहा कि जब प्रदेश और केन्द्र में आपकी(भाजपा) की सरकार हैतो भाजपाई और गैर भाजपाई नगरीय निकायों में जांच कराने से किसने रोका है। सभी की जांच कराई जानी चाहिए।

### निकाय अपने पैरों पर खड़े हो : सीएम

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की लगभग सभी नगर निगम में ट्रिपल इंजन की सरकार है। नगर निगमों को अपने पैरों पर खड़ा होना चाहिए। अपने कॉम्पलेक्स, कॉलोनियों सहित अन्य माध्यमों से अपनी आय में वृद्धि करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आगामी परिसीमन से नगरीय निकायों की सीमाओं पर फर्क पड़ेगा,लोकसभा और विधानसभा की सीटों में भी वृद्धि होगी। इसलिए हमें अभी से घर-घर तक पहुंचकर उन्हें सरकार के कामों के बारे में बताना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नगर निगमों ने विकास कार्यों के क्षेत्र में देश में अपनी विशिष्ट पहचान कायम की है। प्रदेश के शहरी क्षेत्र में तेज गति से समग्र विकास के कार्य किये जा रहे हैं। इंदौर नगर निगम ने स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है। इंदौर विगत 7 वर्षों से स्वच्छता के क्षेत्र में देश में लगातार अव्वल है। इस बार भी इंदौर स्वच्छता के क्षेत्र में अव्वल रहने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है। इंदौर ने प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

# पीएम विधायकों से पूछेंगे कैसा चल रहा है काम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भोपाल में ग्लोबल इवेस्टर्स समिट का शुभारंभ करने से पहले भाजपा विधायकों से सीधे संवाद करेंगे और उनसे पूछेंगे कि उनके क्षेत्र में केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन कैसे किया जा रहा है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी प्रदेश दो दिवसीय प्रवास पर 23 फरवरी को आ रहे है। उनका पहले दिन छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल की आधार शिला रखने के उपरांत भोपाल पहुंचने का कार्यक्रम है। पीएम दूसरे दिन यानि कि 24 फरवरी को पूर्वान्ह भाजपा विधायकों के साथ संवाद कर सकते है। सूत्रों की माने तो इसके लिए भाजपा द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे कान्वेंशन सेंटर को बुक भी कर दिया है। पार्टी के सभी विधायक संवाद में मौजूद रहेंगे या फिर चुनिन्दा विधायकों को ही पीएम की मौजूदगी के दौरान बुलाया जाएगा।

**नाराज विधायकों से शाह करेंगे मुलाकात:** जीआईएस के समापन सत्र के उपरांत केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह पार्टी मुख्यालय में नाराज चल रहे भाजपा विधायकों और नेताओं से चर्चा करेंगे। इसी दिन अगले प्रदेशाध्यक्ष को लेकर भी नेताओं के बीच रणनीति पर सहमति बनाई जा सकती है।

### दिल्ली भेजे जाएंगे विधायकों के नाम

बताया गया है कि जिन विधायकों को प्रधानमंत्री की मौजूदगी में कन्वेंशन सेंटर में बुलाया जाना है,उनके नाम एक दो दिन में तय हो जाएंगे। इन विधायकों के नामों की सूची दिल्ली भेजी जाएगी। सुरक्षा की दृष्टि से दिल्ली से नामों पर मुहर लगने के बाद ही विधायकों को 24 फरवरी को भोपाल में होने वाली इस बैठक में मौजूद रहने के निर्देश पार्टी के प्रदेश मुख्यालय द्वारा भेजे जाएगें।

### कांग्रेसी नेताओं पर नजर

इधर सुरक्षा एंजेसी कांग्रेसी विधायकों पर भी नजर रखेगी। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार द्वारा पीएम से मिलने के लिए पीएमओ को पत्र लिख चुके है। इसके बाद प्रशासन और सुरक्षा एजेंसिया चौकन्नी हो गई है। इनके अलावा निजी स्कूलों के संचालको पर भी एंजेसियों की नजर रहेगी।

# एमपीपीएससी की प्री परीक्षा की हरेक आपत्ति पर लगेंगे 150रु.

एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल। मप्र लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने राज्य सेवा परीक्षा 2025 प्री की माडल आंसर की सोमवार को वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। इसमें उम्मीदवारों को आपत्ति दर्ज कराने के लिऐ पांच दिन का समय दिया गया है। उक्त दिवस में उम्मीदवारों को परीक्षा में पूछे गए हरेक प्रश्न की आपत्ति दर्ज कराने के लिऐ संबंधित किताब का नाम, लेखक, प्रकाशन वर्ष, संस्करण और पृष्ठ नंबर के दस्तावेज संलग्न करना होगा। उन्हें हरेक आपत्ति पर 150 रूपये का भुगतान करना होगा। यह भुगतान निर्धारित उक्त पांच दिवस तक ही आनलाइन जमा करना होगा। प्रश्नों पर आने वाली आपत्ति निराकृत होने के बाद एमपीपीएससी फाइनल आंसर की जारी करेगा। तब एमपीपीएससी रिजल्ट जारी करेगा।

**वेबसाइट पर अपलोड की गई माडल आंसर की**

### 82 फीसदी रही थी उम्मीदवारों की उपस्थिति

राज्य सेवा परीक्षा प्री में एक लाख 18 हजार उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र जारी किए गए थे। परीक्षा दो पाली में पूरी की गई। पहली पाली में 83 फीसदी और दूसरी पाली में 82 फीसदी उम्मीदवार ही परीक्षा में शामिल हुए हैं। परीक्षा के लिए राज्य के 52 जिलों में 342 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। भोपाल के 34 परीक्षा केंद्रों में 11,500 उम्मीदवारों को शामिल होना था। यहां उम्मीदवारों की उपस्थिति 85 फीसदी रही है।

## जीआईएस की शीर्ष-समिति गठित

**विसंभोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में भोपाल में 24-25 फरवरी को आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के आयोजन की तैयारियों, आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करने, विभिन्न विभागों के समन्वय स्थापित करने एवं समिट के व्यवस्थित आयोजन के लिये शीर्ष समिति का गठन किया गया है। समिति में उप मुख्यमंत्री, जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, लोकसभा सांसद खजुराहो वी.डी. शर्मा, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, प्रभारी मंत्री भोपाल चेतन्य काश्यप, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त, घुमन्तु और राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, सांसद भोपाल आलोक शर्मा, विधायक हुजूररामेश्वर शर्मा, विधायक बैरसिया विष्णु खत्री, विधायक भोपाल भगवान दास सबनानी, महापौर भोपाल श्रीमती मालती राय, जिला पंचायत अध्यक्ष भोपाल श्रीमती रामकुंवर नौरंग सिंह गुर्जर, नगर निगम अध्यक्ष भोपाल किशन सूर्यवंशी सदस्य नामांकित किये गये हैं। मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन अनुराग जैन, प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह, सचिव, जनसम्पर्क तथा आयुक्त, जनसम्पर्क सुदाम खाड़े और आयुक्त विमानन चन्द्रमौली शुक्ला भी सदस्य नामांकित किये गये हैं।

# समिट से पहले आए निवेश के प्रस्ताव

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल 6 दिन बाद ग्लोबल इवेस्टर्स समिट की मेजबानी करेगा,लेकिन उससे पहले ही निवेशक के प्रस्ताव आने लगे है। इनमें से कुछ निवेशको की सीएम डॉ.मोहन यादव से मुलाकात भी हुई है, तो कुछ ने अधिकारियों को अपने प्रस्ताव सौंप दिए है। जानकारों की माने तो समिट से पहले रिन्यूबल एनर्जी, माइनिंग, गारमेंट्स एवं आईटी - आईटीएस सेक्टर पर सबसे ज्यादा निवेशकों का रुझान सामने आ रहा है।

**वेबसाइट पर अपलोड की गई माडल आंसर की**

गौरतलब है कि बीते दिनों टेक डेटा लिमिटेड कंपनी के सीईओ विजय आनंद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट कर उन्हें प्रदेश में डेटा सेंटर, ग्रीन हाइड्रोजन, सौर ऊर्जा और ट्रांसमिशन सेक्टर में की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत कर 9100 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया। जिसमें कंपनी द्वारा इंदौर में 4 हजार करोड़ रुपये की लागत से डेटा सेंटर स्थापित करने, सागर के बीना में 3 हजार करोड़ रुपये की लागत से ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट विकसित करने, उज्जैन में 600 करोड़ रुपये के निवेश से सोलर पॉवर यूनिट स्थापित करने और उज्जैन में ही बिजली ट्रांसमिशन एवं वितरण अवसंरचना के लिए 1500 करोड़ रुपये के प्रस्ताव दिये है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 में उद्योग जगत के दिग्गज, नीति निर्माता, निवेशक और विशेषज्ञ मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश और आर्थिक विकास की संभावनाओं पर मंथन करने के लिए एक मंच पर जुटेंगे। राज्य सरकार द्वारा निवेशकों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में नए अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में टेक्सटाइल, मैन्युफैक्चरिंग, नवकरणीय ऊर्जा, हेल्थ केयर, खाद्य प्र-संस्करण, स्टार्ट-अप्स, वित्तीय सेवाओं और पर्यटन आदि क्षेत्रों में व्यापक संभावनाएं हैं। समिट में मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने और संभावनाओं और अवसरों का लाभ उठाने के लिये विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के दिग्गज उद्योगपति अपने अनुभव, विचार और रणनीतियां साझा करेंगे।

## प्रथम पेज की खबरों का शेष

### ईडब्ल्यूएस को यूपीएससी...

याचिका लगाकर ईडब्ल्यूएस कैंडिडेट के लिए राहत की मांग की थी। अभी तक ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों को आयुसीमा में छूट नहीं दी जाती थी और वह अधिकतम 6 मौके दे सकते थे। 2025 में 979 पदों के लिए यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा 25 मई को होनी है।

### केरल कैडर के ज्ञानेश...

और राष्ट्रपति को सिफारिश के लिए भेजा गया। इस समिति में पीएम नरेंद्र मोदी, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल थे। उन्होंने सोमवार को बैठक कर यह निर्णय लिया। कौन हैं ज्ञानेश कुमार: 61 वर्षीय ज्ञानेश कुमार इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय में कार्यरत थे। उनकी प्रमुख जिम्मेदारियों में अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त करने और राच्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों में विभाजित करने वाले विधेयक के मसौदे को तैयार करने में मदद करना शामिल था। उस समय वह गृह मंत्रालय के कश्मीर प्रभाग में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत थे। एक साल बाद गृह मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के रूप में उन्होंने उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के मामले से संबंधित दस्तावेजों को भी संभाला।

### सीएम की सुरक्षा में चूक...

वॉकी-टॉकी भी थी। जब पुलिस अधिकारियों ने उसे रोका और पूछताछ की, तो उसने खुद को सीएम सुरक्षा अधिकारी बताया, लेकिन जब पुलिस ने गहराई से जांच की, तो मामला संदिग्ध लगा। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर महाकाल थाने भेज दिया गया।

### पीथमपुर में कचरा ...

गवई और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह ने मामले पर नोटिस जारी कर दिया। 24 फरवरी को मामले की सुनवाई होगी। इससे पहले 6 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय एस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह कहते हुए मामले को नहीं सुना था कि वह पहले से मप्र हाई कोर्ट में चल रहा है, ऐसे में सुप्रीम कोर्ट इसे नई जनहित याचिका के तौर पर सुन सकता। इसके बाद याचिकाकर्ता ने याचिका वापस ले ली थी। अब उसने हाईकोर्ट की तरफ से जारी आदेश के खिलाफ याचिका दाखिल की है। इसे स्वीकार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और मप्र सरकार से जवाब मांग लिया है;

1984 में भोपाल की यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से जहरीली मिथाइल आइसोनेट गैस लीक हुई थी, इससे 8 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। वहीं हजारों लोग अपंगता, अंधेपन और दूसरी विकृतियों के शिकार हुए थे। यूनियन कार्बाइड का औद्योगिक कचरा 40 साल से वहीं प?ा था। 3 दिसंबर 2024 को मप्र हाईकोर्ट ने 4 सप्ताह में औद्योगिक कचरा भोपाल से डिस्पोजल साइट पर पहुंचाने का आदेश दिया था, इसे लेकर धार जिले के पीथमपुर में क?ा विरोध हो रहा है।

# ईडी ने नहीं की पुलिस रिमांड बढ़ाने की डिमांड, आज होगी सुनवाई

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** छापों में करोड़ों की संपत्ति उजागर होने के बाद चर्चाओं में आए परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके साथी चेतन सिंह गौर एवं शरद जायसवाल फिर से जेल पहुंच गए। सोमवार को एक सप्ताह की पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद ईडी ने तीनों को सचिन घोष की पीएमएलए कोर्ट में पेश किया। इस दौरान ईडी की तरफ से अदालत को बताया गया किइस केस में फिलहाल जिन बिंदुओं पर जांच होनी है, उनमें से अधिकांश का जवाब मिल गया है। ऐसे में फिलहाल पुलिस रिमांड बढ़ाने की आवश्यकता नहीं है। ईडी ने इसके बाद तीनों को 3 मार्च तक 14 दिन के लिए च्यूडिशियल रिमांड पर केंद्रीय जेल भोपाल भेज दिया। च्यूडिशियल रिमांड के दौरान ईडी, लोकायुक्त या अन्य जांच एजेंसियां अब अदालत की अनुमति जेल में जाकर तीनों से पूछताछ कर सकती है। सुनवाई के दौरान एडवोकेट सिद्धार्थ गुप्ता ने इस केस में न्याय मित्र बनने का आवेदन देते हुए आरोपियों की रिमांड सात दिन बढ़ाने और इस दौरान तीनों का ब्रेन मैपिंग, नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट कराए जाने की मांग अदालत से की। इस पर कोर्ट ने कहा कि इस तरह का आवेदन ईडी की तरफ से आने पर ही अदालत विचार कर सकती है। कोर्ट ने सिद्धार्थ गुप्ता का न्यायमित्र बनने का आवेदन खारिज कर दिया।



सौरभ शर्मा



चेतन सिंह गौर



शरद जायसवाल

**इशारों में मां-बेटे की बात :** सौरभ, चेतन और शरद की रिमांड सोमवार शाम 4 बजे तक थी। हालांकि ईडी की टीम तीनों को सोमवार दोपहर 1.15 पर ही लेकर अदालत पहुंच गई। इसके बाद कोर्ट में जब कार्यवाही चल रही थी, उस समय सौरभ अपनी मां उमा के साथ इशारों में बातचीत करता दिखाई दिया। तीनों को जब अदालत में पेश किया गया तो उनके चेहरे पर किसी तरह का गंभीर तनाव नहीं दिख रहा था। इससे पहले जब इन्हें एक सप्ताह पहले ईडी को रिमांड के लिए सौंपा गया था तो तीनों बहुत च्यादा टेंशन में नजर आ रहे थे।

### भूखे मरने का हवाला देकर मांगी जमानत

सौरभ के अधिवक्ता राकेश पाराशर की तरफ से नियमित जमानत का एक आवेदन स्पेशल लोकायुक्त और ईडी कोर्ट में लगाया गया। इस पर मंगलवार को सुनवाई होगी। इस जमानत आवेदन पत्र में सौरभ के वकील ने अदालत से गुहार लगाई है कि पत्नी, छोटे बच्चे और वृद्ध मां के भरण-पोषण और देखभाल की जिम्मेदारी केवल सौरभ पर ही है। आवेदन में कहा गया है कि सौरभ के खाते फ्रीज हैं ।

# कैबिनेट की बैठक आज, कई नीतियों पर लगेगी मुहर



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** ग्लोबल इवेस्टर्स समिट की तैयारियों में जुटी मध्यप्रदेश कैबिनेट मंगलवार को फिर से कई ऐसी नीतियों पर मुहर लगा सकती है,जो प्रदेश में निवेश को बढ़ाने में मददगार होगी। मंत्रालय में 18 फरवरी को दोपहर 3 बजे से कैबिनेट बुलाई गई है। जानकारी के अनुसार केबिनेट की बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़ी तकरीबन 8 नई नीतियों पर मुहर लग सकती है। इसमें एमएसएमई प्रमोशन, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), स्टार्टअप और स्वास्थ्य निवेश जैसी नीतियां शामिल है।

गौरतलब है कि कैबिनेट की पिछली बैठक में 7 मुख्य नीतियों और 10 उप-नीतियों को मंजूरी दी गई थी। इन सभी नीतियों को 24-25 फरवरी को आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेश आकर्षित करने के लिए लाया गया है। उल्लेखनीय यह पहली बार है जब मध्य प्रदेश सरकार एक साथ इतनी बड़ी संख्या में नीतियां जारी कर रही है। इन प्रस्तावों का मकसद निवेशकों के लिए व्यापार करने में आसानी यानी ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सुनिश्चित करना है। बताया गया है कि सरकार पहले से जारी नीतियों जैसे निवेश संवर्धन, एमएसएमई, ईवी, नवीकरणीय ऊर्जा और स्टार्टअप को संशोधित करने की भी योजना बना रही है। बैठक में इंटीग्रेटेड टाउनशिप डेवलपमेंट नीति आ सकती है। बताया गया है कि इसके जरिए भू-स्वामी मिलकर टाउनशिप विकसित कर सकेंगे। इसी तरह नई नीति में ग्रीन बेल्ट जैसे प्रावधानों से भी छूट दी जा सकती है। एमएसएमई विकास नीति के जरिए छोटे और मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने का प्लान है। बैठक से पहले सीएम अपने मंत्रियों से अनौपचारिक चर्चा के दौरान जीआईएस की तैयारियों पर विस्तार से जानकारी देंगे।

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

75,996 +57

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Adani Enterpris | 2,240.40 | 3.30% |
| Bajaj Finserv | 1,898.75 | 2.91% |
| IndusInd Bank | 1,050.95 | 2.33% |
| Power Grid Corp | 264.00 | 2.27% |
| Shriram Finance | 553.00 | 2.08% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| M&M | 2,792.25 | -3.76 |
| Bharti Airtel | 1,666.25 | -2.42 |
| Wipro | 302.00 | -0.89 |
| TCS | 3,856.20 | -0.77 |
| Infosys | 1,822.15 | -0.76% |

**फोरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| डॉलर | 86.87 |
| यूरो | 90.99 |
| येन | 05.72 |
| पौंड | 109.38 |

# भारतीय कपड़ों और फेब्रिक का पूरी दुनिया में होगा बोलबाला: पीएम

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वो दिन दूर नहीं जब भारतीय कपड़े दुनियाभर के बाजार में मौजूद होंगे। बड़े-बड़े देशों के मार्केट में भारतीय कपड़ों और फैब्रिक का बोलबाला होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कपड़ा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों पर रविवार को संतोष जताया और उम्मीद जताई कि भारत 2030 से पहले भारत के टेक्सटायल निर्यात का आंकड़ा नौ लाख करोड़ रुपये के लक्ष्य को हासिल कर लेगा।

मोदी ने 'भारत टेक्स 2025' में कहा, हम वर्तमान में दुनिया में वस्त्र और परिधान के छठे सबसे बड़े निर्यातक हैं। कपड़ा निर्यात लगभग तीन लाख करोड़ रुपये का है। हमारा लक्ष्य इस आंकड़े को तीन गुना करते हुए नौ लाख करोड़ रुपये का निर्यात हासिल करना है। उन्होंने कहा, इस सफलता का श्रेय पिछले दशक में की गई कड़ी मेहनत और लगातार लागू की गई नीतियों को जाता है, जिनके कारण कपड़ा क्षेत्र में विदेशी निवेश दोगुना हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जिस तरह से काम हो रहा है, मुझे लगता है कि हम 2030 की समयसीमा से पहले ही यह लक्ष्य हासिल कर लेंगे। उन्होंने कहा कि सही दिशा में काम करने से भारत इस बाजार में बड़ी हिस्सेदारी हासिल कर सकता है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के कपड़ा और परिधान निर्यात में सात प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई है। यह क्षेत्र प्रमुख रोजगार सृजनकर्ता है तथा विनिर्माण क्षेत्र में इसका योगदान 11 प्रतिशत है। उद्योग के लिए संसाधनों के मनचाहे उपयोग और कम से कम अपशिष्ट उत्पादन की आवश्यकता पर उन्होंने कहा एक विश्लेषण के अनुसार, 2030 तक फैशन अपशिष्ट 14.8 करोड़ टन तक पहुंचने का अनुमान है। आज, एक-चौथाई कपड़ा अपशिष्ट का पुनर्चक्रण नहीं किया जा रहा है। हमारा कपड़ा उद्योग इस चुनौती को अवसर में बदल सकता है। बजट में घोषित कपास उत्पादकता मिशन के बारे में उन्होंने कहा कि इससे कपास की आपूर्ति विश्वसनीय बनेगी, भारतीय कपास वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनेगा और मूल्य श्रृंखला मजबूत होगी।मोदी ने बैंकिंग क्षेत्र के प्रतिनिधियों से कपड़ा उद्योग की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को समझने को कहा तथा उनसे कपड़ा क्षेत्र को सहायता प्रदान करने का आग्रह किया, जहां एक इकाई को केवल 75 करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता होती है, लेकिन 2,000 लोगों को रोजगार मिलता है। उन्होंने कहा कि भारत के वस्त्र और परिधान निर्यात में पिछले साल सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। देश कपड़ा क्षेत्र के लिए कुशल प्रतिभाओं का एक समूह बनाने पर काम कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमारा ध्यान तकनीकी वस्त्र क्षेत्र पर है, क्योंकि भारत इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। मोदी ने कहा कि 'भारत टेक्स' एक बड़ा वैश्विक आयोजन बन रहा है, जिसमें 120 से अधिक देश भाग ले रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कपड़ा क्षेत्र के लिए अपने '5एफ दृष्टिकोण' को रेखांकित किया, जिसमें 'खेत (फार्म) से फाइबर; फाइबर से फैक्ट्री; फैक्ट्री से फैशन; फैशन से विदेशी (फॉरेन)' शामिल हैं।

### 9लाख करोड़ के वार्षिक निर्यात लक्ष्य की उम्मीद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कपड़ा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों पर रविवार को संतोष जताया और उम्मीद जताई कि भारत 2030 के लक्षित वर्ष से पहले नौ लाख करोड़ रुपये के वार्षिक निर्यात लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा। यह बात इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि आम बजट 2025-26 में कपास की, खासकर अतिरिक्त लंबे रेशे वाली किस्मों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए पांच साल के कपास मिशन की घोषणा की गई है। बजट में राष्ट्रीय कपास प्रौद्योगिकी मिशन के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'भारत टेक्स' कपड़ा क्षेत्र में निवेश, निर्यात और समग्र वृद्धि को काफी बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा, भारत टेक्स वैश्विक स्तर पर नीति निर्माताओं, मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) और उद्योग जगत के नेताओं के बीच जुड़ाव, सहयोग और साझेदारी के लिए एक मजबूत मंच बन रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत की पारंपरिक टिकाऊ तकनीकों को अब अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के साथ बढ़ाया जा रहा है।

# 8 दिन तक लगातार गिरने के बाद 9वें दिन संभला बाजार

**मुंबई, जेएनएन।** भारतीय घरेलू बेंचमार्क सूचकांक लगातार आठ दिन की गिरावट के सिलसिले को खत्म करते हुए सोमवार को हरे निशान में बंद हुए. कारोबार के अंत में फार्मा, पीएसयू बैंक सेक्टर में खरीदारी दर्ज की गई। सेंसेक्स 57.65 अंक या 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 75,996.86 पर बंद हुआ. यह अपने इंट्रा-डे लो लेवल 75,294.76 से लगभग 702.10 अंक अधिक था। इसी के साथ सेंसेक्स ने इंट्रा-डे हाई लेवल 76,041.96 को छुआ। निफ्टी 30.25 अंक या 0.13 प्रतिशत चढ़कर 22,959.50 पर बंद हुआ। सत्र के दौरान इंडेक्स 22,974.20 और 22,725.45 के बीच कारोबार करता रहा। निफ्टी बैंक 159.45 अंक या 0.32 प्रतिशत की तेजी के बाद 49,258.90 पर बंद हुआ। कारोबार के अंत में निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 195.70 अंक या 0.39 प्रतिशत की बढ़त के बाद 49,849.85 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 5.90 अंक या 0.04 प्रतिशत चढ़ने के बाद 15,413.10 पर बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,354 शेयर हरे निशान और 2,733 शेयर लाल निशान में बंद हुए, जबकि 134 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। सेंसेक्स पैक में बजाज फिनसर्व, पावरग्रिड, इंडसइंड बैंक, अदाणी पोर्ट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, जोमैटो, नेस्ले इंडिया, टाटा मोटर्स, एसबीआई, एशियन पेंट्स और एनटीपीसी टॉप गेनर्स थे। वहीं, एमएंडएम, भारती एयरटेल, टीसीएस, इंफोसिस और आईसीआईसीआई बैंक टॉप लूजर्स थे।



विशेषज्ञों के अनुसार, वैश्विक नीतियों में हाल में हुए बदलाव, खासकर अमेरिका से उभरने वाले बदलाव, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के बीच अनिश्चितता की भावना पैदा कर रहे हैं, जो बदले में भारत जैसे गतिशील बाजारों में उनकी निवेश रणनीतियों को नया रूप दे रहे हैं। इसके अलावा, वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के विपुल भोवर ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार में मौजूदा हाई-वैल्यूएशन ने निवेशकों के बीच सतर्कता बढ़ा दी है।

पिछले हफ्ते, दोनों सूचकांकों ने बड़े नुकसान के साथ अपने दो सप्ताह के जीत के सिलसिले को समाप्त कर दिया. विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने लगातार आठवें सत्र के लिए अपनी बिकवाली का सिलसिला जारी रखा और 14 फरवरी को 4,294.69 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची। इसके विपरीत, घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) शुद्ध खरीदार बने रहे और उन्होंने उसी दिन 4,363.87 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी खरीदी।

# 4 महीने त्रासदी भरा सफर, दाढ़ी कटवानी पड़ी, पगड़ी को कचरे में फेंका

**अमृतसर, जेएनएन।** अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे भारतीयों का तीसर बैच 16 फरवरी को रात 10 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। अमेरिकी एयरफोर्स के ग्लोबमास्टर विमान में 112 लोग लाए गए, इनमें हरियाणा के 44 और पंजाब के 33 लोग शामिल हैं। करीब 6 घंटे की पूछताछ के बाद ये लोग एयरपोर्ट से बाहर आए। हरियाणा के लोगों के लिए पुलिस के अधिकारी वॉल्वो बस लेकर पहुंचे। इनमें से एक अमेरिका से डिपोर्ट मनदीप सिंह ने आपबीती सुनाई है। उन्होंने बताया कि कैसे उन्हें अपनी दाढ़ी कटवानी पड़ी और उन्हें किस तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मनदीप ने बताया कि उन्हें भूखे पेट यात्रा करनी पड़ी और पेशाब करने के लिए बोतलें दी जाती थीं। मनदीप सिंह पूर्व सैनिक हैं। उन्होंने अमेरिका जाने के लिए रिटायरमेंट के सारे पैसे एजेंट को दिए थे। सेना के रिटायर्ड जवान मनदीप ने बताया कि रिटायरमेंट पर उसे 40 लाख रुपए मिले थे। रिटायरमेंट के बाद उसे अमेरिका जाने की इच्छा हुई। एजेंट ने अमेरिका भिजवाने के नाम पर 55 लाख मांगे। उसने पैसों का इंतजाम करके एजेंट को दिए। उन्होंने कहा, जब उसने दाढ़ी कटवाने से मना कर दिया, तो उसे तीन दिन तक अलग कमरे में बंधक बनाकर रखा गया। बाद में वह दाढ़ी कटवाने पर राजी हुआ। चार महीने के इस सफर में कई देश पार करने के लिए डोंकर छोटी-छोटी गाड़ियों में युवकों को बिठाकर रवाना करते थे। यह गाड़ियां दो से चार दिन तक लगातार चलती रहती थी। पेशाब करने को उन्हें बोतलें दी जाती थी। बताया जाता था कि गाड़ियां रुकेंगी नहीं। डोंकर उन्हें खाने के लिए कुछ नहीं देते थे।



### पकड़ते ही पगड़ी फेंकी, दाढ़ी-सिर के बाल कांटे

मनदीप ने कहा, जैसे ही मैं मेक्सिको की दीवार फांदकर अमेरिका में घुसा, वहां की सेना ने मुझे पकड़ लिया। उन्होंने मुझसे सारे कपड़े उतारने को कहा। जब मैंने खुद को सिख बताया और हमारे धर्म में पांच ककारों का महत्व समझाना चाहा तो उन्होंने मेरी कोई बात नहीं सुनी। कुछ अमेरिकी सैनियों ने मेरी पगड़ी उतारकर कूड़ेदान में फेंक दी। मेरी दाड़ी और सिर के बाल काटकर छोटे कर दिए। अमेरिकी सेना ने हमें जिस जगह रखा, वहां हमें सिर्फ पायजामा, शर्ट, जुराब और जूते पहनने की परमिशन थी। कुछ अन्य सिख युवकों ने अपनी पगड़ी मांगी तो अमेरिकी सैनिकों ने साफ इनकार कर दिया। उनका कहना था कि अगर किसी ने पगड़ी से खुद को फंदा वगैरह लगा लिया तो जिम्मेदार कौन होगा?

# एलजी इलेक्ट्रिक इंडिया लॉन्च करेगी आईपीओ

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय बाजार साउथ कोरियाई कंपनियों को खूब भा रहा है। हुंडई के बाद एक और साउथ कोरियाई कंपनी शेयर बाजार में दस्तक देने वाली है। हुंडई मोटर कंपनी की भारतीय सहायक कंपनी हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) के 27,856 करोड़ रुपये के ऐतिहासिक आईपीओ के साथ भारतीय शेयर बाजार में लिस्ट होने के बाद, दक्षिण कोरिया की एक और दिग्गज कंपनी एलजी की भारतीय शाखा अपने मेगा आईपीओ के लिए पूरी तरह तैयार है।

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया की पब्लिक लिस्टिंग से पहले, इसके पैरेंट ग्रुप एलजी कॉर्प के चेयरमैन और सीईओ कू क्वांग-मो इस महीने भारत का दौरा कर सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एलजी प्रमुख भारत के आईपीओ को अंतिम रूप देने और देश में नए निवेश अवसरों की तलाश करने की योजना बना रहे हैं।

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने पिछले साल दिसंबर में बाजार नियामक सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया था। संभावित 15,000 करोड़ रुपये की पब्लिक ऑफरिंग एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया को घरेलू बेंचमार्क सूचकांकों पर मेगा आईपीओ लॉन्च करने वाली एलआईसी, हुंडई मोटर्स, पेटीएम और कोल इंडिया जैसी कंपनियों की लिस्ट में शामिल करेगी। एलजी के डीआरएचपी के अनुसार, 2024 में एलजी के होम अप्लायंसेज और एयर सॉल्यूशन डिवीजन ने 73.77 प्रतिशत-78.97 प्रतिशत राजस्व अर्जित किया, जिसमें रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, एयर कंडीशनर और टीवी का योगदान 33.71 प्रतिशत-16.31 प्रतिशत रहा। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के प्रबंध निदेशक होंग जू जियोन ने सोमवार को एक मीडिया कॉलम में कहा कि भारत वैश्विक निगमों के लिए सबसे तेजी से बढ़ते देशों में से एक के रूप में उभरा है।




ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन हब के रूप में, भारत अब बहुराष्ट्रीय परिचालन के की ड्राइवर के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत करते हुए मेक इन इंडिया के दृष्टिकोण का नेतृत्व करता है। उन्होंने लिखा, भारत न केवल एक गेटवे है, बल्कि विश्व मंच पर स्थायी, स्केलेबल विकास प्राप्त करने के लिए आधारशिला है। इस संदर्भ में, 2025 के केंद्रीय बजट ने भारत के लिए एक व्यापक ढांचा तैयार करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत किया, जिसे अगर लागू किया जाता है तो भारत के बढ़ते घरेलू विनिर्माण क्षेत्र को वैश्विक विनिर्माण केंद्र में बदला जा सकता है। देश का लक्ष्य 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना है। उन्होंने आगे कहा, भारत न केवल 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में देश के आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त करता है, बल्कि निगमों के लिए खुद को विनिर्माण के वैश्विक पावरहाउस बनने के लिए एक स्थिर और मजबूत आधार के साथ दुनिया की सेवा करने में सक्षम बनाता है।

## पीएम-आशा योजना को 2026 तक जारी रखने की मंजूरी

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र ने एकीकृत प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजना को 15वें वित्त आयोग के दौरान 2025-26 तक जारी रखने की मंजूरी दी है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, एकीकृत पीएम-आशा योजना का मकसद खरीद कार्यों का प्रभावी कार्यान्वयन करना है। यह योजना किसानों को अच्छी कीमत देने और जरूरी वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए महत्वपूर्ण है। एकीकृत पीएम-आशा योजना की मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत दलहन, तिलहन और खोपरा की खरीद की जाती है। केंद्रीय नोडल एजेंसियां राज्यस्तरीय एजेंसियों के जरिये पंजीकृत किसानों से सीधे एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर यह खरीद करती हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरीफ सत्र 2024-25 के लिए पीएसएस के तहत आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश में तुअर (अरहर) की खरीद को मंजूरी दी है, जिसकी कुल मात्रा 13.22 लाख टन होगी।

# रूस-यूक्रेन जंग को लेकर आज बड़ी बैठक

**वॉशिंगटन।** यूक्रेन जंग के समाधान के लिए रूस-अमेरिका के बीच मंगलवार को सऊदी अरब में हाई लेवल मीटिंग हो सकती है। इसमें 2 रूसी अधिकारी शामिल होंगे। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने इसकी पुष्टि की है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, पुतिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव सऊदी की राजधानी रियाद के लिए रवाना होंगे। इस शांति वार्ता के लिए यूक्रेन को नहीं बुलाया है। अमेरिका की तरफ से विदेश मंत्री मार्को रुबियो और यूक्रेन और रूस के लिए वाशिंगटन के विशेष दूत कीथ केलॉग इसमें शामिल होंगे। रुबियो रियाद पहुंच चुके हैं। रुबियो अमेरिकी डेलिगेशन की अगुआई करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बैठक में अमेरिकी एनएसए माइकल वॉल्ट्ज और विशेष दूत स्टीव विटकॉफ भी शामिल होंगे।

# एसबीआई एमएफ ने शुरू किया जननिवेश एसआईपी, 250 रु. से कर सकेंगे निवेश

**मुंबई, जेएनएन।** संपत्ति प्रबंधन कंपनी एसबीआई म्यूचुअल फंड ने सोमवार को 250 रुपये मासिक निवेश वाली व्यवस्थित निवेश योजना शुरू की। इसका उद्देश्य निवेश उत्पाद को हर तबके तक पहुंचाना है। जननिवेश एसआईपी योजना के तहत निवेशक प्रति लेनदेन 250 रुपये तक कम कम राशि का निवेश कर सकते हैं। इस योजना को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच की मौजूदगी में शुरू किया गया। निवेशक आमतौर पर एसआईपी में 500 रुपये लगाते हैं। यह उस योजना के आधार पर 100 रुपये तक कम हो सकता है जिसमें पैसा लगाया जा रहा है। म्यूचुअल फंड की पहुंच को व्यापक बनाने के उद्देश्य से कम राशि यानी 250 रुपये के निवेश वाला एसआईपी लाया गया है। यह निवेश उत्पाद एसबीआई योनो ऐप के अलावा वित्तीय प्रौद्योगिकी मंच पेटीएम, जेरोधा और ग्रो आदि पर उपलब्ध होंगे। इसे गांवों, कस्बों और शहरी क्षेत्रों के छोटे बचतकर्ताओं और पहली बार निवेश करने वालों को वित्तीय समावेश के दायरे में लाने के लिए निवेश करने में सक्षम बनाने के लिए तैयार किया गया है।


# इंडिगो-एयर इंडिया को टक्कर देगी फ्लाई दुबई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के एविएशन सेक्टर में दबदबा बना चुकी इंडिगो और टाटा ग्रुप की एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया को टक्कर देने के लिए नया खिलाड़ी दस्तक देने की तैयारी कर रहा है। दुबई स्थित लो-कॉस्ट एयरलाइन FlyDubai भारत में अपनी सर्विस शुरू करने की योजना बना रही है। इसके लिए कंपनी ने संकटग्रस्त घरेलू एयरलाइन Go First के अधिग्रहण में रुचि दिखाई है। अगर सब कुछ ठीक रहता है और यदि यह डील फाइनल हो जाती है, तो भारत में इंडिगो, एयर इंडिया, विस्तारा और अन्य एयरलाइंस को एक नया कॉम्पिटिटर मिल सकता है।

**Go First को खरीदने को लेकर जारी है बातचीत** : FlyDubai की भारतीय बाजार में एंट्री सीधे तौर पर नहीं होगी, बल्कि वह Busy Bee Airways के साथ मिलकर Go First के अधिग्रहण की योजना बना रही है। Busy Bee पहले ही Go First के ट्रैडमार्क, फ्लाइंग लाइसेंस और एयरपोर्ट स्लॉट्स खरीदने के लिए बातचीत कर रही है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, Busy Bee ने इस सौदे के लिए 1,000 करोड़ रुपये की बोली लगाई है। Go First मई 2023 से ही ऑपरेशनल नहीं है और उसने दिवालिया प्रक्रिया के तहत खुद को दर्ज कराया था। इसके बाद से कई कंपनियां इसे खरीदने में रुचि दिखा चुकी हैं, जिनमें Sky One (शारजाह स्थित एविएशन कंपनी), NS Aviation (यूएस-आधारित कंपनी) और भारतीय कंपनी SpiceJet भी शामिल हैं। लेकिन, फिलहाल Busy Bee इस रेस में सबसे आगे चल रही है। FlyDubai पहले से ही भारत के कई शहरों के लिए इंटरनेशनल फ्लाइट्स ऑपरेट करती है, लेकिन घरेलू उड़ानों में उसकी कोई मौजूदगी नहीं है।

Busy Bee Airways की स्थापना प्राण सथियादासन ने अप्रैल 2017 में की थी. शुरुआत में यह कंपनी एविएशन से जुड़ी अलग-अलग सेवाएं देती थी, लेकिन अब यह भारत में एक नई घरेलू एयरलाइन शुरू करने की योजना बना रही है।





## संक्षिप्त समाचार

### प्रयागराज से लौट रही नौचंदी एक्सप्रेस पर पथराव



**खुर्जा, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के खुर्जा में बीती रात नौचंदी एक्सप्रेस पर पत्थर फेंके गए। असामाजिक तत्वों के द्वारा की गई इस घटना से ट्रेन के कोच में अफरा-तफरी मच गई। वहीं, कोच में मौजूद एक रिटायर्ड विजिलेंस ऑफिसर घायल हो गए, ट्रेन के हापुड़ में रुकने पर उनका रेलवे के डॉक्टरों से इलाज करवाया गया। जानकारी के मुताबिक, ट्रेन प्रयागराज से सहारनपुर जा रही थी और यात्रियों से भरी हुई थी। घटना के बाद बुलंदशहर पुलिस पत्थरबाजों की तलाश में जुट गई है। सीसीटीवी आदि खंगाले जा रहे हैं। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। ट्रैक पर निगरानी बढ़ा दी गई है। घायल बुजुर्ग का नाम मृदुल कुमार है।

### सेना सीमा पर किसी भी स्थिति से निपटने में सक्षम



**जम्मू, जेएनएन।** सीमा पार से गोलीबारी और नियंत्रण रेखा पर आईईडी हमले की हाल की घटनाओं के बीच, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि भारतीय सेना सीमा पर किसी भी स्थिति से निपटने में पूरी तरह सक्षम है और दुश्मन ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दे रही है। उपराज्यपाल ने यह भी कहा कि सुरक्षा एजेंसियों को आतंकवाद को खत्म करने और क्षेत्र में शांति सुनिश्चित करने के साफ तौर पर निर्देश दिए गए हैं, ऐसे में आतंकवाद रोधी अभियान बिना किसी रुकावट के जारी रहेंगे। सिन्हा ने यहां एक खेल कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा, भारतीय सेना पूरी तरह सक्षम है और सीमा पर मुंहतोड़ जवाब दे रही है।

### मेरे ही प्लेटफॉर्म पर हो रही बेइज्जती: एलन मस्क



**नई दिल्ली, जेएनएन।** धनकुबेर और चर्चित शख्सियत एलन मस्क ने एक ट्वीट किया है, जिसकी खूब चर्चा हो रही है। इसे लेकर उन्हें लोग अलग-अलग सुझाव भी दे रहे हैं। एलन मस्क ने ट्वीट किया, मुझे अपने ही मालिकाना हक वाले प्लेटफॉर्म एक्स पर अनगिनत अपमान झेलने पड़ रहे हैं। अनंत लोगों की ओर से मेरे साथ ऐसा बर्ताव किया जा रहा है। एलन मस्क ने यह कॉमेंट खुद को लेकर एक्स पर मीम शेयर किए जाने और अन्य तमाम कॉमेंट्स करने को लेकर यह बात कही है। उनकी टिप्पणी पर अब लोग सुझाव भी दे रहे हैं। एक यूजर ने तो कहा कि ऐसी अपमानजनक और मजाक उड़ाने वाली पोस्ट अज्ञात अकाउंट्स से की जाती हैं।

### नोएडा में बारात में 'हर्ष फायरिंग' में बच्चे की मौत

**नोएडा, जेएनएन।** गौतमबुद्ध नगर में सेक्टर 49 थाना क्षेत्र के अगाहपुर गांव में रविवार रात को एक बारात में की गई 'हर्ष फायरिंग' में ढाई साल के बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) ट्विंकल जैन ने बताया कि अगाहपुर गांव के निवासी बलवीर के घर गुरुग्राम से बारात आई थी। बारात में आए कुछ लोगों ने 'हर्ष फायरिंग' शुरू कर दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस दौरान छत पर खड़े होकर बारात देख रहे ढाई साल के बच्चे अंश को गोली लग गई। अंश के पिता विकास शर्मा मूल रूप से संभल जिले से हैं। एसीपी ने बताया कि घायल बच्चे को उसके परिजनों ने उपचार के लिए एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां रात 11 बजे के करीब उसकी मौत हो गई। परिजन ने पुलिस को रात 11 बजे घटना की सूचना दी। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अमेरिका में तूफान से तबाही, 9 की हुई मौत

## केंटुकी-जॉर्जिया में एक हजार लोगों को बचाया



**वाशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका के केंटकी में भयंकर तूफान आया, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई है। यहां पर सड़कें नजर नहीं आ रही हैं, हर तरफ पानी भरा हुआ है। वहीं, सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, जॉर्जिया में एक व्यक्ति की मौत हुई है। रेस्क्यू टीम खोज और बचाव के काम में लगी है। पिछले 24 घंटे से करीब 1000 से ज्यादा लोगों को बचाया जा चुका है। इस तूफान को एक दशक में सबसे गंभीर मौसम घटनाओं में से एक माना जा रहा है।

### बिजली और पानी की सप्लाई बंद

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, इस तूफान की वजह से 39,000 घरों में बिजली और पानी की सप्लाई बंद हो गई है। इस प्राकृतिक आपदा के वीडियो भी सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहे हैं। इस वीडियो में बाढ़ के पानी में डूबे वाहन, गिरे हुए पेड़ और घर में डूबे घर दिखाई दे रहे हैं। अब तक हजारों लोगों को पानी से बचाया जा चुका है, जिसमें कुल 9 लोगों की मौत की पुष्टि की गई है।

### 300 से अधिक सड़कें बंद

सीएनएन की एक्स पर शेयर पोस्ट में कहा गया कि हमें केंटुकी के लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। 300 से अधिक सड़कें बंद हैं, नेताओं का कहना है कि राज्य में यह तबाही बहुत खतरनाक है। भूस्खलन से लेकर पश्चिम में हिमपात तक, स्थिति खतरनाक है। लोगों को अपनी सुरक्षा का ध्यान रखने की सलाह दी गई है।

### केंटकी में इमरजेंसी का ऐलान

केंटकी के गवर्नर ने कहा कि मरने वाले 9 लोगों में एक बच्चा भी शामिल है। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि यह संख्या बढ़ने वाली है। उन्होंने केंटकी के लोगों से सड़कों पर न निकलने की अपील की, क्योंकि कई मौतों के पीछे सड़क हादसे भी हैं। शुक्रवार को तूफान से पहले केंटकी में इमरजेंसी का ऐलान किया गया है।

# दिल्ली में यमुना की सफाई शुरू


## एलजी सक्सेना ने तय की समय सीमा



**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में अहम मुद्दा रही यमुना जल्द निर्मल होगी। दिल्ली में यमुना की सफाई का काम सोमवार को शुरू हो गया। नदी की सफाई के लिए तीन साल का समय तय किया गया है। एलजी वीके सक्सेना ने मुख्य सचिव के साथ बैठक के बाद सफाई के निर्देश दिए थे। यमुना की सफाई चार चरणों में होगी। पहले चरण में कचरा और गाद हटाई जाएगी। नजफगढ़ ड्रेन, सप्लीमेंट्री ड्रेन और अन्य बड़े नालों की सफाई भी होगी। एसटीपीएस की निगरानी रखी जाएगी। 400 एमजीडी सीवेज ट्रीटमेंट की कमी पूरी करने के लिए नए ट्रीटमेंट प्लांट्स बनाए जाएंगे। लक्ष्य पूरा करने के लिए जल बोर्ड, नगर निगम, पर्यावरण विभाग और डीडीए मिलकर काम करेंगे।

## प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट पर नई अर्जी से सुप्रीम कोर्ट नाराज, 7 याचिकाओं पर सुनवाई टाली

# भड़के सीजेआई, बोले- याचिकाएं दायर करने की भी लिमिट होती है



**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट से जुड़ी 7 याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई टाल दी। सुनवाई 2 जजों की बेंच में होनी थी। सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा, आज 2 जजों की बेंच ही बैठी है। ऐसे में यह केस किसी और दिन देखा जाएगा। सीजेआई ने मामले पर दाखिल इंटरवेंशन एप्लिकेशंस को लेकर कहा, आज ऐसी कोई याचिका स्वीकार नहीं करने वाले हैं। सीजेआई ने कहा, याचिकाएं दायर करने की एक सीमा होती है। बहुत सारे अंतरिम आवेदन दायर किए गए हैं। हम शायद इस पर सुनवाई नहीं कर पाएं। उन्होंने 12 दिसंबर, 2024 के अपने आदेश के जरिए कई हिंदू पक्षों की ओर से दायर 18 मुकदमों में कार्रवाई को प्रभावी ढंग से रोक दिया, जिसमें वाराणसी में ज्ञानवापी, मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद और संभल में शाही जामा मस्जिद सहित 10 मस्जिदों के मूल धार्मिक चरित्र का पता लगाने के लिए सर्वेक्षण का अनुरोध किया गया था। संभल की शाही जामा मस्जिद में झड़पों में 4 लोग मारे गए थे। कोर्ट ने सभी याचिकाओं को 17 फरवरी को प्रभावी सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी, सपा नेता और कैराना की सांसद इकरा चौधरी, कांग्रेस पार्टी समेत अन्य ने 12 दिसंबर 2024 के बाद कई याचिकाएं दायर कीं, जिनमें साल 1991 के कानून के प्रभावी कार्यान्वयन का अनुरोध किया गया है। इकरा चौधरी ने 14 फरवरी को मस्जिदों और दरगाहों को निशाना बनाकर कानूनी कार्रवाई की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने का अनुरोध किया था, इसके बारे में उनका कहना था कि इससे सांप्रदायिक सद्भाव और देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को खतरा है।

### ओवैसी की याचिका

शीर्ष अदालत ने पहले ओवैसी की इसी तरह की प्रार्थना वाली एक अलग याचिका पर विचार करने पर सहमति जताई थी। अखिल भारतीय संत समिति ने 1991 के कानून के प्रावधानों की वैधता के खिलाफ दायर मामलों में हस्तक्षेप करने का अनुरोध करते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था, इससे पहले पीठ 6 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें वकील अश्विनी उपाध्याय की मुख्य याचिका भी शामिल थी। उपाध्याय ने 1991 के कानून के कई प्रावधानों को चुनौती देते हुए यह याचिका दायर की है। यह कानून किसी भी पूजा स्थल के धार्मिक चरित्र में परिवर्तन पर रोक लगाता है और किसी भी पूजा स्थल के धार्मिक चरित्र को 15 अगस्त, 1947 के समय के अनुसार बनाए रखने का प्रावधान करता है। हालांकि, अयोध्या में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद से संबंधित विवाद को इसके दायरे से बाहर रखा गया था।

### इन विवादों को लेकर याचिका

'जमीयत उलेमा-ए-हिंद' जैसी मुस्लिम संस्थाएं सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने और मस्जिदों की वर्तमान स्थिति को बनाए रखने के लिए 1991 के कानून का सख्ती से अमल चाहते हैं। हिंदुओं ने इस आधार पर मस्जिदों को पुनः प्राप्त करने का अनुरोध किया है कि वे आक्रमणकारियों द्वारा ध्वस्त किए जाने से पहले मंदिर थे। उपाध्याय जैसे याचिकाकर्ताओं ने अधिनियम की धारा 2, 3 और 4 को अलग रखने का अनुरोध किया है, इसके कारणों में यह दलील भी शामिल थी कि ये प्रावधान किसी व्यक्ति या धार्मिक समूह के पूजा स्थल पाने न्यायिक उपचार के अधिकार को छीन लेते हैं। पीठ ने कहा कि प्राथमिक मुद्दा 1991 के कानून की धारा 3 और 4 के संबंध में है। धारा 3 पूजा स्थलों के रूपांतरण पर रोक से संबंधित है, जबकि धारा 4 कुछ पूजा स्थलों के धार्मिक चरित्र, न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र पर रोक आदि से संबंधित है। ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति ने हस्तक्षेप याचिका में 1991 के कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली लंबित याचिकाओं का विरोध किया। मस्जिद समिति ने मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद, दिल्ली के कुतुबमीनार के पास कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद, मप्र में कमाल मौला मस्जिद और अन्य समेत कई मस्जिदों और दरगाहों के संबंध में सालों से किए जा रहे विवादास्पद दावों को सूचीबद्ध किया है।

# फिजूलखर्ची पर लगाम लगाने में जुटे ट्रम्प, यूसेड फंडिंग भी बंद करेंगे

## दुनियाभर के 60 देशों में आफिस और 10 हजार कर्मचारी



**नई दिल्ली, जेएनएन।** डोनाल्ड ट्रंप सत्ता संभालने के बाद से ही सरकारी खर्च में कटौती करने में जुटे हैं। इसकी जिम्मेदारी उन्होंने दिग्गज उद्योगपति एलन मस्क को दे रखी है। एलन मस्क सरकारी दक्षता विभाग के मुखिया हैं। वे न केवल कर्मचारियों की छंटनी कर रहे हैं बल्कि तमाम फिजूलखर्ची पर लगाम लगाने में जुटे हैं। एलन मस्क के निशाने पर सबसे पहले यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट यानी यूएसएड आया है। इसके तहत दुनियाभर के देशों को मिल रही फंडिंग पर मस्क लगातार कैंची चलाने में जुटे हैं।

### क्या है यूएसएड?

यूएसएड अमेरिकी सरकार की विदेशी सहायता एजेंसी है। इसके माध्यम से अमेरिका दुनियाभर में विभिन्न कार्यक्रमों को आर्थिक मदद पहुंचाता है। यूएसएड के माध्यम से अपना एजेंडा चलाने का आरोप भी अमेरिका पर लगता है। दुनियाभर के 60 से अधिक देशों में यूएसएड के कार्यालय हैं। कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस के मुताबिक इस एजेंसी में लगभग 10 हजार लोग काम करते थे। इनमें से दो तिहाई कर्मचारियों की तैनाती विदेशों में है।

**कैसे करता है काम?** : ज्यूएसएड जमीन पर सीधे काम नहीं करता है। वह कई दूसरे संगठनों से समझौता करता है। उनके माध्यम से विभिन्न, सामाजिक-आर्थिक, राजनीतिक और स्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रमों की फंडिंग की जाती है। दावा है कि यूएसएड अपना सबसे अधिक धन स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर खर्च करता है।

**कितना बजट और खर्च कितना?**: यूएसएड का सलाना बजट 40 बिलियन डॉलर का है। मगर अमेरिका की इस एजेंसी ने देश के बाहर विभिन्न देशों में 2023 में 68 बिलियन डॉलर की धनराशि खर्च की है। यह राशि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार घाटे से अधिक है। बता दें कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार घाटा 43.65 बिलियन डॉलर का है।

**किसने और कब की गई स्थापना?**: अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने 1961 में यूएसएड की स्थापना की थी। इसकी स्थापना कांग्रेस के विदेशी सहायता अधिनियम के तहत की गई थी। 1998 में इसे कार्यकारी एजेंसी का दर्जा दिया गया। इस एजेंसी को पूरी तरह से बंद या विलय करने के लिए ट्रंप को अमेरिकी कांग्रेस में एक कानून बनाना होगा।

**क्यों बंद होगा यूएसएड?**: डोनाल्ड ट्रंप का एक स्पष्ट नजारिया है कि अमेरिकी करदाताओं का पैसा विदेशी लोगों पर क्यों खर्च किया जाए? अगर खर्च करना ही है तो इसे अमेरिका में अपने लोगों पर किया जाए। कई बार खुलकर यूएसएड को बंद करने की बात कह चुके हैं।

# चीन वाले बयान पर घिरे सैम पित्रोदा से कांग्रेस का किनारा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** चीन को लेकर दिए गए अपने बयान पर ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा घिरते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस ने पित्रोदा के बयान को निजी बताया है। कांग्रेस ने कहा कि उनके बयान पार्टी के विचार नहीं हैं। पित्रोदा ने कहा था कि चीन के मुद्दे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है। पित्रोदा के बयान पर बीजेपी ने राहुल गांधी को भी घेरा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक एक्स पोस्ट में साफ किया कि पित्रोदा के बयान से कांग्रेस का कोई लेना-देना नहीं है। दरअसल, कांग्रेस की ये प्रतिक्रिया पित्रोदा के उस बयान पर सानने आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है, भारत को



### पित्रोदा के बयान पर घमासान

बता दें कि एक इंटरव्यू में सैम पित्रोदा ने चीन को लेकर एक ऐसा बयान दिया कि नया विवाद खड़ा हो गया। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि भारत को चीन को दुश्मन मानना बंद करना चाहिए। पित्रोदा ने कहा, अमेरिका की प्रवृत्ति दुश्मन को परिभाषित करने की है। मेरा मानना है कि सभी देशों के लिए सहयोग करने का समय आ गया है,

### बीजेपी ने की निंदा

पित्रोदा के बयान को लेकर बीजेपी ने आपत्ति जताई है। बीजेपी नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, पित्रोदा की बात भारत की संप्रभुता और कूटनीति के खिलाफ है। कांग्रेस के चीन के साथ हुए करार का इजहार हो गया है। त्रिवेदी ने कहा कि सैम पित्रोदा ने कांग्रेस पार्टी के चीन के साथ समझौते की खुलकर पोल खोल दी है। गंभीर बात ये है कि सैम पित्रोदा ने जिस तरह की बात कही है, वो भारत की अस्मिता, कूटनीति और संप्रभुता पर बहुत गहरा आघात है। राहुल गांधी भी विदेश में ऐसे कई बयान दे चुके हैं।

## 3 साल बाद सुनील शेट्टी की पर्दे पर वापसी, दिखा जबरदस्त लुक

**मुंबई, जेएनएन।** सुनील शेट्टी, विवेक ओबेरॉय और सूरज पंचोली स्टारर 'केसरी वीर लीजेंड्स ऑफ सोमनाथ' का टीजर रिलीज हो गया है, जिसमें दमदार एक्शन और हाई-ऑक्टेन सीक्वेंस भरे हुए हैं। यह ऐतिहासिक ड्रामा उन वीर योद्धाओं की कहानी बयां करता है, जिन्होंने 14वीं शताब्दी में आक्रमणकारियों से प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। सबसे खास बात यह है कि सुनील शेट्टी तीन साल बाद 'केसरी वीर-लीजेंड्स ऑफ सोमनाथ' के साथ बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। आखिरी बार वह 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'घनी' में नजर आए थे और अब वह



एक ऐतिहासिक रोमांच और साहसिक यात्रा पर अपने प्रशंसकों को लेकर जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सुनील शेट्टी, जो फिल्म में वेगड़ा की भूमिका निभा रहे हैं, टीजर में जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस में नजर आते हैं। उनकी दमदार और प्रभावशाली अदाकारी कहानी में जान डाल देती है। सोमनाथ मंदिर की रक्षा के लिए लड़ी गई ऐतिहासिक लड़ाई में उनका किरदार एक अहम भूमिका निभाता है। एक ऐतिहासिक योद्धा के रूप में उनका यह रूप फिल्म को और भी प्रामाणिकता प्रदान करता है। योद्धा के परिधान में सुनील शेट्टी अपने किरदार में रॉ इंटेंसिटी लाते हैं। वह एक बार फिर साबित करते हैं कि पर्दे पर आज भी बड़ी शक्ति हैं।

# सीएम योगी का युवा उद्यमियों से संवाद



**लखनऊ, जेएनएन।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को सम्मान देकर किस तरह देश की एकता और आर्थिकी को प्रोत्साहित किया जा सकता है, यह महाकुम्भ के अवसर पर सहज ही अनुभव किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में अयोध्या, काशी और प्रयागराज में जिस प्रकार श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है, उसने भारतीय संस्कृति को नई पहचान तो दी ही है। अयोध्या, काशी और प्रयागराज ने भारत के पोटेंशियल को दर्शाया है। मुख्यमंत्री योगी, सोमवार को महाराष्ट्र से आये युवा उद्यमियों से संवाद कर रहे थे। युवा भारत संस्था के तत्वावधान में मुंबई के औद्योगिक घरानों से जुड़े उद्यमी संवाद में शामिल हुए। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ पर उंगली उठाने वालों को भी करारा जवाब दिया। बोले कि, महाकुम्भ का विरोध करने वालों से हमारी इकॉनमिक्स बेहतर है। उन्होंने उद्यमियों से पूछा कि अगर केंद्र व राज्य की तरफ से मिलकर 7500 करोड़ रुपये खर्च करके अर्थव्यवस्था में तीन से साढ़े तीन लाख की अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है तो कौन सा सौदा सही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या, प्रयागराज, काशी, चित्रकूट, गोरखपुर, नैमिषारण्य में बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर है। अयोध्या में सड़क चौड़ीकरण, इंटरनेशनल एयरपोर्ट निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम के दौरान यह लोग विरोध कर रहे थे, लेकिन जब सरकार ने दृढ़ इच्छाशक्ति से निर्णय लिया तो परिणाम सामने है। एक वर्ष में रामजन्मभूमि मंदिर में 700 करोड़ का चढ़ावा आया। इन लोगों को अब यह भी बुरा लगेगा।

### कभी भारतीय विदेशी सामानों से भरे पड़े रहते थे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुम्भ में अब तक 53 करोड़ श्रद्धालु संगम में आस्था की पावन डुबकी लगा चुके हैं। अगले 9 दिन तक यह उत्सव इसी रूप में चलेगा। यही भारत की पोटेंशियल है। भारत की आस्था को यदि सम्मान दिया गया होता तो भारत और भी ऊंचाइयों को प्राप्त किया होता। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से कहा कि आप सभी को अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि, प्रयागराज, काशी समेत कई स्थलों को देखने का सौभाग्य प्राप्त होगा। वर्तमान में देश-दुनिया से श्रद्धालु तीनों स्थानों पर आकर भारत की आस्था को दुनिया के सामने भी दिखाकर अपनी ताकत का अहसास भी करा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहाकि कभी भारत के बाजार विदेशी सामानों से भरे पड़े होते थे। पीएम मोदी की प्रेरणा से 2018 में हमने ओडीओपी योजना लागू की। यूपी के परंपरागत एमएसएमई सेक्टर के प्रोडक्ट की मैपिंग की। सीएम योगी ने कहा कि यूपी ने पिछले आठ वर्ष के अंदर काफी प्रगति की है। यूपी ने अनेक रिफॉर्म भी किए। यूपी के प्रति बदली धारणा, निवेश प्रस्तावों, सुरक्षा व कानून व्यवस्था की बेहतरीन स्थिति है।

**बदलाव** | परिवारों का दर्द सोशल मीडिया कर रहा दूर, खोया-पाया काउंटर ने 50 हजार को मिलाया

# अब बिछुड़ने नहीं देता, अपनों को मिला देता है डिजिटल कुंभ

प्रयागराज से लौटकर मयंक जैन

90 के दशक तक बनने वाली फिल्मों में हीरो-हीराइन या उसके भाई-बहन अपने परिवार से बिछड़ते थे तो कहानी एक ही सुनाई जाती थी। परिवार कुंभ के मेले में गया था, तब भीड़ में हाथ छूटा था। तब से इंतजार में आंखे पथरा गईं इसे ढूंढते-ढूंढते। मगर इस बार के कुंभ में ऐसा नहीं है। संगम में स्नान के लिए प्रयागराज पहुंचने वाले कुंभ यात्रियों की संख्या सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए करोड़ों में पहुंच गई है। एक करोड़ लोग अमूमन हर रोज स्नान करने पहुंच रहे हैं, लेकिन अपनों से बिछड़ने वालों का आंकड़ा हर बार की तुलना में न के बराबर है। रोजाना बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं अपने परिवारों से बिछुड़ भी रहे हैं, लेकिन उनके इंतजार में अब आंखें पथराने की नौबत नहीं आती, बल्कि घंटे दो घंटे अथवा शाम तक सभी को दोबारा मिल जाता है उनका परिवार। पहले सूचना देने का एक ही जरिया होता था, लाउडस्पीकर से उद्घोषणा। कई लोग अपनों को ढूंढते हुए इतनी दूर निकल जाते थे कि लाउड स्पीकर की आवाज ही उन तक नहीं पहुंच पाती थी। मगर डिजिटल तकनीक ने सब कुछ बदल दिया है। इस बार महाकुंभ में बिछड़े लोगों को मिलाने के लिए डिजिटल खोया-पाया केंद्र बनाया है।




### ग्राम प्रधान से संपर्क कर भेजते हैं संदेश

केंद्र के काउंसलर विनय कुमार दुबे के मुताबिक बिछड़कर आने वाले लोग बदहवास स्थिति में यहां पहुंचते हैं। काउंसलिंग कर उन्हें भरोसा दिलाया जाता है कि उसे परिवार से मिलाया जाएगा। इसके बाद केंद्र पर रजिस्ट्रेशन किया जाता है। केंद्र से ग्राम प्रधान से संपर्क कर परिवार को सूचना दी जाती है। माघ पूर्णिमा पर नेपाल से आया एक जोड़ा बिछड़ गया था। युवती भटकते हुए खोया-पाया सेंटर पहुंची। साथ आए युवक का नेपाल के मोबाइल नंबर से संपर्क नहीं हुआ तो फेसबुक मैसेंजर के माध्यम से संदेश भेजकर उनसे संपर्क किया और युवती को अपने साथी से मिलवाया। बनारस की मन्नी देवी भी परिवार से बिछड़ गई थीं, उनके बेटों से संपर्क किया। बेटे आकर मां को ले गए। आगरा की महारानी देवी और पश्चिम बंगाल की माया देवी भी बिछड़कर सेंटर पहुंचीं, उनके परिवार से संपर्क कर उन्हें भी घर वापस भेजने में केंद्र सफल हो चुका है।

### केंद्र में रुकने और भोजन की व्यवस्था

अपनों से बिछड़कर केंद्र पर आने वाले लोगों को वैसे तो कुछ ही घंटों में परिजनों से मिला दिया जाता है लेकिन कुछ ऐसे भी मामले हैं, जिनमें संपर्क कई दिनों बाद भी नहीं हो पाया है। ऐसे लोगों के आश्रय और भोजन की व्यवस्था भी केंद्र पर की गई है। इसके लिए सेंटर पर ही महिला, पुरुष और बच्चों के लिए तीन अलग-अलग आश्रय स्थल बनाए हैं। यहां 48 घंटे तक रुकने की व्यवस्था की जाती है।

### डिजिटल प्लेटफार्म बना सहारा

इस बार बिछड़ों को मिलाने में डिजिटल प्लेटफार्म बहुत बड़ा सहारा बना है। डिजिटल खोया-पाया केंद्रों में अत्याधुनिक एआई आधारित चेहरा पहचान प्रणाली जैसी सुविधाएं हैं। वाट्सऐप, इंस्टाग्राम, फेसबुक मैसेंजर और गूगल मेप के माध्यम से त्वरित परिणाम मिल रहे हैं। मेला क्षेत्र में जगह-जगह एलईडी की व्यवस्था की गई है।

### 18 साल के राजाराम ने किया था शुरू



बिछड़े लोगों को मिलोन का काम प्रयागराज के रहने वाले राजाराम तिवारी ने करीब 79 साल पहले शुरू किया था। वर्ष 1946 में राजाराम की उम्र 18 साल थी। तब माघ मेले में एक बुजुर्ग महिला परिवार से बिछड़ गई थीं। उस दौर में लाउड स्पीकर बहुत सुलभ नहीं था। राजाराम की कोशिश से बुजुर्ग महिला परिवार से मिल सकी थी। इसके बाद राजाराम ने ठान लिया किअब वह मेले में ऐसा शिविर लगाएंगे।

# फिल्म प्रोड्यूसर रिजवी का दावा खतरे में महाकुंभ वाली मोनालिसा

## हीरोइन बनाने ले गए डायरेक्टर की आज तक कोई फिल्म रिलीज नहीं हुई

**जागरण, इंदौर।** महाकुंभ से चर्चा में आई मप्र के महेश्वर की खूबसूरत आंखों वाली मोनालिसा को लेकर फिल्म प्रोड्यूसर जितेंद्र नारायण सिंह उर्फ वसीम रिजवी का दावा चर्चाओं में है। रिजवी ने एक साक्षात्कार में दावा किया कि मोनालिसा को ले जाने वाले डायरेक्टर सनोज मिश्रा की आज तक एक भी फिल्म रिलीज नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि डायरेक्टर मोनालिसा की मासूमियत और उसके भोले-भाले परिजनों का फायदा उठा रहे हैं। मालूम हो कि जितेंद्र नारायण सिंह उर्फ वसीम रिजवी एक फिल्म प्रोड्यूसर हैं। वह मोनालिसा को साथ ले जाने वाले सनोज मिश्रा के साथ में तीन फिल्में बंगाल डायरी, राम की जन्मभूमि और काशी टू कश्मीर बना चुके हैं। हाल ही में वह एक यूट्यूब चैनल पर इंटरव्यू के



लिए पहुंचे थे। यहां उन्होंने दावा किया है कि सनोज मिश्रा की कोई भी फिल्म अभी तक रिलीज नहीं हुई है। वह फिल्म के सेट पर शराब पीकर पहुंचते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सनोज मिश्रा के पास न तो फाइनेंसर है। न ही खुद के पास पैसा है, वो फिल्म बना कैसे रहा है। मणिपुर डायरी कभी नहीं बनेगी, ये सिर्फ उस लड़की की मासूमियत का फायदा उठाकर उसको लेकर चारों तरफ घूम रहा है। फिल्म प्रोड्यूसर ने दावा किया कि हमने बहुत नुकसान उठाया है।

शासकीय स्कूलों की बदहाली पर प्रशासन मौन

# शिक्षा व्यवस्था सुधारने सीएम राइज स्कूलों के नाम पर हो रहा दिखावा : आरोप

**नईगढ़ी, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के शासकीय स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था की हालत बदतर होने के लगातार आरोप लग रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूलों में शिक्षक केवल उपस्थिति दर्ज कराने और वेतन उठाने तक सीमित हैं, जबकि बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह से उपेक्षित है। स्कूलों में बच्चों से पूछताछ करने पर पता चला कि उन्हें बुनियादी गणित तक नहीं आती, पहाड़े याद कराना तो दूर की बात है। जब शिक्षकों से सवाल किया जाता है तो वे हीला-हवाली करने लगते हैं। ऐसी स्थिति सरकार की शिक्षा व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़े करती है।

## शिक्षा व्यवस्था सुधारने अधिकारियों की अनदेखी

स्कूलों में पड़ताल करने पर पता चलता है कि जिले के आला अधिकारी केवल 26 जनवरी और 15 अगस्त को फोटो खिंचवाने स्कूल आते हैं और मध्यान्ह भोजन का स्वाद लेकर चले जाते हैं। क्या कभी उन्होंने यह जानने की कोशिश की कि स्कूल में भोजन की गुणवत्ता कैसी है? क्या बच्चों को हर दिन मीनू के अनुसार खाना मिलता है या नहीं?

## शिक्षकों का दोहरा रवैया

सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षक खुद अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाते हैं। अगर सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था इतनी ही अच्छी होती तो क्या वे अपने बच्चों को वहां पढ़ने नहीं भेजते? शायद शिक्षकों को अच्छे से पता है कि शासकीय शिक्षक बच्चों के विकास में कितना रुचि लेते हैं। शिक्षक केवल खाना पूर्ति करने ही विद्यालय आते हैं यही कारण है कि शासकीय शिक्षक अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाते हैं।

## मुख्यमंत्री, विधायक और प्रशासन की चुप्पी

शासकीय विद्यालयों की व्यवस्था सुधारने में केवल सरकारी खाना पूर्ति की जा रही है। सीएम राइज स्कूल बनाकर शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने की कोशिश की जा रही है जबकि कुछ स्कूलों को सीएम राइज स्कूल बना देने बस से शिक्षा व्यवस्था में सुधार नहीं होगा बल्कि सभी स्कूलों में बुनियादी व्यवस्था सुधारकर ही शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सकता है जिस पर प्रदेश सरकार का ध्यान नहीं है और न ही विधायक गिरीश गौतम इस विषय पर कुछ बोल रहे हैं। ऐसा लगता है कि अगर वे कुछ बोलते हैं, तो उनकी वोट बैंक की राजनीति प्रभावित हो सकती है। उप मुख्यमंत्री और विधायक के पास अगर कोई व्यक्ति सीधा शिकायत लेकर पहुंचता है, तो उसे दबाने का प्रयास किया जाता है ताकि कोई कार्रवाई न हो। इसी कारण मऊगंज जिला प्रशासन भी इनसे भयभीत रहता है कि कहीं उनका ट्रांसफर न कर दिया जाए।



फाइल फोटो

### भ्रष्टाचार के भी लगे आरोप

वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षक लेन-देन में व्यस्त रहते हैं। शिक्षा के नाम पर भ्रष्टाचार चरम पर है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही जारी है। सरकार शिक्षकों को लाखों रुपये वेतन देती है, लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता रसातल में जा रही है।

### आखिर कब तक चलेगा यह खेल?

सरकार को चाहिए कि वह इस शिक्षा व्यवस्था पर सख्त कदम उठाए। गरीब बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कब तक होता रहेगा? शिक्षा के नाम पर हो रहे इस भ्रष्टाचार को रोकने के लिए क्या सरकार कोई ठोस कदम उठाएगी या यह सिर्फ भाषणों तक सीमित रहेगा?

## भगवान शिव व मां पार्वती विवाह में झूमे श्रद्धालु



**आंचलिक डेस्क।** नई बस्ती पड़रा में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन स्व. केदारप्रसाद त्रिपाठी की पुण्य स्मृति (वर्षी) में गुरुवार से आरंभ किया गया है। जिसमें सोमवार को कथा व्यास आचार्य श्री भोलेशंकरजी महाराज दिल्ली द्वारा भगवान शिव-माता पार्वती विवाह का बखान किया गया। इस दौरान भगवान शिव व माता पार्वती के विवाह के बारे में उपस्थित भक्तों को बखूबी बताया। आयोजन में सुमधुर भजनों पर उपस्थित भक्तजन झूमने पर मजबूर हो गए। श्री शिव महापुराण कथा का श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का जमावड़ा हो रहा है। मंगलवार को गणेश जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

# कृषि उपज मण्डी चाकघाट के व्यापारियों ने खोला मोर्चा

### चोरी गए अनाज को बरामद करने व अव्यवस्थाओं को दुरुस्त करने बैठे धरने पर




**आंचलिक डेस्क।** जिला मुख्यालय से करीब 80 किमी दूर स्थित कृषि उपज मण्डी चाकघाट में विभिन्न अव्यवस्थाओं को लेकर प्रांगण में कार्य करने वाले व्यापारियों ने मोर्चा खोल दिया है और अव्यवस्थाओं के दुरुस्त होने तक अपना कार्य बंद कर धरने पर बैठ गए हैं। व्यापारियों की मानें तो हाल ही में लाखों रुपए कीमती अनाज 36 बोरी सरसों व 16 बोरी गेंहू की खेप मण्डी प्रांगण से चोरी होने का मामला सामने आया है। व्यापारियों का कहना है कि मण्डी प्रांगण से आम रास्ता बना दिए जाने से आए दिन अनाज चोरी हो जाता है। सीसीटीवी कैमरों में लाखों रुपए खर्च किए गए हैं, लेकिन कैमरों में तस्वीरें कैद नहीं हो रहीं। चोरी हुए सरसों व गेंहू की खेप में से पुलिस द्वारा अब तक महज 8 बोरी सरसों बरामद की गयी है। ऐसे ही विभिन्न अनियमितताओं को लेकर व्यापारी धरने पर बैठे हैं। बताया गया है कि रविवार से ही मण्डी के सभी व्यापारी कार्य बंद कर लंबे समय से व्याप्त समस्याओं व अव्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की मांग पर अड़े हैं। साथ ही चोरी गए सरसों व गेंहू के पूरे खेप बरामद करने की मांग की है। मण्डी में क्रय कार्य बंद होने से बड़ी संख्या में किसान इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं।

# बोल बम कांवरिया संघ की शिव बारात तैयारी बैठक संपन्न



**हनुमना, नि.प्र.।** हनुमना नगर में महाशिवरात्रि पर्व तथा शिव बारात की तैयारी बैठक बोल बम कांवरिया संघ द्वारा आयोजित की गई। बैठक में महोत्सव की तैयारी के लिए विचार विमर्श किया गया। बता दें कि यह आयोजन 26 फरवरी को होगा। बोल बम कांवरिया संघ द्वारा हुई जिसमें मुख्य रूप से प्रयाग दास गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, तारकेश्वर गुप्ता, रितेश गुप्ता राम लाइट हाउस, रेवती रमन गुप्ता, मनीष गुप्ता, अजय गुप्ता, गोलू गुप्ता, संजय गुप्ता, राम जी बहेलिया, आलोक गुप्ता, भोला सेन, रोहित गुप्ता, बल्लू मिस्त्री आदि कमेटी के भक्त उपस्थित रहे।


## साइकिल से प्रयागराज की यात्रा करने वाला छात्र सम्मानित



**मऊगंज ब्यूरो।** साइकिल से प्रयागराज की यात्रा करने वाले देवरा खटखरी जिला मऊगंज के निवासी सौरभ गिरी पिता सत्येंद्र गिरी जो साइकिल यात्रा द्वारा प्रयागराज महाकुंभ में स्नान किया तथा गंगा मां के दर्शन करने के पश्चात साधु संतों का आशीर्वाद लिया और वहां से वापस साइकिल की यात्रा द्वारा प्रयागराज महाकुंभ से वापस पहुंचे। इस बीच सौरभ गिरी ने कुल लगभग 300 कम की यात्रा जिन्हें फोर्स फिजिकल एकेडमी खटखरी के संचालक शिवम् गुप्ता द्वारा सम्मान प्रदान किया किया गया।

# सेवानिवृत्त पीसीओ ने पेंशन दिलाये जाने की लगाई गुहार

### सेवानिवृत्त के 6 माह बाद भी पेंशन के लिए भटक रहे पीसीओ



**जवा ब्यूरो।** जनपद पंचायत जवा में पदस्थ सेवानिवृत्त पीसीओ तुलसीदास तिवारी को सेवा निवृत्त के 6 माह बीतने के बावजूद पेंशन जीवन निर्वाह एवं उपार्जित अवकाश ग्रेजुअटी चतुर्थ समय मान का लाभ लंबित डीए एरीयर्श सहित किसी भी तरह के स्वामित्वो का भी भुगतान न होने से सेवा निवृत्त पीसीओ को भारी आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है व पेंशन हेतु दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर हैं उसके बावजूद सीईओ जनपद पंचायत जवा एवं जिला कोषालय रीवा के द्वारा किसी भी तरह की कार्रवाई न करना गंभीर जांच का विषय है। जबकि कमिश्नर रीवा संभाग रीवा बीएस जामोद द्वारा समीक्षा बैठक में यह स्पष्ट आदेश दिया गया है कि सेवा निवृत्त कर्मचारियों का पेंशन प्रकरणो का शीघ्रता के साथ निराकरण किया वा ऐसा ना करने वाले कार्यालय प्रमुखों के वेतन वृद्धि तक रोके जाने के निर्देश दिए गए हैं उसके बावजूद जनपद पंचायत जवा में कलेक्टर कमिश्नर के आदशो की धज्जियां उड़ाई जा रही है। इस संबंध में सेवा निवृत्त पीसीओ तुलसीदास तिवारी ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे भारी आर्थिक परेशानियों से सामना करना पड़ रहा है व मेरे पास दवाई एवं बच्चों के फीस जमा करने तक के लिए पैसे नहीं हैं उसके बावजूद मेरा पेंशन प्रकरण स्वीकृत नहीं किया जा रहा है। मैं लाखों रुपए देने के लिए कहां पाऊ मैं तो खुद दाने दाने को मोहताज हूं। पीड़ित पीसीओ ने जिला कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल का ध्यानाकर्षण कराकर शीघ्र जीविकोपार्जन हेतु पेंशन स्वीकृत कराये जाने की गुहार लगाई है।

## छोटेलाल केसरवानी का निधन



**चाकघाट, नि.प्र.।** नगर परिषद चाकघाट के चंदपुर रोड निवासी चाकघाट ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष संजय केसरवानी (याना मोटर्स) के पूज्य पिताजी छोटेलाल केसरवानी का विगत 16 फरवरी 2025 को शाम करीब 6 बजे हृदय गति रुक जाने के कारण उनका निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि चाकघाट के तमसा नदी के तट पर वैदिक रीति- रिवाज के अनुसार किया गया और श्री केसरवानी के शव यात्रा में नगर के अनेकों गणमान्य व उनके रिश्तेदार सम्मिलित होकर उन्हें अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें अंतिम विदाई दी और परमात्मा से प्रार्थना किया है कि उनके परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।


# नाली निर्माण पर शांति कांस्ट्रक्शन की भारी अनियमितताएं : आरोप

### नाली का किया जा रहा गुणवत्ताहीन एवं मंद गति से निर्माण



**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिला के अंतर्गत हनुमना नगर परिषद द्वारा वार्ड क्रमांक 10 में शांति कंस्ट्रक्शन ठेकेदार द्वारा 2 वर्ष पूर्व से वार्ड क्रमांक 10 चकरा टोला नाली निर्माण कार्य का टेंडर लिया गया है। ठेकेदार पर लोगों ने अरोप लगाया है कि कार्य के दौरान मंद गति से लोगों के कनेक्शन आदि तोड़कर जल प्रदाय प्रभावित किया गया और कहने पर ठेकेदार द्वारा यह कहा गया कि नगर पालिका बनवाएगा। बहुत ही मंद गति से एक दो लेबर लगाकर गुणवत्ता विहीन एस्टीमेट के विपरीत कम गहराई एवं कम चौड़ाई का कार्य महीनों से करने के आरोप स्थानीय लोगों के द्वारा लगाए गए हैं। पूरे मोहल्ले का आवागमन बाधित करते हुए ऐसी नाली बनाई जा रही है जिससे पानी निकलना मुश्किल हो जाएगा। इतने मंद गति से कार्य करने पर मोहल्ले के लोगों एवं पार्षद द्वारा आपत्ति एवं नगर पंचायत में शिकायत की गई तथा ठेकेदार को फोन लगाकर हिदायत भी दी गई। कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से एस्टीमेट के अनुसार करने हेतु निर्देशित करने के बावजूद भी मंद गति से मनमानी पूर्व काम किया जा रहा है। उच्च अधिकारी से आमजनों मोहल्ले वासियों ने मांग किया है कि उक्त ठेकेदार के मनमानी पूर्ण किए जा रहे कार्य के विरुद्ध कार्यवाही की जाए।

## हाटेश्वर नाथ में महाशिवरात्रि पर होगा रामचरित मानस व भंडारा



**हनुमना,नि.प्र.।** पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना ने आयोजन में शामिल होने की अपील हनुमना। कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष खटखरी राजू गुप्ता एवं प्रदीप शर्मा ने बताया कि नगर हनुमना से लगभग 25 किलोमीटर दूर पूर्वी हाटेश्वर नाथ मंदिर में कार्यक्रम के संयोजक पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना के नेतृत्व में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 फरवरी मंगलवार को रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ होगा। मानस समापन के बाद महाशिवरात्रि उत्सव समारोह का कार्यक्रम भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में गांव के साथ-साथ दूर-दूर से भक्तगण भी इस पावन कार्यक्रम में शामिल होंगे। हाटा शिव मंदिर में पूजा अर्चना एवं भक्ति गीत संगीत के साथ नृत्य का भी कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम के आयोजकों द्वारा महाशिवरात्रि उत्सव समिति हाटा ने सभी भक्तगणों से 25 एवं 26 फरवरी को शिवरात्रि महोत्सव एवं भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की गई है।

# रामनरेश तिवारी को दी गई समारोह पूर्वक विदाई



**रायपुर कर्चुलियान, नि.प्र.।** उप डाकघर रायपुर कर्चुलियान अंतर्गत ब्रांच पोस्ट ऑफिस सूरा में पदस्थ रहे रामनरेश तिवारी के सेवानिवृत होने पर उप डाकघर रायपुर कर्चुलियान में विदाई समारोह का कार्यक्रम रखा गया जिसमें उप डाकघर रायपुर कर्चुलियान सहित उप डाकघर अंतर्गत आने वाली सभी ब्रांच ऑफिस के पोस्ट मास्टर सहित सभी कर्मचारियों एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति में विदाई समारोह का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें उपस्थित डाककर्मियों ने सेवानिवृत्त हुए राम नरेश तिवारी ब्रांच पोस्ट ऑफिस सूरा को भावभीनी विदाई दी जिसमें मुख्य रूप सेबृजेंद्र पटेल ,रामदत पटेल एस पी एम रायपुर, बच्चूलाल जायसवाल मेल ओवरशियर, अंबुज सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, नरेंद्र प्रसाद अवस्थी, रमाकांत पाण्डेय, दीपक पटेल, अंकित सिंह, गजेन्द्र सिंह,माया देवी तिवारी, सोनम पाण्डेय ,सोनम गुप्ता, अच्छेलाल बंसल, अमित साहू, आदर्श, नारेंद्र सिंह,राजेंद्र, निधि, शिवांक, सुमित, नितिन,वीरेंद्र,नंदनी पवित्रम, सुभाष, विजय,गौरव आदि सभी कर्मचारी विदाई समारोह में उपास्थित रहे।

# सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक की सभी शिकायतों का निराकरण करें: कलेक्टर

### ई-ऑफिस से जुड़ी जानकारी तथा समग्र आईडी फीडिंग तत्काल अपडेट करने के निर्देश



**आंचलिक डेस्क।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर में प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी जनवरी माह में दर्ज शिकायतों तथा सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों का निराकरण तत्काल कराएं। कार्यालय प्रमुख स्वयं आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए आवेदकों से चर्चा करें। बैठक में गूगल मीट के माध्यम से शामिल तहसीलदारों को निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी तहसीलदार हल्कावार लंबी शिकायतों की सूची बनाकर पटवारियों को दें। पटवारियों के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण कराएं। एसडीएम प्रकरणों के निराकरण की मॉनिटरिंग कर दो दिवस में प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। स्वास्थ्य विभाग में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का संतोषजनक निराकरण नहीं किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी लापरवाही बरतने वाले बीएमओ के विरुद्ध कार्यवाही करें।

## इन विभागों की हैं ज्यादा शिकायतें

कलेक्टर ने कहा कि पीएचई विभाग में भी लगातार शिकायतें बढ़ रही हैं। कार्यपालन यंत्री इनका निराकरण करें। ग्रामीण विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, श्रम विभाग, नगरीय विकास, वित्त विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी भी सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने तहसीलदारों को निर्देश देते हुए कहा कि किसान सम्मान निधि से जुड़ी शिकायतें प्राथमिकता से निराकृत करें। फार्मर रजिस्ट्री में सभी तहसीलों में अच्छा कार्य हुआ है। इसकी लगातार मॉनिटरिंग करके लक्ष्यों क अनुसार फार्मर रजिस्ट्री कराएं। सभी तहसीलदार पटवारियों के माध्यम से तय समय सीमा तक फसल गिरदावरी अनिवार्य रूप से करा दें। वक्फ सम्पत्तियों की जानकारी ऑनलाइन दर्ज करने एवं सत्यापन पर भी विशेष ध्यान दें। सभी अधिकारी ई-ऑफिस के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों के ईमेल नम्बर दो दिवस में अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें। पीएम अवार्ड से संबंधित सभी विभाग अद्यतन जानकारी दो दिवस में आनलाइन दर्ज करा दें। सभी अधिकारी अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों के इम्पलाई आईडी में समग्र डाटा दर्ज करा दें। समग्र डाटा दर्ज न होने पर इस माह का वेतन प्राप्त नहीं होगा। बैठक में कलेक्टर ने युवाशक्ति मिशन, प्रधानमंत्री सूर्यघर बिजली योजना तथा गेंहू उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्यों से जुड़े विभागों के अधिकारी निर्माण एजेंसियों से एक सप्ताह में खनिज रायल्टी की लंबित राशि का शत-प्रतिशत भुगतान कराएं। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, सभी एसडीएम तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




# लगातार दूसरे दिन निरस्त रही शटल एक्सप्रेस ट्रेन

### सवा 7 घंटे की देरी से रीवा स्टेशन पर पहुँची आनंद विहार ट्रेन

**जागरण, रीवा।** रीवा से जबलपुर के बीच चलने वाली शटल एक्सप्रेस ट्रेन लगातार दूसरे दिन सोमवार को भी रद्द रही। इस तरह ट्रेन के रद्द होने से जबलपुर जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। विशेषकर जो यात्री इलाज और व्यापार के लिए जबलपुर की यात्रा करते हैं, उन्हें दिक्कत महसूस हुई। रेल प्रशासन पूरे समय स्टेशन परिसर में व्यवस्था बनाने कसरत करता रहा। अब मंगलवार से शटल ट्रेन के नियमित संचालन की बात स्टेशन प्रबंधन द्वारा कही जा रही है।

गौरतलब है कि प्रयागराज महाकुम्भ के चलते इन दिनों स्टेशन में यात्रियों की बेहद भीड़ उमड़ रही है। बीते दिवस भी ऐसी ही भीड़ बढ़ने के कारण रेल प्रशासन ने रीवा से चलने वाली शटल ट्रेन को निरस्त कर दिया था। साथ में इतवारी और आनंद विहार ट्रेन भी गत दिवस निरस्त रहीं। हालाकि सोमवार को आनंद विहार ट्रेन की रवानगी समय पर हुई। जबकि दिल्ली से आने वाली आनंद विहार ट्रेन सोमवार को सवा 7 घंटे की देरी से रीवा पहुँची। चूंकि वाया प्रयागराज होकर चलने वाली सभी यात्री ट्रेन में भारी भीड़ उमड़ रही है, जिसके चलते इस मार्ग की सभी यात्री ट्रेन देर से चल रही हैं। इसी तरह आनंद विहार ट्रेन का संचालन भी प्रभावित हो रहा है। बताते हैं कि अभी करीब दस दिन रीवा आने वाली यात्री ट्रेन में इस तरह की परेशानी यात्रियों को हो सकती है। आगामी 27 फरवरी के बाद से यात्री गाड़ियों में बढ़ने वाली इस भीड़ पर कुछ अंकुश लग सकता है।

# जिला विकास संघर्ष परिषद् ने किया सुंदर कांड पाठ का आयोजन

### समापन अवसर पर आयोजित होंगे धार्मिक अनुष्ठान सहित भण्डारे




**मऊगंज ब्यूरो।** जिला विकास संघर्ष परिषद् मऊगंज द्वारा विगत दिवस शिवधाम मंदिर देवतालाब में श्री रामचरित मानस के सुंदर कांड के गायन पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिवजी की पूजा अर्चना से प्रारंभ हुआ।

शैलेन्द्र लालजी मिश्रा, जनार्दन प्रसाद पाण्डेय, शैलेन्द्र मिश्रा मझिगवां, रावेन्द्र मिश्रा व रावेन्द्र दुबे सहित अन्य कलाकारों ने मधुर वाणी में गायान प्रस्तुत किया। तदुपरांत शिवमंदिर प्रांगण में ही बसंत उत्सव मनाते हुये फगुआ के कलाकारों ने जोशीले अंदाज में फगुआ का भी गायन किया जिसमें अधिवक्ता उमेश मिश्रा, अधिवक्ता महेन्द्र मिश्रा, रावेन्द्र दुबे की भूमिका महत्वपूर्ण रही। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में भण्डारे के रूप में आये हुये अतिथियों को भोजन-प्रसाद कराया गया। कार्यक्रम के आयोजक परिषद् के संयोजक अधिवक्त संतोष मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुये उनकी भागीदारी से आयोजन को गरिमा प्रदान करने के लिये सभी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया।

**इनका रहा सहयोग :** कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कार्यक्रम के संयोजक पूर्व जिला पंचायत सदस्य दीपेश बढ़ौलिया, इंजीनियर अरूण मिश्रा, रवीकांत पाण्डेय पकरा, पूर्व जनपद अध्यक्ष मऊगंज व वरिष्ठ अधिवक्ता रीवा/मऊगंज बृजेन्द्र शुक्ला, समाजसेवी पं. केशव प्रसाद मिश्र, मऊगंज के साहित्यकार रामनिश्चय मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता देवन्द्र मिश्रा डिघौल, डॉ. प्रमोद कुमार गुप्ता, समाजसेवी कृष्णमुरारी गुप्ता हनुमना, हनुमना नगर परिषद् सी.एम.ओ. अरूण कुमार त्यागी, इंजीनियर अरूण मिश्रा, प्रोग्रेसिव पेंशनर एशोसिएशन के महासचिव वाई.एन. द्विवेदी, समाजसेवी पन्नालाल शुक्ला मढ़ा, पूर्व शिक्षक अखिलेष श्रीवास्तव राजू, पूर्व सरपंच पारसनाथ शुक्ला देवीपुर व पूर्व सरपंच शुभाष मिश्रा मझिगवां, अधिवक्ता सुखलाल साहू, प्रकाश मिश्रा मऊगंज, अधिवक्ता राजेश पाण्डेय करह, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीनिवास त्रिपाठी मऊगंज, संतोष अवधिया बबलू सोनी, शशि कुमार शर्मा सुन्नू, अधिवक्ता रघुनंदन मिश्रा, प्रदीप मिश्रा पटेहरा, विद्याधर मिश्रा पैपखार, प्रकाश शुक्ला, अशोक पाण्डेय मऊगंज, अधिवक्ता संघ मऊगंज के उपाध्यक्ष कृष्णेन्द्र तिवारी, कोषाध्यक्ष भाष्कर द्विवेदी, विनोद द्विवेदी, संगीता श्रीवास्तव, राजू सोधिया, अधिवक्ता भोलेन्द्र पाण्डेय, अनिल कुमार गुप्ता, डॉ. अनिल मिश्रा पप्पू देवतालाब, रामस्वरूप कुशवाहा चौका सोनवर्षा, पूर्व विटनरी सहायक नारायण प्रसाद वर्मा, यज्ञसेन विश्वकर्मा, विवेक शुक्ला राजू ढेरा, बबलू सोनी गढ़, आशुतोष मिश्रा घुरेहटा, सहित कई सामाजिक सदस्यों की भागीदारी प्रमुख रूप से आयोजन में रही। मीडिया जगत से राजेन्द्र पयासी नईगढ़ी, विजय जायसवाल मऊगंज, नसीम खान नईगढ़ी की भागीदारी भी उल्लेखनीय थी।

# चैंपियंस ट्रॉफी : स्पिन खेमा हो सकता है भारत का तुरुप का इक्का

**जेएनएन, नई दिल्ली**

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज पाकिस्तान की मेजबानी में 19 फरवरी से होने जा रह है। यह टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल पर खेला जाएगा, जिसमें भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा, जबकि अन्य टीमें अपने मुकाबले पाकिस्तान में खेलेंगी। पिछली बार यह टूर्नामेंट 2017 में इंग्लैंड में खेला गया था, तब पाकिस्तान ने भारत को हराकर यह खिताब जीता था। इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम ने दुबई के खूबसूरत आईसीसी अकादमी अभ्यास मैदान पर अभ्यास शुरू कर दिया है। भारतीय टीम को 2023 विश्व कप में हार का सामना करना पड़ा, हालांकि, यह टीम इस चैंपियंस ट्रॉफी को जीतकर उस दुर्भाग्यपूर्ण फाइनल में हार की भरपाई करने के लिए अहम हो सकती है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी भारत को बुरी तरह खलेगी, लेकिन बल्लेबाजी और स्पिन गेंदबाजी के दम पर भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान के साथ चैंपियंस ट्रॉफी में प्रबल दावेदारों में से एक होगी। बुमराह के बिना बाकी बची टीम ऐसी है, जैसे 1986 में डिएगो माराडोना के बिना या 2022 में लियोन मेसी के बिना अर्जेंटीना थी। मोहम्मद शमी यहां पर होंगे, लेकिन उनको अभी भी प्रदर्शन दिखाना बाकी है। वह चोट से वापसी के बाद से कुछ एक ही अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। यह उनकी गति और तीक्षणता ही थी, जिसकी वजह से विश्व कप में उन्हें खेलना लगभग नामुमकिन था। इसका मतलब है कि भारत स्पिनरों के बलबूते मैच जीतने की कोशिश कर सकता है, जो सौभाग्य से दुबई में उनकी रणनीति का भी हिस्सा रहेगा, क्योंकि उनके सभी मैच दुबई में ही होंगे, जहां स्पिनर एक अहम रोल अदा कर सकते हैं। जब भी मुमकिन हो वे तीन स्पिनरों को खिला सकते हैं, जिससे उनकी बल्लेबाजी को भी गहराई मिलेगी। दुबई जाने वाली टीम में पांच स्पिनर रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती होंगे।

## ट्रॉफी से पहले रोहित और विराट फॉर्म में

बल्लेबाजी में भी कमोबेश का नियम लागू होता है। भारत के पास लाइनअप में बेहतरीन खिलाड़ी मौजूद हैं, लेकिन डेढ़ साल पहले जैसे वे खेले थे, उसमें निरंतरता की कमी दिखाई दी है। ऐसा इस वजह से भी, क्योंकि वे वनडे विश्व कप के बाद से बहुत कम वनडे खेले हैं। दो सबसे बड़े नामों ने हाल ही में कठिन समय का सामना किया है, लेकिन भारत को राहत मिलेगी कि रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई तीन मैचों की सीरीज के दौरान दिखाया है कि वे अभी भी 2023 के अपने वनडे के समान स्तर पर हो सकते हैं।

## हार्दिक टीम संयोजन



हार्दिक पंड्या भारत का टीम संयोजन बनाते हैं और इसी वजह से वह टूर्नामेंट के प्रमुख खिलाड़ियों में से एक हैं। वह नंबर छह पर बल्लेबाजी करते हैं और जब वह पूरी तरह से फिट होते हैं, तो तीसरे तेज गेंदबाज की भूमिका बखूबी निभाते हैं। हालांकि उनका चोटों का इतिहास रहा है, 2023 विश्व कप में चोट की वजह से उनके बाहर हो जाने से भारत के संतुलन पर असर पड़ा था। अगर हार्दिक फिट हैं, तो भारत या तो तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतर सकता है या उम्मीद के मुताबिक तीन स्पिनरों के साथ।

■ स्पिन विकल्पों में अक्षर पटेल एक अहम खिलाड़ी हैं। दुबई में पिच पर गेंद स्किड करेगी, बाउंस नीचा रहेगा और बाएं हाथ के स्पिनर यहां पर असरदार हो सकते हैं। वहीं उनका बल्लेबाजी कौशल और भी महत्वपूर्ण है, खासतौर से स्पिन के खिलाफ। भारत दाएं हाथ के बल्लेबाजों का समर्थन देने के लिए उनको फ्लोटर के तौर पर भी इस्तेमाल करते आया है।

## 23 को महामुकाबला, भारत बनाम पाकिस्तान

भारत को चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप-ए में रखा गया है। 23 फरवरी को पाकिस्तान के साथ अहम मुकाबले से पहले उनको 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलना है। उनका आखिरी लीग मुकाबला दो मार्च को न्यूजीलैंड से होगा। उनके सभी ग्रुप मैच दुबई में होंगे और अगर भारत सेमीफाइनल और फाइनल में पहुंचता है, तो ये मैच भी दुबई में ही होंगे।

**58** वनडे मैच खेले गए हैं दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में और इनमें से 22 बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीत हासिल की है।

**2023** की शुरुआत से भारत का जीत-हार का अनुपात वनडे में 3.333 का है। चैंपियंस ट्रॉफी में भाग ले रही अन्य सभी टीमों का अनुपात 2 से नीचे का है।

**10** पिछले वनडे इंटरनैशनल मैच जो दुबई इंटरनैशनल स्टेडियम में खेले गए उनमें से छह में बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीत हासिल की।

**कुलदीप यादव :** कुलदीप दुबई में सर्वाधिक विकेट लेने वाले भारतीय हैं। उन्होंने यहां 6 वनडे मैचों में 23.70 की औसत से 10 विकेट लिए हैं। इस बीच उनकी इकॉनमी रेट 4.08 की रही है। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 45 रन देकर 3 विकेट लेना रहा है। कुल मिलाकर वनडे क्रिकेट में कुलदीप ने 108 मैचों में 26.22 की औसत से 174 विकेट लिए हैं।



**रविंद्र जडेजा :** दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रविंद्र जडेजा का रिकॉर्ड अच्छा है। उन्होंने यहां 4 मैचों में 22.28 की औसत से 7 विकेट लिए हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ पिछली घरेलू वनडे सीरीज में अच्छी लय में दिखे थे और अपनी लय को बरकरार रखना चाहेंगे। जडेजा चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 25.18 की औसत से 16 विकेट अपने नाम किए थे।



**वरुण चक्रवर्ती :** मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 और वनडे सीरीज में किए गए शानदार प्रदर्शन के कारण टीम में रखा गया है। वह लेग स्पिन गेंदबाज़ी करते हैं। वरुण ने भारत के लिए एकमात्र वनडे में एक विकेट हासिल किया है। वहीं 18 टी-20 में वह 33 विकेट हासिल कर चुके हैं।



**अक्षर पटेल :** 30 साल के अक्षर पटेल काफी किफायती गेंदबाज हैं। वह काफी कंजूसी से रन देते हैं और विकेट भी लेते हैं। उन्होंने भारत के लिए 2014 से अब तक 63 वनडे खेले हैं और 4.50 की इकॉनमी से गेंदबाजी करते हुए 67 विकेट झटके हैं। वह चैंपियंस ट्रॉफी में अपना जादू बिखेर सकते हैं। अक्षर गजब के बल्लेबाज भी हैं। उन्होंने 63 वनडे में 674 रन बनाए हैं।




**वाशिंगटन सुंदर :** 25 वर्षीय यह ऑलराउंडर खिलाड़ी भारत के लिए दुबई में अहम भूमिका निभा सकता है। सुंदर ने भारत के लिए 23 वनडे में 24 विकेट हासिल किए है। 30 रन देकर 3 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। वे बल्लेबाजी में भी कमा दिखा सकते हैं।



### भारतीय टीम की हालिया वनडे फॉर्म

ऑस्ट्रेलिया से विश्व कप फाइनल हारने के बाद से भारत ने तीन वनडे सीरीज खेली हैं। उन्होंने दिसंबर 2023 में दक्षिण अफ्रीका को 2-1 से हराया, उसके बाद अगस्त 2024 में पूरी मुख्य टीम के साथ खेलने के बावजूद श्रीलंका से 0-2 से सीरीज हारी। इसके बाद कुछ ही सप्ताह पहले इंग्लैंड के खिलाफ घर में 3-0 से सीरीज जीती।

---

**मैदान से हटकर**

## पूर्व क्रिकेटर जहीर खान ने मुंबई में खरीदा आलीशान अपार्टमेंट



पूर्व भारतीय क्रिकेटर जहीर खान ने अपनी पत्नी सागरिका घाटगे और उनके भाई शिवजीत घाटगे के साथ मुंबई में 2,600 वर्ग फुट का एक लक्जरी अपार्टमेंट खरीदा है। 'मायानगरी मुंबई' के लोअर परेल इस आलीशान अपार्टमेंट की कीमत 11 करोड़ रुपए है। रियल एस्टेट सलाहकार स्क्वायर यार्ड्स ने बयान में कहा कि उसने संपत्ति पंजीकरण दस्तावेजों की समीक्षा की है। यह लेनदेन फरवरी 2025 में रजिस्टर्ड किया गया। बयान के अनुसार, यह संपत्ति इंडियाबुल्स स्काई में स्थित है, जिसे इक्विनॉक्स इंडिया डेवलपमेंट लिमिटेड द्वारा डेवलप किया गया है। अपार्टमेंट का कारपेट एरिया 2,158 वर्ग फुट और निर्मित क्षेत्रफल 2,590 वर्ग फुट है। इसमें तीन कार पार्किंग स्थल हैं। इस सौदे में 66 लाख रुपए का स्टाम्प शुल्क भुगतान और 30,000 रुपये का पंजीकरण शुल्क शामिल है। रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (रेरा) के अनुसार, इंडियाबुल्स स्काई तीन एकड़ में फैली 'रेडी-टू-मूव-इन' आवासीय परियोजना है। (जेएनएन)



# मालेवार-शौरी के अर्धशतकों की बदौलत विदर्भ गत चैंपियन मुंबई के खिलाफ अच्छी स्थिति में

**रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल**

**जेएनएन, नागपुर**

दानिश मालेवार (79) और सलामी बल्लेबाज ध्रुव शोरे (74) के अर्धशतक की बदौलत मेजबान विदर्भ ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के पहले दिन गत चैंपियन मुंबई के खिलाफ पांच विकेट पर 308 रन बना लिए। टेस्ट टीम मे जगह बनाने का दावा फिर पुख्ता करने वाले करुण नायर ने 45 रन बनाए। वह शिवम दुबे की गेंद पर विकेट के पीछे लपके जाने के फैसले से खुश नहीं थे, हालांकि उन्होंने डीआरएस लिया। दो बार की चैंपियन टीम के लिए बड़ी साझेदारियां नहीं बन सकी, लेकिन पहले दिन 88 ओवर में 300 रन का आंकड़ा पार कर लिया। मुंबई ने 13 नोबॉल डाली। बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने 18 ओवर में 44 रन देकर दो विकेट लिए। दुबे ने नौ ओवर में 35 रन देकर दो विकेट चटकाए और उनमें से एक में सूर्यकुमार यादव ने स्लिप में डाइव लगाकर शानदार कैच लपका। मुंबई को और सफलताएं नहीं मिल सकी, क्योंकि नई गेंद संभालने वाले शार्दुल ठाकुर और मोहित अवस्थी विकेट लेने में नाकाम रहे। ठाकुर ने 14 ओवर में 57 और मोहित ने 61 रन दिए। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर यश राठौड़ 47 और कप्तान अक्षय वाडकर 13 रन बनाकर खेल रहे थे।



दानिश मालेवार 79 रन

**केरल बनाम गुजरात**

## सचिन के नाबाद अर्धशतक से केरल की मजबूत शुरुआत

**अहमदाबाद, जेएनएन।** अनुभवी सचिन बेबी के नाबाद अर्धशतक से केरल ने गुजरात के खिलाफ धीमी बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 206 रन बनाए। बाएं हाथ के 36 वर्षीय बल्लेबाज सचिन बेबी ने 193 गेंद में आठ चौकों की मदद से नाबाद 69 रन बनाए, जिससे केरल ने पहली बार फाइनल में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखी। कप्तान सचिन बेबी को मोहम्मद अजहरूद्दीन के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला, जो 66 गेंद में तीन चौकों की मदद से 30 रन बनाकर खेल रहे हैं। दोनों पांचवें विकेट के लिए 49 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं। अजहरूद्दीन को चिंतन गजा की दिन की अंतिम गेंद पर मैदानी अंपायर ने पगबाधा आउट दे दिया था, लेकिन डीआरएस लेने पर फैसला उनके पक्ष में आया। गुजरात ने सात गेंदबाजों को आजमाया, लेकिन सफलता अर्जन नागवासवाला (39 रन पर एक विकेट), प्रियजीत सिंह जडेजा (33 रन पर एक विकेट) और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई (33 रन पर एक विकेट) को ही मिली। केरल की टीम जब दूसरे दिन अपनी स्थिति मजबूत करने के इरादे से उतरेगी तो सचिन बेबी की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। दूसरी तरफ मेजबान गुजरात की टीम 2016-17 सत्र में खिताबी की जीत के बाद पहली बार फाइनल में जगह बनाने के इरादे से उतरेगी। सचिन बेबी ने 28वां प्रथम श्रेणी अर्धशतक जड़ा।

**डब्ल्यूपीएल : बेंगलुरु ने दिल्ली को 8 विकेट से हराया**

## मंधाना के तूफानी अर्धशतक से आरसीबी की लगातार दूसरी जीत

**जेएनएन, वडोदरा**

गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने महिला प्रीमियर लीग में सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर दो मैच में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। दिल्ली के 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने कप्तान स्मृति मंधाना की 47 गेंद में 10 चौकों और तीन छक्कों से 81 रन की पारी और डेनी व्याट हॉज (42 रन, 33 गेंद, सात चौके) के साथ उनकी पहले विकेट की 107 रन की साझेदारी की बदौलत 16.2 ओवर में दो विकेट पर 146 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। दिल्ली की टीम इससे पहले तेज गेंदबाज रेणुका सिंह (23 रन पर तीन विकेट), लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहैम (25 रन पर तीन विकेट), किम गार्थ (19 रन पर दो विकेट) और एकता बिष्ट (35 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने 19.3 ओवर में 141 रन पर ढेर हो गई। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से जेमिमा रोड्रिग्स ने सर्वाधिक 34 रन बनाए, जबकि उनके अलावा सिर्फ सारा ब्राइस (23) ही 20 रन के आंकड़े को छू पाईं।




■ मंधाना ने 27 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। यह उनका डब्ल्यूपीएल में सबसे तेज अर्धशतक है।

### गुजरात पर जीत दर्ज करने उतरेगी मुंबई

गुजरात जाएंट्स को मुंबई इंडियंस के खिलाफ डब्ल्यूपीएल में मंगलवार को अपने शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी, जबकि कठिन पहले मुकाबले के बाद मुंबई की टीम लय हासिल करना चाहेगी। पिछले दो सत्रों में आखिरी स्थान पर रही गुजरात के लिए पहले दो मैचों में ऑस्ट्रेलियाई हरफनमौला एशले गार्डनर ने उम्दा प्रदर्शन किया। बेथ मूनी ने भी अर्धशतक जमाया, लेकिन उनकी सलामी जोड़ीदार लौरा वोल्वार्ट नहीं चल सकी हैं। जाएंट्स ने पहले मैच में 201 रन बनाए, लेकिन इसके बावजूद हार गई। भारतीय बल्लेबाजों खासकर तीसरे नंबर पर उतरने वाली डी हेमलता पर दबाव बढ़ गया है।

**खेल एक नजर**

## दुबई चैंपियनशिप : पूर्व चैंपियन स्वितोलिना पहले दौर में जीती

**दुबई, जेएनएन।** दो बार की पूर्व चैम्पियन एलिना स्वितोलिना ने पिछली उपविजेता रूस की अन्ना कालिंस्काया को दुबई चैम्पियनशिप के पहले दौर में 6-1, 6-2 से हरा दिया। पिछले साल कालिंस्काया क्वालिफाइंग दौर के जरिये पहुंची थी और लगातार तीन शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ियों को हराया था, जिसमें नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक शामिल है। इस बार हालांकि वह यूक्रेन की स्वितोलिना के सामने टिक नहीं सकी। अब स्वितोलिना का सामना रेबेगा स्रामकोवा या क्लारा टाउन से होगा। पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडूकानू ने मारिया सक्कारी को 6-4, 6-2 से मात दी। अब वह 14वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा से खेलेगी।



## विलियमसन मिडिलसेक्स से जुड़े द हंड्रेड में लंदन स्पिरिट के कप्तान

**लंदन, जेएनएन।** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने टी-20 ब्लास्ट और काउंटी चैंपियनशिप में खेलने के लिए मिडिलसेक्स क्रिकेट के साथ दो साल का अनुबंध किया है, जबकि वह इस साल द हंड्रेड में लंदन स्पिरिट की कप्तानी भी करेंगे। आधुनिक समय के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक माने जाने वाले विलियमसन इससे पहले ग्लूसेस्टरशर (2011-2012) और यॉर्कशर (2013-2018) के लिए खेल चुके हैं। वह सत्र के दूसरे भाग में मिडिलसेक्स के 14 टी-20 ब्लास्ट ग्रुप मुकाबलों में से कम से कम 10 और कम से कम पांच काउंटी चैंपियनशिप मुकाबलों के लिए उपलब्ध रहेंगे। टेस्ट क्रिकेट में न्यूजीलैंड के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले विलियमसन ने कहा, मैंने अतीत में थोड़ा काउंटी क्रिकेट खेला है, लेकिन पिछले कई वर्षों से नहीं खेला है इसलिए जब मिडिलसेक्स के साथ यह अवसर आया तो यह वास्तव में रोमांचक संभावना थी।



## मनु को बीबीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ भारतीय महिला खिलाड़ी का पुरस्कार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** स्टार भारतीय पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर को पेरिस ओलंपिक में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सोमवार को बीबीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ भारतीय महिला खिलाड़ी चुना गया। मनु इस पुरस्कार के लिए नामित पांच लोगों में शामिल थीं। गोल्फर अदिति अशोक, पैरा निशानेबाज अवनी लेखरा, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना और पहलवान विनेश फोगाट को भी उनके असाधारण योगदान के लिए नामित किया गया था। भारत में महिला खिलाड़ियों की उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए दिए जाने वाले इस पुरस्कार का यह पांचवां सत्र है। 22 वर्षीय मनु को पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने के लिए यह पुरस्कार मिला। वह स्वतंत्रता के बाद से एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा के साथ-साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया था। अन्य पुरस्कार विजेताओं में पैरा तीरंदाज शीतल देवी (बीबीसी की साल की उभरती हुई खिलाड़ी), भारत की पूर्व महिला क्रिकेट कप्तान मिताली राज (बीबीसी लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार) और पैरा निशानेबाज अवनी (बीबीसी साल की सर्वश्रेष्ठ महिला पैरा खिलाड़ी) शामिल रहीं। शतरंज खिलाड़ी तानिया सचदेव को बीबीसी चेंजमेकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## डब्ल्यूपीएल: एलईडी गिल्लियों में कमी के कारण बदला नियम

### गिल्लियों के पूरी तरह स्टंप से हटने तक देखा जाएगा, पहले लाइट जलने पर दिया जाता था ध्यान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच 15 फरवरी को खेले गए मुकाबले के दौरान रन आउट को लेकर पनपे विवाद के बीच डब्ल्यूपीएल की सभी टीमों को अब यह बता दिया गया है कि जब गिल्लियां पूरी तरह से स्टंप से हट जाएंगी, तभी ही विकेट को ब्रोकन माना जाएगा। रन आउट और स्टंपिंग के लिए फैसला लेते समय अंपायर अब यही देखेंगे की गिल्लियां पूरी तरह से कब स्टंप से हटी हैं। पहले के नियम में जैसे ही लाइट जल जाती थी, गिल्ली को स्टंप से अलग मान लिया जाता था। ईएसपीएन क्रिकेइंफो को पता चला है



कि डब्ल्यूपीएल में जो गिल्लियां इस्तेमाल की जा रही हैं, वो बहुत कम अवरोध पर ही जल जा रही हैं। ऐसा देखा जा रहा है कि दोनों गिल्लियां स्टंप से ऊपर भी नहीं उठीं और लाइट जल गई। क्रिकेट में जब गिल्लियां पूरी तरह से अपने स्थान से उठ जाती हैं, तभी उन्हें स्टंप से अलग माना जाता है। बीसीसीआई द्विपक्षीय सीरीज के साथ ही घरेलू क्रिकेट में भी एलईडी गिल्लियों का इस्तेमाल करता है। दोनों गिल्लियों में एक माइक्रोप्रोसेसर होता है, जो यह डिटेक्ट करता है कि कब गिल्ली अपने स्थान से उठी है और इसी समय लाइट जल जाती है। डब्ल्यूपीएल में यह देखने को मिला है कि बिना गिल्ली के पूरी तरह अपना स्थान छोड़े भी लाइट जल जा रही है। इसके बाद ही ये निर्णय लिया गया है कि अब तीसरे अंपायर गिल्ली के पूरी तरह स्टंप से हटने कम समय को ध्यान में रखकर ही अपना फैसला सुनाएंगे।

**सिटी स्पोर्ट्स**

## देश में वॉटर स्पोर्ट्स राजधानी बन रहा भोपाल : सीएम



24वीं अखिल भारतीय पुलिस वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का शुभारंभ

**भोपाल, खेप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 24वीं अखिल भारतीय पुलिस वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है और भोपाल में वॉटर स्पोर्ट्स का अर्धकुंभ आरंभ हो रहा है। पुलिस बल के अनेक जवानों ने विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय और अंतराराष्ट्री स्तर पर अपनी प्रतिभा को साबित करते हुए देश का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झीलों का शहर भोपाल अब देश में वॉटर स्पोर्ट्स की राजधानी बन रहा है। इस आयोजन से वॉटर स्पोर्ट्स के प्रति लोगों का रुझान बढ़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का बड़े तालाब स्थित आयोजन स्थल वॉटर स्पोर्ट्स सेंटर में आगमन पर पुलिस बैंड द्वारा अभिवादन किया गया। इस अवसर पर प्रतियोगिता में सहभागी टीमों को शपथ भी दिलाई गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा द्वारा अखिल भारतीय आयोजन का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन रोइंग 2000 मीटर की हीट और रेपेचेज वर्ग की सिंगल स्कल, डबल स्कल, कॉक्सलेस पेयर और कॉक्सलेस-4 प्रतियोगिता हुईं। रोइंग 2000 मीटर में पुरुष वर्ग के 41 एवं महिला वर्ग के 28 खिलाड़ियों सहित कुल 69 खिलाड़ियों के मध्य हीट्स एवं रेपेचेज के रोमांचक मुकाबले संपन्न किए गए हैं।

### 22 टीमें ले रहीं हिस्सा




प्रतियोगिता में 22 टीमों के 557 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें से 123 महिलाएं हैं। प्रतियोगिता में मेजबान मप्र सहित अंडमान निकोबार, असम, बिहार, चंडीगढ़, जम्मू कश्मीर, केरल, महाराष्ट्र, मणिपुर, ओडीशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, असम राइफल्स, सीमा सुरक्षा बल, सीआरपीएफ, आइटीबीपी और सशस्त्र सीमा बल की टीमें भाग ले रही हैं।

## मलेशिया में एकलव्य ने जीता स्वर्ण पदक



**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश सेलिंग अकादमी के खिलाड़ी एकलव्य बाथम ने 21वीं लंगकावी इंटरनेशनल रेगाटा पेरदाना में स्वर्ण पदक अर्जित किया। मलेशिया के लंगकावी में आयोजित प्रतियोगिता में एकलव्य ने आईएलसीए 4 बॉयज वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। स्पर्धा में मलेशिया के मुहम्मद एडम ऐरेल बिन मोहम्मद अजीजोल अमीरुल ने रजत और इक़बाल नजम बिन मुसमुलियादि ने कांस्य पदक जीता। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के कुल 23 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने एकलव्य बाथम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। मध्यप्रदेश सेलिंग अकादमी के प्रशिक्षकों नरेंद्रसिंह राजपूत से एकलव्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

**रीवा।** राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा 18 फरवरी को भोपाल से रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा रवाना होकर 19 फरवरी को प्रातः 8 बजे रीवा पहुंचेंगे। रीवा सर्किट हाउस में अल्प विश्राम के उपरांत श्री वर्मा प्रातः 9 बजे प्रयागराज रवाना होंगे। प्रयागराज से श्री वर्मा शाम 6 बजे वापस रीवा आयेंगे तथा रेवांचल एक्सप्रेस से भोपाल प्रस्थान करेंगे।

दैनिक जागरण
रीवा, 18 फरवरी 2025 | रीवा शहर | www.dainikjagranmpcg.com



## अधिग्रहीत वाहनों के भुगतान हेतु खातों की मांगी जानकारी

**रीवा।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने निजी वाहन मालिकों से अपेक्षा की है कि अधिग्रहीत वाहनों के किराया भुगतान के लिये बैंक खातों की जानकारी प्रस्तुत करें ताकि विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान अधिग्रहीत वाहनों के किराया का भुगतान कराया जा सके।

## कारों की भिड़ंत में महिला की मौत, कई घायल

**आपस में कई वाहनों की हुई टक्कर, गंगेव के समीप हुई घटना**

**जागरण,रीवा।** प्रयागराज से रीवा आते समय एक तेज रफ्तार कार ने कई वाहनों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई तो कई घायल हो गए। घायलों का उपचार शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र में किया जा रहा है। बताया गया कि अनियंत्रित कार ने एक कार को पीछे से टक्कर मारी और उसके बाद आपस में कई वाहन टकरा गए। जानकारी के मुताबिक प्रयागराज से रीवा की ओर आ रही कार क्रमांक एमपी 19जेडएस7200 ने गंगेव क्षेत्र में लकी ढाबा के समीप पीछे से एक कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार अनियंत्रित हो गई और आगे जा रहे वाहन को उसके द्वारा टक्कर मार दी गई। हालांकि आगे जा रहे वाहन में सवार लोगों को तो चोट नहीं आई लेकिन बीच में रही कार में सवार ममता कुभरे पति राजेन्द्र कुभरे 43 वर्ष निवासी बैतूल की मौत हो गई। इसके साथ ही इसी कार में सवार राजेन्द्र कुभरे उम्र 50 वर्ष सहित महिला की पुत्री मयूरी कुभरे व पुत्र कुलदीप कुभरे को गंभीर चोट आई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लागों की मदद से घायलों को अस्पताल तक पहुंचाया।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311

## बेला तालाब में संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव

**रीवा।** चोरहटा थाना क्षेत्र की बेला चौकी अंर्तगत बेला तालाब के समीप सोमवार को युवक का शव पड़ा मिला। शव पड़े होने की सूचना जैसे ही ग्रामीणों को हुई तो हड़कंप मच गया। इस बात की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपनी कस्टडी में लिया और अस्पताल भिजवाया। जहां उसका पीएम कराकर परिजनों को शव सौंप दिया गया है। मृतक की पहचान प्यारेलाल पिता छोटेलाल उम्र 22 वर्ष निवासी बैजनाथ के रूप में हुई है। फिलहाल युवक की मौत का कारण अज्ञात है। पुलिस को भी पीएम रिपोर्ट का इंतजार है।

**रीवा में बढ़ रहे हैं गिद्ध, पहले दिन ही 400 के पार पहुंची संख्या**


# पिछले साल पहले दिन सिर्फ 266 ही मिले थे, इस साल पहले दिन 420 गिद्ध मिले

**अभी तीन दिन चलेगी गिद्धों की गणना, 2024 में कुल 664 गिद्ध चिन्हित किए गए थे**

**अलग अलग बीट में टीमें लगाई गई हैं, सुबह 7 से 9 बजे तक चली गणना**

जागरण, रीवा

गिद्धों की तीन दिवसीय गणना शुरू हो गई है। सोमवार को पहले दिन की गणना में 420 गिद्ध मिले। अभी दो दिन और गणना चलेगी। इसके बाद ही कुल गिद्धों की संख्या का पता चल पाएगा। हालांकि वन विभाग ने पहले ही दिन पिछले साल के पहले दिन के आंकड़ों से आगे बढ़ गया है। पिछले साल पहले दिन सिर्फ 266 गिद्ध ही मिले थे। ज्ञात हो कि गिद्ध विलुप्त की कगार पर पहुंच गए थे। वन विभाग ने इनके संरक्षण के लिए अभियान चलाया। अब इनकी संख्या धीरे धीरे बढ़ रही है। इस साल तीन दिवसीय गिद्धों की गणना का अभियान चलाया गया। 17 फरवरी से गणना शुरू हुई। इसमें सीसीएफ, डीएफओ, एसडीओ, रेंजर व अन्य संकलनकर्ताओं में वन विभाग के कर्मचारी शामिल हुए। वनप्रेमियों को भी इसमें शामिल किया गया। गिद्धों की गणना में सोमवार से शुरू हुई। पहले दिन 420 गिद्ध मिले हैं। सुबह 7 बजे से 9 बजे तक गणना की गई है।



### इन प्रजातियों के गिद्ध की संख्या अधिक मिली

गणना के दौरान 3 प्रजातियों के गिद्ध सबसे अधिक मिले। इसमें इंडियन लॉन्ग बिल्ड गिद्ध (देशी गिद्ध), काला गिद्ध/सिनेरियस गिद्ध, इजिप्शियन गिद्ध शामिल हैं। डभौरा वन परिक्षेत्र में पहली बार गिद्ध चिन्हांकित किए गए हैं। अतरैला और रीवा वन परिक्षेत्र में गिद्धों की संख्या में शानदार बढ़ोतरी हुई है। सबसे अधिक गिद्ध सेमरिया वन परिक्षेत्र में देखे गए।

### पिछले साल 648 गिद्ध मिले थे

पिछले साल यानि वर्ष 2024 में फरवरी में गिद्धों की गणना की गई थी। तब तीन दिन चले अभियान में कुल 648 गिद्ध मिले थे। इसमें 96 गिद्ध अवयस्क और 552 गिद्ध वयस्क थे। यह आंकड़ा वर्ष 2021 की तुलना में दोगुना थे। इनकी संख्या धीरे धीरे बढ़ रही है। यह सब कुछ वन विभाग के जुटायु संरक्षण अभियान का ही परिणाम है। वन विभाग के कर्मचारियों ने गिद्धों को बचाने के लिए प्रतिबंधित दवाइयों के प्रति जागरुकता अभियान चलाया। इसी वजह से अब यह दोबारा अपनी संख्या बढ़ाने में सफल हो रहे हैं। पहले दिन पिछले साल 266 गिद्ध मिले थे।

### इन क्षेत्रें में की गई गणना


रीवा और मऊगंज के 6 वन परिक्षेत्रों में गणना की गई। इसके अलावा इन परिक्षेत्र के अलग अलग बीटों में टीम तैनात कर गणना की गई। इिसमें सिर्फ बैठे हुए गिद्धों को गिना गया। गिद्धों की उपस्थिति ओवरी उत्तरी, दक्षिणी, खाझा, सोहावल, कुसमानी, पूर्वी मड़वा, बदवार, महाडाड़ी, मेहना, सहिजना, चचाई, राजगढ़, चचाई, सरई, जदुआ, पियावन, पूर्वा उत्तरी, पूर्वा दक्षिणी, बम्हनी, नाउनखुर्द, पश्चिम बिलीघाट, मुनइाई, सलैया, हनुमना शामिल हैं। इन क्षेत्रों में गिद्ध देखे गए हैं।

**बढ़ सकता है गिद्धों की संख्या का आंकड़ा :** रीवा क्षेत्र में गिद्धों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पिछले तीन साल में किए गए गिद्धों की गणना पर नजर डाले तो हर गणना में इनकी संख्या में इजाफा हो रहा है। गिद्ध जो कभी मृत जीवों के आसपास भी नजर नहीं आते थे। अब यह मृत जीवों के आसपास मंडराने भी लगे हैं। इन गिद्धों को प्रकृति का सफाई कर्मी भी कहा जाता है। पिछले साल गुढ़ में मृत वन्यजीवों का भक्षण करते बड़ी संख्या में गिद्धों को देखा गया था। अभी दो दिन और गिद्धों की गणना का काम जारी रहेगा।

## घर के बाहर महिला से लूट बाहर छिपा बैठा था बदमाश

**गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के शिवपुरवा की घटना**

**जागरण,रीवा।** शिवपुरवा गांव में घर से बाहर निकलते ही महिला से लूट का मामला प्रकाश में आया है। यहां रात के अंधेरे में आरोपी घर के बाहर छिपा बैठा रहा, जिस दौरान महिला के बाहर निकलते ही उस पर हमला कर दिया और गले से मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गया। घटना रात तकरीबन 11 बजे गोविंदगढ़ थाना के शिवपुरवा चौकी क्षेत्र में हुई है। जिसकी स्थानीय थाने और चौकी में शिकायत दर्ज न होने पर पीड़ित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा। घटना के संबंध में ग्राम बजरंगपुर निवासी भैयालाल ने जानकारी देते हुए बताया कि रात तकरीबन 11 बजे उनकी पत्नी शांति राज घर से बाहर निकली थी, तभी पड़ोस में रहने वाला सुशील रजक उर्फ इंग्लिश जो पहले से छिपा बैठा था उसने महिला को पीछे से पकड़ लिया। महिला के शोर मचाने पर आरोपी ने मारपीट की और गले से सोने का मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गया। पीड़ित के मुताबिक उसने फोन कर स्थानीय पुलिस चौकी सहित गोविंदगढ़ थाने को सूचना दी लेकिन किसी ने भी उसकी रिपोर्ट नहीं दर्ज की, ऐसे में पीड़ित न्याय की गुहार लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।



**ढाबा संचालक की हत्या से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में डाला डेरा**

# आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद देर शाम शव लेकर गए, पुलिसकर्मी को भी हटाया

**थाना प्रभारी के खिलाफ भी जांच की मांग, पीट-पीट कर की गई थी हत्या**



**जागरण,रीवा।** सतना जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र के बेला चौकी अंर्तगत ग्राम केमार निवासी ढाबा संचालक प्रदीप पटेल की आरोपियों ने पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। जब तक की ढाबा संचालक को अस्पताल लाया जाता, उन्होंने दम तोड़ दिया था। अस्पताल पहुंचने के बाद जैसे ही चिकित्सकों ने मृत घोषित किया तो परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा और उनके द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर रविवार की रात हंगामा शुरू कर दिया। सोमवार की सुबह फिर से परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अस्पताल में अड़े रहे और आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही शव ले जाने की बात कही। जिसके बाद सतना पुलिस प्रशासन एक्टिव हुआ और आरोपियों की धर पकड़ शुरू की गई। आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर धर दबोचा। जिसके बाद परिजन माने और शव लेकर घर वापस लौटे। शव का पीएम कराकर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया और परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार कर दिया गया है। बताया गया कि मामले में परिजनों द्वारा थाना प्रभारी को हटाए जाने व पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की मांग कर रहे थे, जिसमें एक पुलिस कर्मी को निलंबित कर दिया गया है वहीं थाना प्रभारी के खिलाफ भी जांच के आदेश दिए गए हैं।

**6 नाजमद सहित अन्य आरोपी :** बताया गया कि इस मामले में पुलिस ने 6 नामजद सहित अन्य को आरोपी बनाया है, जिसमें अधिकतर आरोपियों की गिरफ्तारी पुलिस ने कर ली है। हालांकि फिलहाल मामले को लेकर पुलिस ने कोई खुलासा नहीं किया है लेकिन पुलिस से कार्यवाही की मांग को लेकर अड़े परिजनों को फिलहाल यही सूचना दी है। बता दें कि ढाबा संचालक प्रदीप पटेल की हत्या जमीनी विवाद को लेकर लाठी-डंडे से बेरहमी से पीट-पीटकर कर दी गई थी।

### ओबीसी महासभा ने की कार्यवाही की मांग

बता दें कि घटना की सूचना मिलने के बाद ही ओबीसी महासभा के पदाधिकारी अस्पताल पहुंच गए और आरोपियों सहित पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की मांग की गई। ओबीसी महासभा के प्रदेश महासचिव पप्पू कनौजिया ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी और पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की मांग की गई थी, जिसमें आरोपियों को गिरफ्तार करने की सूचना पुलिस ने दी है और एक पुलिस कर्मी को निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा थाना प्रभारी के खिलाफ जांच के आदेश दिए गए हैं।

## रंगे हाथ पकड़ाया साइकिल चोर लोगों ने की जमकर पिटाई



**जागरण,रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एक ही स्थान से निरंतर साइकिल की चोरी कर रहे एक युवक को लोगों ने चोरी करते रंगे हाथ पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि पकड़ा गया युवक पहले भी साइकिल चोरी करते सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुका था, जो सोमवार को पकड़ा गया। स्थानीय लोगों ने उसे पुलिस के हवाले किया, जिससे पूछताछ की गई। पकड़े गए आरोपी की पहचान गढ़ निवासी सौरभ नामदेव के रूप में हुई है। दरअसल आरोपी ढेकहा स्थित तान्या लाइब्रेरी के स्टैंड से साइकिलों की निरंतर चोरी कर रहा था, जो पहले भी सीसीटीवी फुटेज में देखा गया था। विगत 20 दिन में उसने तीन साइकिलों को पार किया था। लाइब्रेरी संचालक अनुराग शुक्ला ने बताया कि आरोपी सोमवार को फिर से एक साइकिल लेकर भाग रहा था तभी पीछा करके लोगों ने उसे पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी को सिविल लाइन पुलिस से हवाले किया गया जिससे अब अन्य घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है।

## मैहर एसडीएम की पत्नी सड़क हादसे में घायल

**घंटों जाम में फंसी रही एम्बुलेंस, रीवा के निजी अस्पताल में भर्ती**

**जागरण,रीवा।** तेज रफ्तार एक कार सोमवार को बेला के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया गया कि कार में मैहर एसडीएम विकास सिंह की पत्नी सवार थीं, जो मैहर जा रही थीं, तभी बेला के समीप उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में एसडीएम की पत्नी दीपिका सिंह घायल हुई हैं जिन्हें उपचार के लिए रीवा के निजी अस्पताल लाया गया। वहीं उपचार के लिए अस्पताल लाते वक्त एंबुलेंस काफी देर तक जाम में फंसी रही जिसे किसी तरह जाम से निकालकर अस्पताल तक पहुंचाया गया। जानकारी के मुताबिक मैहर एसडीएम विकास सिंह की पत्नी दीपिका सिंह इनोवा कार से सिंगरौली से चलकर मैहर जा रहीं थीं तभी बेला के समीप उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हालांकि कार में और कौन कौन लोग सवार थे, यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

## नौकरानी बन दम्पति को लगा रही थी चूना

**डेढ़ वर्ष में चोरी किये थे 1 लाख रुपये खरीदे थे आभूषण, महिला गिरफ्तार**

**जागरण,रीवा।** वृद्ध दम्पति के घर में बीते एक वर्ष से हाथ साफ कर रही नौकरानी को पुलिस ने शिकायत के बाद धर दबोचा है। नौकरानी के रूप में घर में काम कर रही महिला लगातार नकदी समेत अन्य सामग्री की चोरी कर रही थी। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किये गये रुपये से खरीदे हुये आभूषण जब्त किये हैं। पुलिस ने पूछताछ के बाद उसे न्यायालय पेश किया है। मामले का खुलासा करते हुये बिछिया थाना प्रभारी मनीषा उपाध्याय ने जानकारी देते हुये बताया कि आशा त्रिपाठी पति वेद प्रकाश त्रिपाठी उम्र 68 वर्ष निवासी 19/24 चौरसिया नर्सिंग होम के सामने थाना बिछिया ने गत 7 फरवरी को थाने पहुंचकर घर के अंदर से लगातार हो रही चोरी के संबंध में शिकायत दर्ज कराते हुये घर की नौकरानी संगीता यादव पति ज्ञानेन्द्र यादव निवासी हरिहरपुर थाना सगरा हाल मुकाम रामकुटी गहरवार हाउस उत्सव सदन मैरिज गार्डेन के पास संजय नगर पर शंका व्यक्त की थी। पीड़ित ने बताया कि पर्स समेत कमरे की आलमारी एवं अन्य स्थानों से सालभर के अंदर करीब 1 लाख रुपये चोरी हुये हैं। पीड़ित द्वारा व्यक्त किये गये शंका पर पुलिस ने आरोपिया संगीता यादव को हिरासत में लेते हुये पूछताछ शुरू की तो पूरा मामला खुलकर सामने आया। नौकरानी के द्वारा लगातार चोरी किये गये रुपयों से आभूषण खरीदे गये थे। आरोपिया की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी के रुपयों से खरीदा गया सोने का मंगलसूत्र और कान के झुमके बरामद किये हैं। इसके अलावा कुछ पैसे खाने पीने में खर्च होना आरोपिया ने बताया है। पुलिस ने आरोपी महिला नौकरानी के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध करते हुये पूछताछ के बाद उसे न्यायालय पेश किया है।

CELEBRATIONS HOTEL & RESORT
आवश्यकता है

| पद | पद संख्या |
|---|---|
| हाउस कीपिंग | 02 |
| फ्रंट ऑफिस (रिसेप्शनिस्ट) | 02 |
| वेटर | 03 |

4 से 5 साल का अनुभव अनिवार्य
शिल्पी प्लाजा रोड के सामने, नरेन्द्र नगर अमहिया, रीवा (म.प्र.) 486001
सम्पर्क करें 7509239272, 7662494099, 9039917199

## कुंभ श्रद्धालुओं की कार ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत



**रीवा।** मऊगंज जिले के शाहपुर में सोमवार को महाकुंभ श्रद्धालुओं की कार की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई तो वहीं महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा सोमवार सुबह शाहपुर थाना क्षेत्र के चौहना गांव के समीप हुआ, फिलहाल घायल महिला को जहां एमपीआरडीसी की एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया तो वहीं शव को पीएम के लिए भेजा गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक अर्जुन साकेत निवासी गेंदुरहट थाना हनुमना सोमवार सुबह पूजा साकेत निवासी तिलिया को बाइक में बिठाकर मऊगंज से हनुमना की ओर जा रहे थे। बाइक सवार जैसे ही चौहना गांव के समीप पहुंचे, तभी कुंभ गंगा स्नान करने जा रही श्रद्धालुओं की कार ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो टक्कर इतनी तेज थी कि अर्जुन साकेत की जहां घटनास्थल पर ही मौत हो गई, वहीं पीछे बैठी महिला पूजा साकेत गंभीर रूप से घायल हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को जब्त कर लिया और शव को पीएम के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

कॉस्मेटिक स्किन एंड प्लास्टिक सर्जरी क्लीनिक
डॉ. सौरभ सक्सेना
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (सर्जरी), MCH (प्लास्टिक सर्जरी)
07662.352194, 9827268788, 9825935433 (एमरजेन्सी नंबर)
फेस रिजुवेनेशन | लेजर ट्रीटमेन्ट
समयः 4:00 PM से 7:30PM सोमवार से शनिवार, रविवार 12 PM- 02:00PM
पता-साक्षी मेडिकोज के बगल में, LIC क्र.-1 के नीचे, सिरमौर चौराहा, रीवा (म.प्र.)

डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें 9174566996, 7771009417, 9302496943
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएं: 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. ईशान गायेल, 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेनू यादव, वेंटिलेटर एवं Bipap, 24x7 मेडिकल स्टोर

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(नि: संतान दंपतियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज | सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ: IUI, IVF, ICSI • फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET) • एग फ्रीजिंग • एंब्रियो फ्रीजिंग • स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा, स्त्री एवं प्रसूति रोग, MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
परामर्श शुल्क 300/-
मो.- 7223850184, 7247097637
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

द हार्ट क्लीनिक
डॉ. शिरीष मिश्रा
M.D. मेडिसिन, .D.N.B. कार्डियोलॉजी, कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट
हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व कंसल्टेन्ट - मैक्स हॉस्पिटल & B.L.कपूर हॉस्पिटल, नई दिल्ली
प्रतिदिन रहेंगे उपलब्ध
स्थान- आराध्या मेडिकल स्टोर, समदड़िया गोल्ड मॉल, शॉप नं. 27 मी एण्ड मोम्स के बगल में, बाल भारती स्कूल के सामने, सिरमौर चौक, रीवा (म.प्र.)
फोन न.- 07662 454917 मोबाइल न.: 9752244218
सभी दवाईयों पर 10% की विशेष छूट
व्यवस्थापक :- राहुल तिवारी निरंजन मेडिकल

कैंसर OPD प्रतिदिन रीवा में
डॉ विनीत कुमार तिवारी (कैंसर सर्जन)
MBBS, MS (सर्जरी)
DrNB सुपरस्पेशलिटी (ऑन्को सर्जरी), FALS (रोबोटिक और मिनिमल एसेस सर्जरी)
पूर्व सर्जन, मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर (MICC) दिल्ली NCR एवं AIIMS भोपाल
विशेषता: मुख कैंसर सर्जरी • स्तन कैंसर सर्जरी • थायोराइड एवं इंडोक्राइन कैंसर सर्जरी • स्त्री रोग कैंसर सर्जरी • प्रोस्टेट एवं यूरोलॉजिक कैंसर सर्जरी • पेट, लीवर एवं पैंक्रियाज कैंसर सर्जरी • मेलोनेमा एवं त्वचा कैंसर सर्जरी • सिर, चेहरा एवं गर्दन कैंसर सर्जरी
कामता मेडिकल, ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) मो.: 9399312433, 9981287311

मिनर्वा द मेडिसिटी
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
विशाल शिविर
नि:शुल्क
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत
17 फरवरी से 19 फरवरी तक
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
मिनर्वा हॉस्पिटल रीवा में सोमवार से बुधवार तक
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)
Toll Free No. 18008892250
Con. No.: 9893516364, 8770288324

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः-** मोबाइल नं रीवा- 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com